

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, बारिश के साथ होती संक्रमण की दस्तक व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

श्रावण कृष्ण पक्ष अष्टमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 124, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 37.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 31 सूर्यास्त 18 : 58

मुरादाबाद, रविवार, 28 जुलाई 2024


रणवीर की नई फिल्म को लेकर उत्साहित हैं दीपिका...16

# निवेशकों के अनुकूल बनें नीतियां

## नीति आयोग संचालन परिषद की बैठक में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नीति आयोग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए देश की नीतियों को अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के अनुकूल बनाने के महत्व पर बल देते हुए कहा कि भारत सही दिशा में चल रहा है और आज देश के लोगों में आत्मविश्वास झलक रहा है। नीति आयोग की संचालन परिषद की नौवीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए मोदी ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है और इसके लिए राज्यों की भागीदारी महत्वपूर्ण है। मोदी ने कहा कि यह दशक बदलावों, तकनीकी और भू-राजनीतिक बदलावों और अवसरों का है। भारत को इनका लाभ उठाकर अपनी नीतियों को अंतर्राष्ट्रीय निवेश के अनुकूल बनाना चाहिए। यह भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में प्रगति की सीढ़ी है।

मोदी ने कहा कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हमारे लोग उत्साह और आत्मविश्वास से भरे हुए हैं।



नीति आयोग गवर्निंग काउंसिल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य।

### ममता बोलीं-माइक बंद कर मुझे बोलने नहीं दिया



प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नीति आयोग की बैठक छोड़कर बीच में ही बाहर निकल आईं। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें भाषण के दौरान बीच में ही रोक दिया गया। कहा कि पांच मिनट के बाद उनका माइक्रोफोन बंद कर दिया गया, जबकि अन्य मुख्यमंत्रियों को अधिक देर तक बोलने की अनुमति दी गई।

### माइक बंद करने का ममता का दावा भ्रामक

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का माइक्राफोन बंद किए जाने के दावे को केंद्र सरकार के अधिकारियों ने भ्रामक बताया है। उनका कहना है कि बनर्जी को राज्य सरकार के अनुरोध पर उनके क्रम से पहले बोलने का मौका दिया गया और उनका समय पूरा होने की घंटी तक नहीं बजाई गई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मुख्यमंत्री बनर्जी का माइक्रोफोन बंद नहीं किया गया था।

केंद्र में नई सरकार के गठन के बाद नीति आयोग की पूर्ण बैठक विकास के विभिन्न मुद्दों और नीतिगत विषयों पर चर्चा के लिए आयोजित की गई। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली परिषद में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और कई केंद्रीय मंत्री शामिल हुए।

### आयोग की बैठक में शामिल नहीं हुए नीतीश कुमार



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं हुए। अधिकारियों ने बताया कि बैठक में राज्य का प्रतिनिधित्व दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने किया। इस महत्वपूर्ण बैठक में नीतीश के अनुपस्थित रहने का कारण अभी पता नहीं चल सका है।

**भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए राज्यों की भागीदारी महत्वपूर्ण**

### वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लिए हो रहे प्रयास : योगी



**लखनऊ।** नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ईज ऑफ डुइंग बिजनेस, निवेश अनुकूल नीतियों के परिणाम स्वरूप उत्तर प्रदेश देश में निवेश के ड्रीम डेस्टिनेशन के तौर पर उभरा है। उन्होंने एमएसएमई, महिला सुरक्षा, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, पीएम गति शक्ति, स्वास्थ्य एवं पोषण पर चरणवार उपलब्धियां गिनाई। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के देश को पांच ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के संकल्प में योगदान देने के लिए राज्य की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर करने का लक्ष्य रखा गया है। योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आगामी जनवरी, 2025 में प्रयागराज महाकुम्भ में भी आमंत्रित किया।

### सीएसआईआर-नेट परीक्षा में नकल के मामले में 23 पर एफआईआर, 7 गिरफ्तार

**लखनऊ।** मेरठ स्थित सुभारती यूनिवर्सिटी में सीएसआईआर-नेट परीक्षा नकल मामले में एसटीएफ ने 23 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है, जबकि 7 को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में रोहतक (हरियाणा) की तीन लड़कियां हैं। एसटीएफ की जांच में यह तथ्य सामने आया कि 11 अभ्यर्थियों ने 25 जुलाई को और 4 ने 26 जुलाई को ऑनलाइन नकल की थी। दूसरे दिन की परीक्षा में बैठकर नकल कर रहे अभ्यर्थियों को एसटीएफ ने मौके से ही हिरासत में लिया था। एसटीएफ के एडीजी अमिताभ यश ने बताया कि सीएसआईआर-नेट की परीक्षा ऑनलाइन हल कराने के मामले में बड़ा गिरोह सक्रिय था। इसमें अब तक 23 लोगों के शामिल होने की सूचना मिली है।

### अरुणाचल, राजस्थान और असम ने भी दिया आरक्षण

**अग्निवीरों को सुविधा**

**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश, असम और राजस्थान में भी अग्निवीरों को आरक्षण मिलेगा। अरुणाचल सरकार स्थानीय युवाओं को अग्निपथ योजना के तहत भर्ती के लिए प्रशिक्षण प्रदान करेगी तथा सेवानिवृत्त अग्निवीरों को पुलिस, आपातकालीन एवं अग्निशमन सेवाओं में भर्ती के दौरान प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं, राजस्थान सरकार भी पुलिस, जेल प्रहरी और वनरक्षक भर्ती में आरक्षण देगी। असम सरकार ने भी अग्निवीरों को पुलिस भर्ती में आरक्षण देने का एलान किया है।

**सैन्य चौकी पर हमले में कैप्टन समेत चार घायल, एक घुसपैठिया ढेर**

# कुपवाड़ा में 'बैट' का हमला नाकाम, सेना का जवान शहीद

नई दिल्ली/श्रीनगर, एजेंसी

भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के कमकारी सेक्टर में शनिवार को पाकिस्तान की बॉर्डर एक्शन टीम (बीएटी) के हमले को नाकाम कर दिया। हालांकि इस दौरान हुई मुठभेड़ में सेना के जवान बदायूं (उप्र) निवासी मोहित सिंह राठौर शहीद हो गए और एक कैप्टन सहित चार अन्य सैन्यकर्मी घायल हो गए। मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया भी मारा गया जबकि दो अन्य घुसपैठिए पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में भाग गए। 'बैट' में पाकिस्तानी सेना के विशेष बल के जवान और आतंकवादी शामिल होते हैं।

श्रीनगर में मौजूद रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि घुसपैठिए खराब मौसम और क्षेत्र में कम दृश्यता का फायदा उठाकर नियंत्रण रेखा पार कर इस ओर आए तथा उन्होंने नजदीक से अग्रिम सैन्य चौकी पर गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि घायलों को श्रीनगर में बेस अस्पताल ले जाया गया। शहीद सैनिक की पहचान राइफलमैन मोहित राठौर के रूप में हुई है।

### बदायूं के निवासी थे शहीद मोहित राठौर



**इस्लामनगर (बदायूं)।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में आतंकी हमले में बलिदान मोहित सिंह राठौर (28) इस्लामनगर क्षेत्र के गांव सभानगर के नत्थू सिंह के इकलौते बेटे थे। वह 2017 में सेना में भर्ती हुए थे और 57 राष्ट्रीय राइफल यूनिट कुपवाड़ा में तैनात थे। डेढ़ साल पहले ही शादी हुई थी। शुक्रवार रात लगभग 8 बजे चाचा सोनपाल से वीडियो कॉल पर बात हुई थी। कहा कि वह सर्च ऑपरेशन पर निकले हैं। देखना तुम्हारा भतीजा बहुत आगे तक जाएगा। शनिवार सुबह पत्नी रुचि के पास दिल्ली स्थित सेना मुख्यालय से फोन आया। पिता नत्थू सिंह से बात की। बताया कि आतंकी हमले में मोहित सिंह घायल हो गए हैं। उसके बाद टीवी और मीडिया से मौत की सूचना मिली तो पूरा परिवार सन्न रह गया। शव बदायूं आने के बाद उनके खेत में ही अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### प्रदेश के उद्योगों को मिलेगी स्वतंत्र फीडरों से बिजली

- **लगभग एक हजार करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान**

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्योगों को जल्द स्वतंत्र फीडरों के जरिए बिजली उपलब्ध होगी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने किसानों के लिए कृषि फीडरों की तर्ज पर औद्योगिक फीडर बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। इस पर करीब हजार करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। कॉरपोरेशन ने प्रदेश के अनुपूरक बजट में इसके लिए धन जुटाने की कवायद शुरू कर दी है। पूरे प्रदेश में अभी केवल किसानों को सिंचाई के लिए स्वतंत्र फीडर से बिजली दी जाती है। राज्य सरकार प्रदेश के उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उद्योगों को भी निर्बाध बिजली आपूर्ति देने पर जोर दे रही है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी ने भी इसपर जोर दिया था।

### कांवड़ मार्ग पर आतंकी हमले का खतरा, एटीएस तैनात

- **लखनऊ से मुजफ्फरनगर पहुंची एटीएस**

**लखनऊ।** मुजफ्फरनगर जिले के कांवड़ यात्रा मार्ग पर आतंकी हमले के खतरे को देखते हुए पूरे मार्ग पर एटीएस कमांडो की तैनाती कर दी गई है। शनिवार सुबह ही एटीएस को कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया। ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है। शनिवार की सुबह राजधानी से मुजफ्फरनगर पहुंची एटीएस की टीम ने जिले के शिव चौक पर डेरा डाल दिया। यहां एसएसपी अभिषेक सिंह ने टीम में शामिल जवानों को कांवड़ यात्रा रूट के संबंध में जानकारी दी और पूरी मुस्तैदी से निगरानी का निर्देश दिया। हरिद्वार से प्रतिदिन काफी संख्या में कांवड़िए गंगाजल लेकर शिवालयों की ओर पहुंच रहे हैं।




## शहर में आज



☞ विश्व हिंदू परिषद महानगर द्वारा सामूहिक रुद्राभिषेक का कार्यक्रम दिल्ली रोड स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में सुबह 8:00 बजे।

☞ सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसायटी की मासिक बैठक हरिश्चंद्र डिग्री कॉलेज लाजपतनगर में 11:00 बजे।

☞ रालोद की बैठक दिल्ली रोड स्थित क्लासिक बैंक्वेट हाल में 12:00 बजे।

## एक नजर

### महाकाल ही करेंगे बेड़ा पार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्री महाकाल रसोई में शनिवार को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर अनुसंधान केंद्र के संस्थापक महंत प्रशांत गुरु ने कहा कि महाकाल की आराधना करने से ही बेड़ा पार हो जाता है। इस दौरान सुनील शर्मा, आशीष, चित्रांश, अमित आदि मौजूद रहे।

### नालों की साफ-सफाई और उनकी मरम्मत कराने का नगर आयुक्त व सीईओ ने दिया निर्देश

# बुध बाजार के समीप पटरियों से अतिक्रमण को हटाएं दुकानदार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर आयुक्त व स्मार्ट सिटी के सीईओ दिव्यांशु पटेल ने शनिवार को निगम के अधिकारियों के साथ ताड़ीखाना चौक से बुध बाजार, इम्पीरियल चौक तक निरीक्षण किया। उन्होंने बुध बाजार के समीप सड़क की दोनों पटरियों पर किए अतिक्रमण को तत्काल दुकानदारों से हटाने के लिए कहा। साथ ही नालों की सफाई और उनकी मरम्मत कराने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के समय दुकानदारों को नगर आयुक्त ने बताया कि ताड़ीखाना चौक से बुध बाजार को जाने वाली जीएमडी रोड पर स्मार्ट रोड नेटवर्क का कार्य प्रारंभ होना है। इसलिए दोनों पटरियों से अतिक्रमण हटाया जाएगा। उन्होंने निरीक्षण में पाया कि ताड़ीखाना चौराहे के समीप लगभग 100 मीटर की लंबाई में सड़क के दाहिनी ओर दुकानदारों द्वारा नाले के ऊपर अवैध निर्माण कर अतिक्रमण किया गया है। सड़क की पटरी पर भी अतिक्रमण है। इसके अलावा बुध बाजार चौक के पास भी सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण कर अवैध निर्माण हुआ है। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि अतिशीघ्र अतिक्रमण हटा लें अन्यथा जेसीबी से ध्वस्त करा दिया जाएगा। नगर आयुक्त ने निगम के अधिकारियों से कहा कि स्मार्ट रोड नेटवर्क के कार्य से पहले निर्मित नालों की सफाई, नाला मरम्मत और जहां नाला टूट गया है उसे ठीक करा लें।



बुधबाजार में निरीक्षण करते नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल व अन्य अधिकारी।

बताया कि सड़क के दोनों ओर फुटपाथ निर्माण कराकर उस पर ग्रिल व एलईडी लाइट भी लगेगी। स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत रेट्रोफिटिंग आफ ओल्ड मार्केट एरिया परियोजना के अन्तर्गत सड़क के दोनों ओर फसाड का निर्माण भी किया जाना प्रस्तावित है। व्यापारियों ने नगर आयुक्त को स्थानीय समस्याएं बताईं। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार, स्मार्ट सिटी परियोजना के महाप्रबंधक तकनीकी अनिल कुमार मित्तल, व्यापारी सुरक्षा फोरम समिति के अध्यक्ष विजय मदान और स्थानीय व्यापारी आदि मौजूद रहे।

### पंप हाउस से कब्जा हटवाकर अपने अधिकार में लिया

नगर निगम की टीम ने कांशीराम नगर ई ब्लॉक सिंगल स्टोरी में पंप हाउस पर किए गए अवैध कब्जे को शनिवार को दोबारा पहुंचकर हटवाया। जलकल के महाप्रबंधक डीके त्रिपाठी, सहायक अभियंता आदि ने मौके पर पहुंचकर वहां जबरन रहने वाले को बेदखल कर अपने अधिकार में पंप हाउस को लिया। वहीं इसी क्रम में प्रवर्तन दल के सदस्यों ने टाउनहाल पर दुकानदारों व रेहड़ी पटरी वालों को माइक से घोषणा कर चेतावनी दी कि फुटपाथ पर अतिक्रमण न करें। अन्यथा उनका सामान जब्त कर लिया जाएगा। कुटकुटशाला में दुकानें निर्मित हैं वहां आवंटन के अनुसार जाकर कारोबार करें।

### 106 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त की

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने महानगर के करूला क्षेत्र में दुकानों पर छापेमारी की। कर अनुभाग टीम की छापेमारी में एक दुकानदार के गोदाम से 106 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त की गई। इस दौरान कर अधीक्षक प्रदीप चौधरी, राजस्व निरीक्षक दीपक सिंह, उमेश तोमर, सचिन सक्सेना के अलावा प्रवर्तन दल के सदस्य मौजूद रहे।

# महानगर की सड़कों पर दिखा भगवा रंग, गूंजे जयकारे

### रामपुर व बरेली जाने वाले कांवड़िये गंतव्य की ओर बढ़ रहे, हरिद्वार व बृजघाट से गंगाजल लाने को रवाना हुए शिवभक्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत, विचार:** महानगर में इन दिनों हर ओर भोले बाबा के जयकारों की गूंज है। शिव भक्तों की टोलियां नजर आ रही हैं। कांठ रोड और दिल्ली रोड पर शिविर भी लगाए जा रहे हैं। कांवड़ियों के आराम और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए शिविरों में पूरा ध्यान रखा जा रहा है। भोले बाबा की टोली में युवा ही नहीं, बल्कि बच्चे, बुजुर्ग और महिलाओं में भी खासा उत्साह है।

सावन मास में हरिद्वार और बृजघाट से गंगाजल लाकर देवाधिदेव महादेव पर श्रद्धालु जलाभिषेक करते हैं। इसके लिए शनिवार सुबह कांवड़ियों के जत्थे निकले। छोटे-बड़े ट्रकों पर सजे डीजे और खाने-पीने के इंतजाम किए गए थे। परिवार की महिलाओं ने रोली-तिलक लगाकर कांवड़ियों को विदा किया। इसके अलावा रामपुर और बरेली जाने वाले वाहनों की संख्या बढ़ गई। डीजे पर बजते भोलेबाबा के भजन उनके उत्साह को दोगुना कर रहे थे। दोपहर में भीषण गर्मी होने के बावजूद उनके कदमों में थकान नहीं थी। वहीं कुछ कांवड़िए हरिद्वार और बृजघाट से गंगाजल लेकर वापस भी लौट रहे हैं। जो 29 जुलाई को सावन माह के दूसरे सोमवार को शिवालयों में जलाभिषेक करेंगे।



हरिद्वार से गंगाजल लेकर आते शिव भक्त। ● अमृत विचार

● जगह-जगह कांवड़ियों की सेवा के लिए विभिन्न संगठनों ने लगाएं हैं शिविर

### तिरंगे से कांवड़िये दे रहे देशभक्ति का संदेश

भक्ति भाव में डूबे श्रद्धालु कांवड़ यात्रा में देशभक्ति का संदेश भी दे रहे हैं। वह कांवड़ से लेकर ट्रैक्टर और ट्रक पर तिरंगा लगाकर चल रहे हैं। विभिन्न साइज के तिरंगों से माहौल देशभक्ति का बन रहा है। कांवड़ियों के वाहनों पर चार से छह तिरंगों को एक साथ लहराया जा रहा है।



नयागांव में कथा सुनाते आचार्य धीरशांत अर्द्धमौनी। ● अमृत विचार

### खूब बिक रहे भगवा ध्वज व टी शर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सावन माह में कांवड़ की तैयारियों के तहत सड़क किनारे भी अस्थायी दुकानें सज गई हैं। वहां पर भोले की टी-शर्ट, टोपी, घुंघरू, तिरंगा और भगवा ध्वज लहरा रहे हैं। इन दुकानों में कांवड़ की भी बिक्री की जा रही है। गंगाजल लेने जाने वाले भोले के भक्त सामान खरीदने में खूब उत्साह दिखा रहे हैं। रामपुर तिराहे से लेकर दिल्ली रोड के किनारे कांवड़ियों के लिए अस्थायी दुकान बनाई गई हैं। इनमें भगवा ध्वज की सबसे ज्यादा मांग है। दिल्ली रोड स्थित दुकानदार सोनू ने बताया कि कांवड़ के दिनों में सबसे ज्यादा मांग भगवा ध्वज की रहती है। इनकी कीमत 50 रुपये से लेकर 400 रुपये तक साइज के अनुसार है। भगवा ध्वज के साथ तिरंगा भी खूब बिक रहा है। साथ ही टी-शर्ट, टोपी, घुंघरू आदि की मांग भी बढ़ी है।

### भोलेनाथ से निराला यहां कोई भी नहीं...भजन पर झूमे श्रद्धालु

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नया गांव, एमडीए में एक शाम मेरे श्याम के नाम भजन संध्या एवं हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें आचार्य धीरशांत अर्द्धमौनी ने बताया कि महादेव शिव को श्रावण मास में कांवड़ियों द्वारा गंगाजल अर्पण करके प्रसन्न किया जाता है। उन्होंने बताया कि कांवड़ चलता फिरता महादेव का मंदिर है, इसका सम्मान एवं पूजा करनी चाहिए। चातुर्मास में भगवान श्रीहरि जब चार माह के लिए पाताल लोक में राजा बलि के घर अतिथि बनकर रहते हैं तब सृष्टि का समस्त भार महादेव शिव धारण कर लेते हैं। इसलिए अपना मंगल भगवान पर छोड़ दो, इसी में बुद्धिमानी है। कार्यक्रम में वो तो ठहरे बम-भोले पल में मान जाते हैं, भोले नाथ से निराला यहां कोई भी नहीं, श्याम तेरे भरोसे मेरा घर-बार है, खाटूवाले बाबा तेरी कृपा निराली है आदि भजनों पर भक्त झूमते रहे। व्यवस्था में अमर सिंह, ममता सैनी, श्याम सिंह, सोनी सैनी, अंशिका सैनी, सुधा शर्मा, सौरभ अग्रवाल, सोनाली सरोज, नितिन प्रभु, शोभा अग्रवाल, सपना चौधरी, अखिल शर्मा, राजीव शर्मा, शिखा तिवारी, कुसुम उत्तरेजा, शरद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

कांठ रोड से गुजर रहे बरेली निवासी विपिन ने बताया कि वह बीते 10 सालों से महादेव की सेवा कर रहे हैं। हर साल कांवड़ में पवित्र गंगाजल लाकर भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं। इससे मन को शांति मिलती है। वहीं संभल निवासी दीपक ने कहा कि उन्होंने कभी भोलेनाथ से कोई मन्नत नहीं मांगी है। भोलेनाथ बिन मांगे ही सारी मनोकामना पूरी कर देते हैं।





दिल्ली रोड लोको शेड पुल पर धंसी सड़क कांवड़ियों के लिए बनी खतरा। ● अमृत विचार

## हाईवे पर धंसी सड़क से बढ़ा खतरा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मुरादाबाद-दिल्ली हाईवे के लोकोशेड पुल की सड़क किनारे से तीन फीट धंस गई है। जो वाहनों व पैदल चलने वालों के लिए हादसे का कारण बन सकती है। साथ ही इस मार्ग से आने वाले कांवड़ियों के लिए भी रात में खतरा हो सकता है। वहां ट्रैफिक पुलिस ने बैरिकेडिंग लगा दी है।

शनिवार को लोकोशेड के पुराने पुल की सड़क किनारे से काफी लंबी और गहराई में धंस गई है। जिससे रात को वहां से निकलने वाले छोटे-बड़े वाहन चालकों के लिए जानलेवा हो सकता है। इस मार्ग से बृजघाट से गंगाजल लाने वाले कांवड़िये भी गुजरते हैं। जिनके साथ रात में हादसा होने का डर है। सुरक्षा की दृष्टि से हाईवे किनारे सड़क धंसने वाले स्थान के दोनों तरफ ट्रैफिक पुलिस ने बैरिकेडिंग लगा दी है। हालांकि तीन साल पहले इस मार्ग की मरम्मत लोक निर्माण विभाग द्वारा की गई थी।

## कांवड़ियों के लिए हाईवे किया वन वे, रूट डायवर्ट

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** हाईवे को कांवड़ियों के लिए वन वे कर दिया गया है। दूसरी ओर वाहनों को डायवर्ट करके निकाला जा रहा है। हाईवे पर सोमवार तक भारी वाहनों की एंट्री बंद कर दी गई है। थाना क्षेत्र पाकबड़ा के सीएनजी पंप से जीरो पॉइंट तक भारी वाहनों की एंट्री को रोक दिया गया है। छोटे वाहनों को भी जगह-जगह पर डायवर्ट किया जा रहा है। सीएनजी पंप पर यातायात को असमोली संभल को डायवर्ट करने के लिए पुलिस कर्मी लगे हुए हैं। उसके बाद बागड़पुर कट के पास अगवानपुर बाईपास की ओर भारी वाहनों को रोकने एवं डायवर्ट करने को पुलिस मुस्तैद है। पाकबड़ा पेट्रोल पंप के पास सर्विस रोड को बंद कर दिया गया है। सभी वाहनों को नया मुरादाबाद में होते हुए जीरो पॉइंट पर निकाला जा रहा है। बरेली रामपुर जाने वाले वाहनों को जीरो प्वॉइंट से बाईपास भेजा जा रहा है।

# नौ जोन व 24 सेक्टर में बांटा जिला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सावन माह के दूसरे सोमवार को लेकर पुलिस ने निगरानी बढ़ा दी है। जिले को नौ जोन और 24 सेक्टर में बांटा गया है। दिल्ली रोड व कांठ रोड पर जगह-जगह पुलिस कर्मियों को तैनात कर दिया गया है। वहीं हाईवे पर रूट भी डायर्वट कर दिया गया है।

एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि जोन की जिम्मेदारी सीओ और मजिस्ट्रेट को दी गई है। जबकि सेक्टर की कमान थाना प्रभारी और इंस्पेक्टर व मजिस्ट्रेट संभाल रहे हैं। इनके अलावा 44 सब सेक्टरों की जिम्मेदारी दरोगाओं को दी गई है। दिल्ली हाईवे, कांठ रोड और अन्य कांवड़ मार्गों पर जगह- जगह पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई हैं। प्रत्येक थाना क्षेत्र में कांवड़ मार्ग पर पुलिस की ओर से सहायता केंद्र भी बनाया गया है, जिससे जरूरत पड़ने पर कांवड़ियों को तत्काल राहत पहुंचाई जा सके। थानों, चौकी में तैनात पुलिस कमियों के अलावा 600 अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें महिला दरोगा और महिला सिपाही भी शामिल हैं। इसके अलावा एक कंपनी आरएएफ और एक कंपनी पीएसी जवानों की भी ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा सभी कांवड़ मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी। इन मार्गों पर एंबुलेंस सेवा और अस्पतालों को भी चिह्नित किया गया है। जिससे विषम परिस्थितियों में कांवड़ियों को तत्काल चिकित्सा सुविधा दिलाई जा सके। एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि सोशल मीडिया पर भी निगरानी की जा रही। अगर किसी ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालकर माहौल खराब करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



हनुमान मूर्ति तिराहा से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

आयोजन | मॉडर्न पब्लिक स्कूल में हुआ कार्यक्रम, 6 से 8 अगस्त को आगरा में होगी प्रतियोगिता

# उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय रस्साकसी टीम चयनित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में शनिवार को उत्तर प्रदेश रस्साकसी संघ के तत्वावधान में जिला रस्साकसी संघ की ओर से रस्साकसी टीम का चयन किया गया। इसमें जनपद की 10 से अधिक टीमों के 70 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। टीम का चयन ट्रायल्स के आधार पर हुआ। इसमें अंडर 13 आयु वर्ग, अंडर 15 आयु वर्ग, अंडर 17 आयु वर्ग और अंडर 19 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका वर्ग टीम चयनित हुई।

अंडर 13 आयु बालक वर्ग में दैविक राज, आरुष सक्सेना, सरस चौहान, यशवीर यादव, धैर्य उपाध्याय, अर्णव सिंह, शिवांग रहेजा, आमिर, अदनान, उत्कर्ष का चयन हुआ। जबकि अंडर 15 आयु बालक वर्ग में अंकुश, ओवैस, दिग्विजय, हर्ष पाल, शाहनवाज, तन्मय, अखिलेश, पार्थ, आदित्य का चयन हुआ। अंडर 19 बालक में देव, बिलाल, समीर, अनस, शयान खान, जैद, सक्षम, आर्यन, लक्की, युधिष्ठिर, मयंक का चयन हुआ। अंडर 15 बालिका वर्ग में मधुरिमा त्रिपाठी, वाणी अरोरा, वृंदा रस्तोगी, तनिष्का चौधरी, जीविका चौधरी, दिवा, एलिना वर्मा, खुशबू, संजना, श्रद्धा का चयन हुआ। अंडर 19 बालिका वर्ग में शुभांगी चौधरी, अमीशी, अलंकृति, आशी अग्रवाल, फियोना अग्रवाल, हिमांशी चौधरी, मानवी सैनी आदि का चयन हुआ।



राज्य स्तरीय रस्साकसी टीम में चयनित खिलाड़ी व अन्य। ● अमृत विचार

जिला रस्साकसी संघ के सचिव शाहवेज अली ने बताया कि चयनित टीमें आगरा में 6 से 8 अगस्त के मध्य खेले जाने वाली राष्ट्रीय रस्साकसी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी।

इससे पहले कार्यक्रम का आरंभ मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सऊद आलम व प्रधानाचार्य शकील अहमद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर जिला संघ के पदाधिकारी सहित निहाल, सुशील कुमार, कामरान कैसर, रमेश कुमार, जाया रानी, शोभित भारद्वाज आदि मौजूद रहे। चयनकर्ताओं में उत्तर प्रदेश रस्साकसी संघ के सचिव एनके चक्रवर्ती, संयुक्त सचिव संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# सुनील आजाद जिलाध्यक्ष चंद्रपाल बने महासचिव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● बहुजन समाज पार्टी की जिला कमेटी की घोषणा, नए सदस्यों को दी बधाई

**अमृत विचार:** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के निर्देशानुसार पार्टी की जिला कमेटी घोषित की गई। इसमें एडवोकेट सुनील आजाद को फिर जिला अध्यक्ष और चंद्रपाल सिंह सैनी को महासचिव बनाया गया है। इस मौके पर पार्टी के पदाधिकारी व सदस्यों ने नए कमेटी में चुने गए पदाधिकारियों को बधाई दी।



सुनील आजाद

शनिवार को राष्ट्रीय महासचिव मुनकाद अली, सेक्टर प्रभारी व पूर्व सांसद नगीना गिरीश चंद्र जाटव, राजकुमार गौतम, दारा सिंह प्रजापति आदि पदाधिकारियों की संस्तुति पर जिला मुरादाबाद की कमेटी घोषित की गई। इसमें महेंद्र सिंह प्रजापति को जिला उपाध्यक्ष, दिनेश पासी को जिला सचिव, जिला कोषाध्यक्ष संजीव कुमार शर्मा को चुना गया। वहीं जिला कार्यकारिणी सदस्य राजेश कुमार सागर, इरशाद सैफी और जिला संयोजक बीबीएफ भूकन सिंह को बनाया गया। इस मौके पर चुने गए पदाधिकारियों ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा कि जो जिम्मेदारी पार्टी ने उन्हें दी है। वह उसे पूरा करेंगे।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल

RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC

यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT, VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।



BRACHYTHERAPY
24 Channel



PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन



FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)

द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है

Immunotherapy & Chemotherapy

Dedicated Cancer Modular OT's

आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज

हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA™©
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।

- Ngo Registration
- Society Registration
- Trust Registration
- Section 8 Company Registration
- Project Report
- Audit Report
- Annual Report
- ISO Registration
- 12A Registration
- 80G Registration
- Nielit Registration
- Niti Ayog Registration (NGO Darpan)
- E-Anudan, FCRA & MHRD
- One Person Company Registration
- Labour Department Registration
- Private Limited Company Registration
- MSME Registration & CSR
- Service Tax & DSC
- 35AC Registration
- Pan Card for Ngo
- PAN Registration
- Trade Mark Registration
- Copy Right Registration
- Patent Registration

अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
Contact: 7500223290 7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

आज का मौसम

उमस भरी गर्मी रहेगी।

35.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:33 | सूर्यास्त 07:09

श्री माधव
आई एवं हार्ट केयर सेन्टर
A healthy heart is the main source of your strength.

डॉ.अपूर्व मित्तल
एम.डी.(मेडिसिन), डी.एन.बी. (कार्डियोलॉजी)
चीफ इण्टरवेंशनल कॉर्डियोलाजिस्ट, कॉसमॉस हास्पिटल, मुरादाबाद
ओ.पी.डी.समय
12बजे से सायं 4 बजे-कॉसमास हॉस्पिटल
प्रात: 10 से 11 बजे तक व 6 बजे से 8 बजे तक
श्री माधव आई एण्ड हॉर्ट सेन्टर, मुरादाबाद
अन्य सुविधाएं:- पैथोलॉजी, फार्मेसी, ऑप्टीकल्स
पता- MIG14, आशियाना फेज-1, कांठ रोड, मुरादाबाद- 244001
अपाइंटमेंट के लिए कॉल करें
Mob. 9528466434
Email:smehcc@hotmail.com

# पंचायती राज व्यवस्था प्रजातंत्र की नर्सरी, प्रदेश के विकास में अहम भूमिका

## कुंदरकी के डींगरपुर में पंचायत प्रतिनिधि प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


कार्यक्रम में मौजूद पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, राज्यमंत्री जेपीएस राठौर, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी, जिपं अध्यक्ष डॉ.शेफाली सिंह।

**अमृत विचार :** प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनीतिक पेंशन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था प्रजातंत्र की नर्सरी है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था कि उस दिन सच्चा प्रजातंत्र आयेगा जिस दिन गांव के अंतिम छोर पर खड़ा शोषित, पीड़ित और उपेक्षित व्यक्ति मौलिक अधिकारों का प्रयोग कर सकेगा। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के हर गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

वह शनिवार को कुंदरकी के ग्राम डींगरपुर में पंचायत राज विभाग द्वारा आयोजित पंचायत प्रतिनिधि प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि पंचायतें आज प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहीं हैं। पंचायतों को सशक्त बनाया जा रहा है। आज शासन से ग्राम पंचायतों को सीधे पैसा भेजा जाता है।

**प्रशिक्षण**

- **पिछले वर्ष सितंबर में सहकारिता विभाग में 30 लाख नए सदस्य जोड़े गए: जेपीएस राठौर**

सरकार द्वारा विकास की योजनाओं में बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक पात्र व्यक्ति को लाभान्वित किया जा रहा है। राज्य मंत्री (स्वतंत्र विभाग) सहकारिता जेपीएस राठौर ने सहकारी समितियों के माध्यम से किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। पिछले वर्ष सितंबर में सहकारिता विभाग में एक माह में 30 लाख नए सदस्य जोड़े गए और 70 करोड रुपये की अंशपूंजी जमा हुई। सहकारी समितियों पर खाद भी उपलब्ध कराई जा रही है। गरीबों को पक्का मकान, बीमार लोगों को बेहतर उपचार और किसानों का सम्मान बढ़ाया गया है। गरीब परिवार की बेटियों का विवाह संपन्न करने के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं भी संचालित की जा रही हैं। राज्य मंत्री (स्वतंत्र विभाग) गुलाब देवी ने कहा कि आज हर घर में कोई न कोई सरकारी योजना पहुंच चुकी है। आवास, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि और पेंशन योजनाएं पूरी पारदर्शी तरीके से प्रत्येक पात्र परिवार को मिल रही है। गरीब परिवारों को खाद्य सुरक्षा प्रदान की जा रही है। राज्यमंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास विभाग जसवंत सिंह सैनी ने कहा कि गांव के प्रधान के माध्यम से गांव की सरकार चलती है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली चौहान, महापौर विनोद अग्रवाल सहित अन्य जन प्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

### उत्तर प्रदेश दुग्ध विकास में देश में नंबर एक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि इस बार का बजट ऐतिहासिक है। भारत में किसानों को सम्मान निधि का लाभ दिया जाता है। भारत कृषि प्रधान देश है। 60,000 करोड़ रुपये सरकार ने बजट में किसान सम्मान निधि के लिए दिया है। आयुष्मान भारत योजना के लिए 60300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश दुग्ध विकास में देश में नंबर एक है। कई योजनाओं के लिए सरकार अनुदान दे रही है। वह सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य योजना को प्रोत्साहित किया गया है। सरकार ने स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया है। नारी सशक्तिकरण के लिए विशेष प्रावधान बजट में किया गया है। अब भारत कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर तो है ही दूसरे देशों को भी मदद मिलती है। केंद्रीय बजट में 12 नए औद्योगिक पार्क बनाने की बात कहीं गई है। इसका सबसे बड़ा लाभ उत्तर प्रदेश को मिलने की उम्मीद है। प्रदेश में दो से तीन नए इंडस्ट्रियल पार्क और पीएम सूर्य योजना के तहत उत्तर प्रदेश की 20 लाख परिवारों को लाभ मिलने की उम्मीद है। उन्होंने विपक्ष पर जनता के मुद्दों से पीछे हटने का आरोप लगाया है। इस दौरान राज्य मंत्री जेपीएस राठौर, राज्य मंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास विभाग जसवंत सिंह सैनी, शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी, राजेश यादव जिला प्रभारी भाजपा, आकाश पाल जिलाध्यक्ष भाजपा, महापौर विनोद अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### सभी को साथ लेकर चल रही प्रदेश सरकार

**मैनाठैर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के डींगरपुर में भारतीय जनता पार्टी के प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचे कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि बीजेपी सरकार सभी को साथ लेकर चल रही है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में ग्राम प्रधानों और जिला पंचायत के सदस्यों के साथ भेदभाव किया जाता था। उनको गांव के विकास के लिए पूरा पैसा नहीं दिया जाता था, मगर अब ऐसा नहीं है। दर्जा राज्य मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि अबकी बार सब लोग मिलकर कुंदरकी के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी का समर्थन करें। डॉ. शेफाली सिंह ने कहा कि डींगरपुर-कुंदरकी मार्ग के लिए लिखकर दिया गया। इसके लिए 68 करोड़ रुपये का बजट पास हुआ था। मगर किसी कारणवश यह कार्य नहीं हो पाया था। जल्द ही इस मार्ग को सही कराया जाएगा। इस दौरान डॉ. राकेश चौहान, ब्लॉक प्रमुख पति गुलाम जिलानी, गुलाम रब्बानी, नजाकत हुसैन, प्रधान अब्दुल कादिर, फरमूद हुसैन, भाजपा नेता नरेंद्र ठाकुर आदि लोग मौजूद रहे।

श्री बाली जी एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।

भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

## बूथ जीते तो चुनाव जीत जाएंगे : धर्मपाल

**कुंदरकी, अमृत विचार :** विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के मंडल कुंदरकी की नरेंद्र भूषण स्कूल में बैठक हुई। जिसमें पशुधन एवं दुग्ध मंत्री धर्मपाल सिंह ने शक्ति केंद्र संयोजक तथा शक्ति केंद्र चुनाव प्रभारी एवं बूथ अध्यक्षों को जीत का मंत्र दिया।

उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष मतदाता सूची का अध्ययन करें। मेरा बूथ सबसे मजबूत से ही पार्टी उपचुनाव में जीत का परचम लहराएगी। क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर ने बताया कि सभी बूथ अध्यक्ष मनोयोग से उपचुनाव में लगें। जिससे कुंदरकी उपचुनाव में भाजपा जीत हासिल करे। कार्यक्रम में जिला महामंत्री हरज्ञान सिंह, मंडल अध्यक्ष रमन भूषण, नसीम खान, आनंदी प्रजापति, राजपाल आर्य, ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर, संजय दिवाकर, नक्शे अली, संजय सैनी, रविंद्र चौधरी, प्रेमपाल सिंह, नरेंद्र चौधरी, अवनीश चौधरी, हरिओम सैनी, विकास गुप्ता, नूरुल हसन, कलीम अख्तर आदि रहे।

# कारोबार में मुनाफा दिलाने के नाम पर 12 लाख हड़पे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **कोर्ट के आदेश पर सिविल लाइंस थाना पुलिस ने आरोपियों पर दर्ज की रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** अलीगढ़ के कारोबारी को दवा कारोबार का झांसा देकर सात लाख 65 हजार रुपये हड़प लिए। इतना ही नहीं कारोबार शुरू न होने पर पीड़ित आरोपी के घर पहुंचा तो उसे बंधक बनाकर पांच लाख 60 हजार रुपये का लोन स्वीकृत करा लिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद उसने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

अलीगढ़ के थाना अतरौली क्षेत्र के सिमथला निवासी सोरन सिंह ने बताया कि एक अगस्त 2022 को तीन व्यक्ति साकित अग्रवाल, एहसान और हंसाराम उनके घर आए थे। साकित ने बताया कि वह सिविल लाइंस के वेव ग्रीन कॉलोनी में रहता और इंस्टाबेस सॉल्यूशन कंपनी के नाम से दवा का कारोबार करता है। वह सेंटर और एजेंटों के जरिए दवा वितरण करता है। आरोपी ने सोरन को भी सेंटर खोलकर मुनाफा कमाने का ऑफर दिया। 3500-3500 रुपये देकर पीड़ित ने चार रजिस्ट्रेशन करा दिए थे। जिसके उन्होंने साकित को सात लाख 65 हजार रुपये दिए, लेकिन आरोपी ने सेंटर नहीं खुलवाया। मुरादाबाद आने पर पता चला कि साकित अग्रवाल का असली नाम अनुराग सिसौदिया है। वह अर्चना दीप सोसायटी में रहता है। आरोपी ने सोरन को घर में बंधक बना लिया और कहा कि जब तक 12 लाख रुपये नहीं मिलेंगे तब तक सेंटर नहीं खोला जाएगा। आरोपी ने सोरन के नाम से पांच लाख 60 हजार रुपये का लोन स्वीकृत करा लिया और रकम अपने खाते में ले ली। इसके बाद ही पीड़ित को बंधन मुक्त किया। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

## अपहरण के मामले में आरोपी की तलाश शुरू

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** प्रधानाध्यापिका का अपहरण कर ले जा रहे आरोपी पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद उसकी तलाश कर रही है। जिसके लिए टीम गठित की गई है।

शुक्रवार को रामपुर से दिल्ली की ओर जाने वाली दिशा में एक कार ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गई थी। उसमें बैठी बाड़देई प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रीना श्रीवास्तव घायल हो गईं थी। प्रधानाध्यापिका ने बताया था कि उसका बटाईदार हरमंजीत सिंह पुत्र कश्मीर सिंह निवासी सिंधौली जिला शाहजहांपुर किसी कागज पर साइन करने के बहाने शाहजहांपुर से उसे अपहरण कर कहीं ले जा रहा था। जब वह मुरादाबाद के पास पहुंचा तो मुझे लगा कि कहीं वह मुझे मार न दे। जिस पर मैंने अपना फोन आरोपी से छीनने का प्रयास किया तभी कार ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई थी। आरोपी मेरा पर्स छीन कर भाग गया था। मौके पर थाना पुलिस आ गई थी। थाना प्रभारी मझोला कमलकांत वर्मा ने बताया कि पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

# मनोहरपुर में हुए हादसे में एक और मौत, गांव में छाया मातम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **शुक्रवार को हुआ था हादसा तीन लोगों की हो गई थी मौत**

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र के मनोहरपुर में शुक्रवार को सुबह हुए हादसे में घायल असमोली क्षेत्र निवासी वृद्ध मुन्ना बेग की मेरठ में शनिवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। इस हादसे में तीन लोगों की शुक्रवार को ही मौत हो गई थी। हादसे के कुछ घायल अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं असमोली विधायक पिंकी यादव ने गांव रचेटा पहुंच कर मृतकों के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की।

असमोली थाना क्षेत्र के गांव रचेटा निवासी महफूज बेग और उनके परिवार खानदान के 14 लोग शुक्रवार सुबह छोटा हाथी वाहन में सवार होकर रामपुर के स्वार थाना क्षेत्र के गांव नरपतनगर जा रहे थे। बताते कि महफूज के रिश्ते के बहनोई रोडवेज चालक इशरार का इंतकाल हो गया था। सभी उन्हें के दफीने में शामिल होने जा रहे थे। शुक्रवार सुबह जब वाहन मझोला थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ बाईपास पर मनोहरपुर गांव के सामने पहुंचा तभी उसका टायर फट गया। इससे वाहन बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में घायल महफूज बेग, उनके छोटे भाई मुन्नवर बेग (55) और गांव के मतलूब बेग (65) की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि चार महिला समेत 11 लोग घायल हुए थे। जिनका अलग-अलग अस्पताल में उपचार चल रहा था। इनमें से गंभीर हालत में मुन्ना बेग को परिजनों ने मेरठ में भर्ती कराया था। जहां शनिवार सुबह उपचार के दौरान उनकी भी मौत हो गई। मुन्ना बेग की पत्नी की कोरोना काल में मौत हो गई थी। उनके चार बेटे और दो बेटियां हैं। शनिवार शाम मुन्ना बेग के शव को सुपुर्दे खाक किया गया।

## आम के बाग के पास मिला युवक का शव

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अंतर्गत घर से निकले युवक का शव अगले दिन आम के बाग के पास पड़ा मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के नया गांव निवासी अजीत कुमार (28) पुत्र विजय पाल सिंह जम्मू में मजदूरी करता था, लेकिन काफी समय से घर पर ही था। भाई सतीश कुमार ने बताया कि अजीत कुमार नशे का आदी था और शुक्रवार को घर से बिना बताए चला गया था। शनिवार सुबह सिविल लाइंस की फकीरपुरा चौकी से परिजनों को फोन आया कि आदर्श कालोनी में आम के बाग के पास अजीत कुमार का शव पड़ा मिला है। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया, इसलिए बिसरा सुरक्षित रख दिया गया है।

**एक नजर**

### पति को जहर देने में पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला थाना पुलिस ने एक महिला के खिलाफ पति को जहर देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। थाना कटघर क्षेत्र के करूला जाहिद नगर निवासी मारूफ ने मझोला पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसका सगा भाई फारूख जयंतीपुर टीचर कालोनी में पत्नी आशिया के साथ रहता है। मारूफ ने बताया कि 22 जुलाई को उसके भाई फारूख का आशिया से विवाद हो गया था। आरोप है कि 24 जुलाई को फारूख ने सुबह में आशिया द्वारा बनाई चाय पी थी। जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई। जिसपर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने बताया कि फारूख को जहरीला पदार्थ दिया गया है। मारूफ का आरोप है कि भाई को आशिया ने जहर दिया है। जिसकी शिकायत उसने मझोला थाने में की थी, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद सीओ सिविल लाइंस से शिकायत की। पुलिस ने आशिया पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### ट्रैक्टर व बोलेरो की भिड़ंत में एक घायल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना कटघर क्षेत्र में बाईपास पर शुक्रवार देर रात ट्रैक्टर और बोलेरो की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक अजीम निवासी गांव मासूमपुर थाना डिलारी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर काशीपुर तिराहा चौकी प्रभारी ओम शुक्ला टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए। हाईवे एम्बुलेंस की मदद से उन्होंने घायल ट्रैक्टर चालक अजीम को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उसका उपचार चल रहा है।

**आयोजन** आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल बुद्धि विहार में दो दिवसीय रामायण बाल रंग उत्सव का समापन

# विद्यार्थियों में राम जैसी मर्यादा व सीता जैसे चरित्र का हो निर्माण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित रामायण बाल रंग उत्सव में उपस्थित प्रतिभागी व विद्यालय स्टाफ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** महानगर के बुद्धि विहार स्थित आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा रामायण बाल रंग उत्सव के दूसरे दिन कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य डॉ. हेमंत कुमार झा, विशिष्ट अतिथि डॉ. अर्चना गुप्ता, शुची शर्मा, शशि त्यागी व एवं समन्वयक डॉ. पंकज दर्पण ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। जिसके बाद महानगर के 17 विद्यालयों से आए हुए लगभग 80 छात्रों ने रामायण आधारित रूप सज्जा (झांकी) प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी की रूप सज्जा अपने आप में अद्भुत और मनमोहक थी। अनेक छात्रों ने रामायण से संबंधित विभिन्न पात्रों जैसे मर्यादा पुरुषोत्तम राम, लक्ष्मण, सीता, रावण, शबरी, उर्मिला व शत्रुघ्न का अभिनय कर पात्रों को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में प्रतिभागियों को दो वर्गों में विभाजित किया गया था। प्रथम वर्ग कक्षा एक से पांच तक और द्वितीय वर्ग कक्षा छह से 12 तक के प्रतिभागियों का था। प्रतियोगिता के प्रथम वर्ग में शिरडी साईं स्कूल के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तो वही आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल एवं स्प्रिंगफील्ड स्कूल ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बोनी एन स्कूल एवं रानी प्रीतम स्कूल ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। दूसरे वर्ग के छात्रों में गांधीनगर पब्लिक स्कूल ने प्रथम, सेंट मेरी बुद्धि विहार दूसरे व केसीएम स्कूल तीसरे स्थान पर रहा। महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज, नोसगे स्कूल हरथला को सांत्वना पुरस्कार मिला। मुख्य अतिथि एमआईटी संस्थान के अध्यक्ष यशपाल गुप्ता ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के मध्य में संस्कृति विभाग से संबद्ध कलाकार अभय पांडेय एवं उनके दल समता नाट्य संस्था के कलाकारों ने रामलीला के प्रसंग, गीत तथा नृत्य कला से मंत्रमुग्ध कर दिया। इशिका सैनी के नृत्य ने तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। निर्णायक मंडल की सदस्या डॉ. मीनू मेहरोत्रा, मीनाक्षी मदान, अपूर्व शर्मा ने छात्रों को अभिनय की बारीकियों से परिचित कराया। प्रधानाचार्य डॉ. हेमंत कुमार झा ने प्रतिभागियों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कहा कि हमें वर्तमान पीढ़ी को रामायण और रामचरितमानस से परिचय करना चाहिए। जिससे विद्यार्थियों में राम जैसी मर्यादा और सीता के जैसे चरित्र का निर्माण हो सके। समन्वयक डॉ. पंकज दर्पण ने संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के उद्देश्य के विषय में बताया।

# एसएसपी के आदेश पर 24 बदमाशों पर लगा गैंगस्टर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने संगठित गिरोह बनाकर अपराध करने वाले बदमाशों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। एसएसपी के आदेश पर शनिवार को जिले के छह थानों की पुलिस ने 24 अभियुक्तों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

थाना कटघर पुलिस ने हत्या के आरोपी सुहराब उर्फ सोहराब, सलमान और फराज अहमद निवासी एकता विहार कालोनी को गैंगस्टर में निरुद्ध किया है। थाना सिविल लाइंस पुलिस ने गिरोह बनाकर चोरी करने वाले सोनू, विशाल, निवासी हरथला सोनकपुर, रवि निवासी प्रतीक विहार पर गैंगस्टर लगाई है। कांठ पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के हसीन अहमद, निवासी सलेमपुर, कांठ और उसके साथ फैजान निवासी ग्राम अलमपुरी स्योहारा को गैंगस्टर में निरुद्ध किया है। थाना बिलारी ने शस्त्र फैक्ट्री का संचालन करने और बेचने वाले गिरोह के आसिम निवासी मुहल्ला नई बस्ती, ग्राम रुस्तमनगर सहसपुर, थाना बिलारी, मुहल्ला चौड़ा खड़जा के छोटे, बिलारी थाना क्षेत्र के गांव खडौआ के बलवीर को गैंगस्टर में निरुद्ध कर दिया। थाना भोजपुर पुलिस ने गोवंश के अवैध परिवहन एवं वध के आरोपी ढकिया के फैजान, सद्दाम, नईम, ढकिया जट के मोहम्मद अली, थाना ठाकुरद्वारा के कुरैशियान, लविस, दुर्गापुर कुंडा, उधमसिंह नगर के अशोक, भोजपुर के मुहल्ला जामा मस्जिद निवासी अनीस के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है। थाना मैनाठेर पुलिस ने शराब बनाकर बेचने वाले ग्राम ताहरपुर के भूरा, ग्राम गजीपुर थाना कुंदरकी के वसीम, रसूलपुर हमीर गांव के दानिश, ग्राम असदपुर के फरीद बाबा, ग्राम बैरुआ ललवारा, रामपुर के फरमान पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है।

## एक नजर

### गलशहीद में दस घंटे बाद मिली बिजली आपूर्ति

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गलशहीद के लोगों ने करीब दस घंटे बाद बिजली आने पर राहत की सांस ली। शुक्रवार की देर शाम बिजली गुल होने के बाद हंगामा हो गया था। शनिवार सुबह पांच बजे आपूर्ति सुचारू हो पाई। गलशहीद क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम फाल्ट होने से कई इलाकों में बिजली गुल हो गई थी। जिससे नाराज लोगों ने बवाल किया। 33 केवी की ट्रांसमिशन लाइन ब्रेक डाउन होने से गलशहीद और जीआईसी क्षेत्र के इलाके पूरी रात अंधेरे में डूबे रहे। नाराज लोगों ने बिजलीघर पर हंगामा भी किया था। एसडीओ यशपाल सिंह ने बताया कि फाल्ट ठीक करने के बाद शनिवार सुबह पांच बजे बिजली आपूर्ति सुचारू हुई है। 10 घंटे बाद आपूर्ति सुचारू होने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

### दीनदयाल नगर फीडर पर आज बाधित रहेगी बिजली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रामगंगा विहार बिजलीघर के दीनदयाल नगर फीडर पर रविवार को काम होना है। पीटीसी एसडीओ श्रीकांत वर्मा ने बताया कि सुबह नौ से दोपहर दो बजे तक एबी केबल बिछाने का काम होगा। जिसके चलते साईं मंदिर रोड, शिव शक्ति मंदिर, काली मंदिर, स्टेडियम रोड आदि इलाके में बिजली बाधित रहेगी। वहीं फीडर एक पर सुबह 6 से 10 बजे चार घंटे 11 केवी लाइन शिफ्टिंग का काम होगा।

### तेंदुआ दिखाई देने से किसानों में दहशत

**अगवानपुर, अमृत विचार :** नगर पंचायत क्षेत्र में तेंदुआ दिखाई देने से किसानों में दहशत है। ग्रामीणों का कहना है उन्होंने शनिवार को झील के पास तेंदुए को देखा। जैसे ही किसानों ने तेंदुए को देखा तो सभी लाठी-डंडे लेकर झील की तरफ पहुंचे। भीड़ को देख तेंदुआ वहां से चला गया। किसानों का कहना है कि तेंदुए ने जिन जानवरों का शिकार किया है उनके कंकाल झील के पास मिले हैं। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को इसकी कई बार जानकारी दी है। लेकिन वन विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। इस दौरान लक्षण सिंह, बाल मुकुंद सैनी, उमर अली, नसीम, इरफान, पप्पू सैनी, बब्बू, राकेश सैनी आदि मौजूद रहे।

### गौरी शंकर थीम पर किया हरियाली तीज का आयोजन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** इनरव्हील क्लब ऑफ सेंट्रल ने शनिवार को एक जीवंत हरियाली तीज मीटिंग का आयोजन भगवान गौरी शंकर की जोड़ी की थीम पर किया गया। सभा में सांस्कृतिक नृत्यों की श्रृंखला प्रस्तुत की गई। इस मौके पर वक्ता प्राची बंसल मौजूद रहीं। संचालन क्लब अध्यक्ष दिव्या अग्रवाल ने किया। इस दौरान अनुभा, नेहा रस्तोगी, शिवानी अग्रवाल, डॉ पल्लवी रस्तोगी, रूबल तोदी, अंजू अग्रवाल, पारुल खन्ना, मानुषी रस्तोगी, गरिमा अग्रवाल, प्रीति मोदी, पारुल शर्मा आदि रहीं।

### शिक्षकों को टीएससीटी से जुड़ने का किया आह्वान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र डिलारी पर शनिवार को टीचर्स सेल्फ केयर टीम का स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। खंड शिक्षाधिकारी भूपेश दिनकर ने टीम के पदाधिकारियों के साथ बीआरसी परिसर में पौधरोपण कर कहा कि सभी शिक्षकों और शिक्षामित्रों को टीएससीटी से जुड़ना चाहिए। ब्लॉक संयोजक नितिन शर्मा ने कहा कि मात्र 22 रुपये के सहयोग से 55 लाख से अधिक की मदद की जा सकती है। विपेन्द्र सिंह ने कहा कि जुलाई में दस परिवार की मदद की जा रही है। इस दौरान कुलदीप कुमार, रंजीता चौहान, विवेक चौहान, वीरेंद्र यादव, पवन यादव, विश्वजीत मलिक, अशोक, तरुण, वैभव आदि मौजूद थे।

# अब तक 74 गांवों में कैंप में 3585 रोगियों का उपचार

● बाढ़ से प्रभावित गांवों में पहुंच रही स्वास्थ्य विभाग की टीमें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बाढ़ से प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य विभाग की टीमें पहुंचकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए कैंप लगा रही हैं। डॉक्टरों की टीमें अब तक 74 गांवों में पहुंच चुकी हैं और वहां 3585 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवा दी हैं।

जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रवीन कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बाढ़ क्षेत्र में कुल 30 चौकी स्थापित हैं। प्रत्येक चौकी पर चिकित्सीय दल को तैनात किया गया है। इस तरह चौकी पर और क्षेत्र में कुल 195 स्वास्थ्य कर्मी तैनात किए गए हैं। यह टीमें चौकी क्षेत्र पर आने वाले रोगियों को उपचार कर रही हैं और आसपास के गांवों में जाकर कैंप में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाएं बांट रही हैं। उन्होंने बताया कि कैंप के आयोजन में अब तक दस्त के 33 रोगी, बुखार के 510, दाद-खाज-खुजली व अन्य चर्म रोगों के 246 रोगी मिले हैं। इसी तरह 2796 रोगी विभिन्न तरह के रोग से ग्रसित पाए गए हैं। जिला सर्विलांस अधिकारी ने बताया कि बाढ़ चौकियों और आसपास के गांवों में अब तक क्लोरीन की 5305 टेबलेट, 4306 पैकेट ओआरएस पाउडर बांटा गया है। 25 गांव में फागिंग हुई है। 61 गांवों में कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में स्टॉक पर्याप्त है। मौजूद स्टॉक में 54,497 पैकेट ओआरएस पाउडर, 9,506 क्लोरीन टेबलेट, सांप काटने के मामलों में रोगी के बचाव के लिए 1503 एंटी-स्नेक वेनम (एएसवी) मौजूद है।

## बी-श्रेणी में है कुंदरकी कोल्ड चेन सेंटर, टेक्नीशियन भी नहीं पहुंच रहे, स्टॉक रजिस्टर दुरुस्त न ही अग्निशमन यंत्र

# वैक्सीन की सुरक्षा से खिलवाड़, ड्राई स्टोर तक में गंदगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले में सीएचसी व पीएचसी पर कोल्ड चेन सेंटरों का हाल काफी खराब है। इसका खुलासा यूनीसेफ के कर्मियों ने जून में अपने निरीक्षण में किया है। इस मामले में यूनिसेफ के जिला मोबिलाइजेशन समन्वयक रोहित कुमार सिंह ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में रिपोर्ट भी प्रस्तुत की है। यूनिसेफ की रिपोर्ट है कि कई सरकारी अस्पतालों में न तो स्टॉक रजिस्टर दुरुस्त हैं और न ही अग्निशमन यंत्र। यहां तक अस्पताल में मौजूद स्टॉक भी बेमेल मिला है।

इस रिपोर्ट के मुताबिक, सरकारी अस्पतालों में व्यवस्थाएं सब हवा-हवाई हैं। जरूरी इंतजामों के मामले में जिला अस्पताल भी बेहतर नहीं है। इसी तरह शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य

**कोल्ड चेन सेंटर**

केंद्र कटघर, फकीरपुरा, मझोला और सीएचसी बिलारी, ठाकुरद्वारा, रामपुर घाघर, पाकबड़ा, भोजपुर, कुंदरकी भी हैं, जहां इंतजाम नाकाफी पाए गए हैं। इन सीएचसी में यूनिसेफ ने कुंदरकी को बी श्रेणी में रखा है। यही नहीं, कुंदरकी और रामपुर घोघर अस्पताल में बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण गाइडलाइन के अनुसार नहीं किया जाना पाया गया है।

कई सीएचसी पर कोल्ड चेन के उपकरण (सीसीई) संबंधी लॉकबुक तक दुरुस्त नहीं है। वैसे नियमतः लॉगबुक को प्रतिदिन दो बार अपडेट किया जाना चाहिए। कोल्ड चेन सेंटर पर सिरिंज, कोल्ड बॉक्स रखने के लिए विशेष कमरा होता है, इसे ड्राई स्टोर बोलते हैं। इसलिए यहां साफ-सफाई होना अति आवश्यक रहता है। लेकिन, कई सीएचसी के वार्डों में साफ-सफाई न होने की बात छोड़िए यहां तो ड्राई स्टोर में भी सफाई का अभाव है।

### वैक्सीन को कोल्ड चेन में रखना जरूरी

विशेषज्ञ बताते हैं कि टीकों को लगातार सीमित तापमान सीमा में संग्रहित किया जाना चाहिए अर्थात वह जब से निर्मित होते हैं तब से लेकर टीकाकरण होने तक के लिए। अन्यथा बहुत अधिक या कम तापमान के कारण टीके की क्षमता (बीमारी से बचाने की क्षमता) खत्म हो सकती है। एक बार जब कोई टीका अपनी क्षमता खो देता है, तो उसे वापस नहीं लाया जा सकता है। इसलिए टीकों (वैक्सीन) को कोल्ड चेन में रखना जरूरी रहता है।

### यूनिसेफ को कोल्ड चेन प्वाइंट पर मिलीं कमियां

- रामपुर घोघर, भोजपुर, ठाकुरद्वारा, कुंदरकी, बिलारी, कटघर, मझोला, फकीरपुरा में कोल्ड चेन प्वाइंट पर माइक्रोप्लान तक उपलब्ध नहीं है।
- बिलारी, कुंदरकी, ठाकुरद्वारा सीएचसी पर टीके आइस लाइंड रेफ्रिजरेटर (आईएलआर) में सही ढंग से व्यवस्थित नहीं मिला।
- ठाकुरद्वारा, भोजपुर, कुंदरकी, मझोला के अस्पतालों में कोल्ड चेन प्वाइंट पर ड्राई स्टोर तक साफ नहीं पाए गए हैं।
- जिला अस्पताल और भोजपुर के कोल्ड चेन प्वाइंट पर स्टॉक रजिस्टर दुरुस्त नहीं पाया गया।
- जिला अस्पताल और रामपुर घोघर व कुंदरकी कोल्ड चेन प्वाइंट पर साप्ताहिक समीक्षा तक नहीं हो रही है।
- मझोला सीएचसी के कोल्ड चेन प्वाइंट पर अग्निशामक यंत्र समाप्त हो चुके हैं।
- जिला अस्पताल और भोजपुर व पाकबड़ा सीएचसी के कोल्ड चेन प्वाइंट पर स्टॉक बेमेल पाया गया।
- रामपुर घोघर, पाकबड़ा, महोला व फकीरपुरा सीएचसी के कोल्ड चेन प्वाइंट पर पावर बैकअप सुविधा उपलब्ध नहीं मिली।
- भोजपुर, कुंदरकी कोल्ड चेन उपकरण (सीसीई) लॉगबुक को प्रतिदिन दो बार अपडेट नहीं किया जा रहा है।

# किसानों के उत्पीड़न के विरोध में प्रदर्शन

## 29 सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठे भाकियू लोकशक्ति के प्रदेश उपाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



आंबेडकर पार्क में धरने पर बैठे भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● 15 दिन में मांगे पूरी होने पर दी आंदोलन की चेतावनी, सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** पुलिस द्वारा किसानों का शोषण करने के आरोप समेत 29 सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के प्रदेश उपाध्यक्ष सैकड़ों किसान के साथ आंबेडकर पार्क में धरने पर बैठे। प्रदेश उपाध्यक्ष दानिश अली ने जिला प्रशासन को 15 दिन में मांगें पूरी न करने पर आंदोलन की चेतावनी दी। जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सीओ सिविल लाइंस को सौंपा।

किसानों को परेशान करने और उनके शोषण के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के प्रदेश उपाध्यक्ष दानिश अली सैकड़ों किसानों को लेकर शनिवार सुबह 10 बजे आंबेडकर पार्क पहुंचे। जहां उन्होंने 29 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना शुरू कर दिया। जिलाध्यक्ष फिरोज अली ने सबसे पहले मूंढापांडे क्षेत्र के किसानों की फसल बाढ़ व बंदर और छुट्टा पशुओं के कारण बर्बाद होने की आवाज उठाई। आरोप लगाया कि किसानों की लंबित मांग पर प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। वही पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि किसान अपनी समस्या लेकर थाने जाते हैं तो उनकी बात सुनने की बजाय टरका दिया जाता है। गरीब किसान अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने के लिए उसके कोर्स की किताबें लेने दुकान पर जाता है तो दुकानदार मनमर्जी के दामों पर देते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के खस्ताहाल मार्गों की पिछले कई सालों से मरम्मत नहीं कराई गई। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि किसानों को परेशान करने वाले ज्यादा दिन नहीं चलेंगे।

उन्होंने जिला प्रशासन को 15 दिन के अंदर किसानों की मांगे पूरी न होने पर व्यापक स्तर पर आंदोलन करने की चेतावनी दी। धरने में यूनियन से जुड़े जिलेभर के किसान मौजूद रहे।

### दो सितंबर तक करें उत्पादों के चयन के लिए आवेदन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 के लिए व्यक्तिगत बुनकर/ बुनकर सहकारी समितियां/ मास्टर बुनकर संयुक्त रूप से /डिजाइनर व बुनकर उत्पादित उत्कृष्ट कोटि के वस्त्रों का चयन किया जाना है।

सहायक आयुक्त हथकरघा व वस्त्रोद्योग अश्वनी कुमार सिंह ने बताया है कि परिक्षेत्र में आने वाले जिले मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर, अमरोहा व संभल के हथकरघा बुनकरों द्वारा बनाए जा रहे उत्कृष्ट उत्पादों के चयन के लिए आवेदन पत्र 2 सितंबर तक उनके कार्यालय में आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र के साथ आवेदनकर्ता द्वारा हथकरघा पर स्वयं का बुना हुआ सैंपल होना चाहिए। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए सहायक आयुक्त अश्वनी कुमार सिंह मोबाइल 9451133281, वस्त्र निरीक्षक श्रीप्रकाश दुबे मो. 9412359283, पावरलूम निरीक्षक अशोक कुमार मोबाइल 9410454751 और वस्त्र निरीक्षक आदेश कुमार के मोबाइल 9411697133 से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।




एसएस चिल्ड्रेन एकेडमी गर्ल्स में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित छात्राएं। ● अमृत विचार

# एक पौधा मां के नाम लगा कर रक्षा का लिया संकल्प

● इको क्लब फॉर मिशन लाइफ कार्यक्रम का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर के सिविल लाइंस स्थित एसएस चिल्ड्रेन एकेडमी गर्ल्स स्कूल में शिक्षा सप्ताह के छठें दिन इको क्लब फॉर मिशन लाइफ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कक्षा नौ से 12 तक की छात्राओं के बीच इको क्लब बनाया गया। जिसका अध्यक्ष शिक्षिका कंचन अरोरा व कक्षा 11 की छात्रा अंतरा मेहरोत्रा को बनाया गया। इस दौरान प्रधानाचार्या डॉ. मृदुल अग्रवाल ने सभी छात्राओं को शपथ दिलाई और एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत अपनी मां के नाम पेड़ लगाकर उसकी आजीवन रक्षा करने का संकल्प दिलाया। छात्रा लुबना अंसारी ने सभी छात्राओं को इको क्लब के विषय में जानकारी दी। कंचन अरोरा व निधि रूहेला ने छात्राओं को सुरक्षा करने व पृथ्वी जैसी अपनी धरोहर को संभालकर रखने की शिक्षा दी। इस मौके पर अर्चना कुमारी समेत अन्य लोग शामिल रहे।

### डीआरएम कार्यालय में तैनात महिला के पति ने खलासी को ठगा

**बरेली/मुरादाबाद, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन पर ट्रेन लाइटिंग विभाग में तैनात खलासी के खाते से ठग ने 15 लाख रुपये अपने और महिला के खाते में ट्रांसफर करा लिए। आरोपी ठग की पत्नी मुरादाबाद में डीआरएम कार्यालय में एसएनटी विभाग में तैनात है। सुभाषनगर की राजीव कॉलोनी गली नंबर 18 निवासी पिंकी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति रवि कश्यप बरेली जंक्शन पर ट्रेन लाइटिंग विभाग में खलासी हैं। मुरादाबाद में डीआरएम कार्यालय में एसएनटी विभाग में तैनात एक महिला के पति मयंक भटनागर ने रवि का नार्दर्न रेलवे मल्टी स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक से 16 लाख रुपये का लोन पास करा दिया। रवि के खाते में 10 लाख 31 हजार रुपये आ गए। इसके बाद मयंक ने रवि के खाते से धोखाधड़ी करके 10.31 लाख रुपये विमा शर्मा के खाते में ट्रांसफर करा दिए। पैसे वापस मांगने पर धमकी दी।



भगतपुर में जन शिकायतों की सुनवाई करते जिलाधिकारी अनुज सिंह।

# थाना दिवस में भगतपुर पहुंचे डीएम व एसएसपी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुज सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल शनिवार को भगतपुर में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे। भूमि विवाद से संबंधित शिकायत पर जिलाधिकारी ने तत्काल मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने जमीन के विवादों में लेखपालों से गंभीरता दिखाने के लिए कहा। बताया कि ऐसे विवादों के समाधान में नियमों का पूरी तरीके से पालन सुनिश्चित होना चाहिए। हर लेखपाल के पास उसके राजस्व ग्राम में जमीन विवाद से संबंधित मामलों की पूरी जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए क्षेत्र में लगातार भ्रमण करना जरूरी है। जिलाधिकारी ने जन सामान्य की शिकायतों के समाधान में समयबद्धता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया।

### अगले सप्ताह शुरू करेंगे ट्रामा सेंटर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर की सेवाएं दो जुलाई से बंद हैं। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता ने डीएम को भरोसा दिया है कि अगले सप्ताह में सोमवार से बुधवार तक हर हाल में स्वास्थ्य सेवाएं बहाल करा देंगी।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार को डीएम फोन कर उनसे ट्रामा सेंटर के कार्यों के बारे में पूछ रहे थे। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक का कहना है कि इलेक्ट्रिक सेफ्टी और फायर सेफ्टी के सभी मानकों के अनुसार नया निर्माण कार्य पूरा हो गया है। सीटी स्कैन कक्ष में फॉल सीलिंग हटाकर छत को ऊंचा कराया है। विद्युत पैनल को बाहर करा दिया है। बैटरी रूम को बड़ा और हवादार बनाया है। उन्होंने बताया कि बैटरियां व यूपीएस ट्रामा सेंटर में लगा दिए गए हैं। अब सीटी स्कैन मशीन को चालू कराना है। यदि सब कुछ ठीक रहा तो अगले सप्ताह से जरूरतमंद रोगियों का सीटी स्कैन होना शुरू हो जाएगा।

# काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध करते स्वास्थ्यकर्मी। ● अमृत विचार

● मांगे न पूरी होने से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारियों और कर्मचारियों में है नाराजगी

**अमृत विचार :** लंबित मांगे पूरी न होने के कारण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) अधिकारियों और कर्मचारियों में नाराजगी है। उन्होंने अपनी मांगों के संबंध में शनिवार को भी बांह पर काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध जताया।

शनिवार को एनएचएम अधिकारियों की अपेक्षा कर्मचारी कुछ ज्यादा ही मुखर दिखे। सीएचसी और सभी पीएचसी में एनएचएम कर्मचारियों ने नारेबाजी की। सीएमओ कार्यालय में तैनात स्टॉफ में भी नाराजगी रही। संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अजीजुर रहीम ने कहा कि सरकार से पूर्व में कई मांगों को लेकर वार्ता हुई थी, लेकिन अभी तक कोई हल नहीं निकला। उन्होंने कहा कि नियमित कर्मचारियों की तरह ही संविदा कर्मचारियों से काम लिया जा रहा है। ऐसे में एनएचएम के लोगों का ईपीएफ, ग्रेड-पे और डीए का निर्धारण हो। संगठन के जिला महामंत्री विपिन भट्ट ने बताया कि एनएचएम के तहत तैनात जितने भी अधिकारी व कर्मचारी हैं, वह सभी काली पट्टी बांधकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 29 व 30 जुलाई को भी ड्यूटी के समय एक घंटे अधिक कार्य करेंगे। सीएमओ कार्यालय में शनिवार को पूरे समय डीपीएम रघुवीर सिंह, डीसीपीएम चंद्र शेखर, जिला लेखा प्रबंधक विमल शर्मा शासकीय कार्य के बीच काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध जताते दिखे। इस तरह जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई में कार्यरत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी सांकेतिक विरोध जताया है।




लाइन पार स्थित बैंक्वेट हॉल में बैठक को संबोधित करते डॉ. अरविंद राजभर।

# अभियान चलाकर सदस्य बनाएं पदाधिकारी: अरविंद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शनिवार को सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी की पश्चिम उत्तर प्रदेश की समीक्षा बैठक लाइनपार में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ. अरविंद राजभर रहे।

बैठक में डॉ. अरविंद राजभर ने समीक्षा करते हुए पश्चिम उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के पूर्व जिलाध्यक्ष व पदाधिकारियों से सदस्यता अभियान चलाने की बात कही। उन्होंने बताया कि एक अगस्त को लखनऊ में होने वाली बैठक में उत्तर प्रदेश की कमेटी की घोषणा की जाएगी। बैठक में शक्ति सिंह, अशोक अग्रवाल, रामपाल, सुजीत सिंह, मोहम्मद उस्मान, बाबर गनी, राजपाल सिंह, सत्यपाल तोमर, रामअवतार शर्मा, आदेश अमरोही, मोहम्मद युनूस, अपर्णा सक्सेना व रवि चौधरी शामिल रहे।

# शिक्षित समाज ही पाता है सम्मान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार संघ की ओर से शनिवार को भगवान दक्ष प्रजापति जन्मोत्सव बंगला गांव के प्रोग्रेस स्कूल में मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री रमेश प्रजापति, विशिष्ट अतिथि आचार्य पूरनमल प्रजापति अलीगढ़ रहे। अध्यक्षता सपा नेता अमित प्रजापति ने की।

कार्यक्रम के प्रारंभ में रमेश आर्य ने मनोज कुमार- आरती देवी, शेर सिंह- कमलेश देवी प्रजापति, बालकराम - गौतमी देवी और सतीश कुमार -कमला देवी की यजमानी में वैदिक यज्ञ संपन्न कराया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित व दक्ष प्रजापति के चित्र पर माल्यार्पण कर की। उन्होंने कहा कि हमें अपने समाज के हर व्यक्ति को शिक्षित करके समाज में श्रेष्ठता लानी है। शिक्षित समाज ही दुनिया में सम्मान पाता है। शिक्षित समाज से चारित्रिक विकास होता है। इसलिए हमें अपने बच्चों को शिक्षित करना होगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार संघ के राष्ट्रीय महासचिव शांतिप्रकाश प्रजापति, जिलाध्यक्ष सुनील कुमार प्रजापति, पंकज कुमार प्रजापति, नरेश कुमार प्रजापति, कमल कुमार] सुमित कुमार, सूरज पाल सिंह, परमानन्द, मानसिंह, सर्वेश कुमार, खिलेंद्र आर्य, सुनील कुमार, शिवकुमार प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे।




भगवान दक्ष प्रजापति जन्मोत्सव में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

**आयोजन**

● अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार संघ ने मनाया दक्ष प्रजापति का जन्मोत्सव

### साक्षात्कार के आधार पर होगा शिक्षकों का चयन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत जिला समाज कल्याण विभाग से संचालित कोचिंग केंद्र पर तैयारी करने वाले आवेदकों को अपने प्रमाण पत्र जिला समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय में 20 अगस्त तक जमा कराने होंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि निःशुल्क कोचिंग केंद्रों पर विभिन्न सेवाओं जैसे सिविल सर्विसेज, आईएएस, पीसीएस के सत्र 2024-25 में पाठ्यक्रम से संबंधित विषय साइंस, एथिक्स, आईआर, करेंट अफेयर्स, यूपी स्पेशल, नीट एवं जेईई की परीक्षा से पूर्व तैयारी कराने वाले विषय विशेषज्ञों को व विषय बायोलॉजी, फिजिक्स एवं मैथ इत्यादि में योग्यता रखने वाले इच्छुक उच्च शिक्षित एवं अनुभवी विषय विशेषज्ञों (सरकारी एवं गैर सरकारी) को अपना बायोडाटा व प्रमाण पत्र 20 अगस्त तक जिला समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय में दिखाना होगा।



शिविर में स्वास्थ्य जांच करती टीम। ● अमृत विचार

# निशुल्क शिविर में 220 मरीजों की जांच की गई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुरादाबाद चैरिटेबल ट्रस्ट एंड हेल्थ रिसर्च सेंटर, एशियन विवेकानंद सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की ओर से बुध बाजार स्टेशन रोड पर स्थित दुर्गा भवन मंदिर परिसर में निशुल्क सामान्य स्वास्थ्य व नेत्र जांच शिविर लगाया गया। इसका आरंभ मुख्य अतिथि सुभाष चंद्र ढल चेयरमैन एमसीटी एंड एचआरसी ने किया। इस दौरान मुरादाबाद चैरिटेबल ट्रस्ट एंड हेल्थ रिसर्च सेंटर के निदेशक डॉ. हरजीत सिंह, जनरल मैनेजर एवं फाइनेंस लीगल अनुराग शंकर मिश्रा भी मौजूद रहे। शिविर में 220 मरीजों का सामान्य स्वास्थ्य जांच व नेत्र परीक्षण किया गया। शिविर में रविंद्र कत्याल, विजय मदन, अशोक बाधवा, सुवांश रावल, राकेश बजाज, करन वीर सिंह, राजेश भारतीय, मनमोहन महाजन, सरिता गोयल के अलावा जनरल फिजिशियन डॉ. शुएब, चेतन विश्नोई, अमन गुप्ता, अनुज आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### गैंगस्टर एक्ट में एक आरोपी को भेजा जेल

**कांठ, अमृत विचार :** थाना कांठ के ग्राम सलेमपुर निवासी हसीन अहमद पुत्र अब्दुल रशीद सक्रिय अपराधी है। वह छजलैट थाने से चोरी तथा अन्य मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने हसीन अहमद के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई करने के निर्देश थाना पुलिस को दिए थे। थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह ने आरोपी हसीन अहमद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### आरपी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सम्मानित

**बिलारी, अमृत विचार :** उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट की जिला इकाई के मंत्री पुष्पेश मिश्रा और संगठन के पदाधिकारियों ने केजीके इंटर कॉलेज मुरादाबाद में आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्योडारा के प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा का सम्मान किया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में राजीव कुमार शर्मा के दिए योगदान को सभी ने सराहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के श्रीपाल सिंह सदस्य जिला पंचायत संभल तथा संचालन प्रवक्ता राजेश रस्तोगी ने की। इस अवसर पर सचिन गोयल, ठाकुर सत्येंद्र सिंह, शिवकुमार सिंह, जय गोपाल यादव मौजूद रहे।

# निष्पक्षता से करें शिकायतों का समाधान

## एडीएम ने कहा, लोगों को थाना व तहसील के चक्कर न लगाने पड़ें

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** थाना समाधान दिवस में 10 फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराईं। मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं किया गया। शिकायतों का निस्तारण करने के लिए राजस्व विभाग एवं पुलिस टीमें मौके पर भेजी गईं।

शनिवार को थाना समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व (एफआर) सत्यम मिश्रा ने कहा कि समाधान दिवस में आने वाले लोगों की शिकायतों को गंभीरता सुनकर निष्पक्ष रूप से जांच करने के बाद संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी निस्तारण करें। जिससे फरियादी को बार-बार थाने व तहसील के चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस और थाना समाधान दिवस शासन की प्राथमिकता है। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए, क्योंकि जनता की शिकायतों का निस्तारण करने के लिए शासन के स्पष्ट निर्देश हैं। इसका सभी अधिकारी व कर्मचारी कड़ाई से पालन करें। अगर कोई अधिकारी या कर्मचारी लापरवाही करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। शिकायतकर्ता को किसी भी तरह से समस्या नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर तहसीलदार आनंद कुमार नायक, नायब तहसीलदार योगेश कुमार शर्मा, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह, लेखपाल एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।



लोगों की शिकायतें सुनते एडीएम सत्यम मिश्रा। ● अमृत विचार

### आठ शिकायतें हुईं दर्ज, तीन का मौके पर निस्तारण

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** थाना समाधान दिवस का आयोजन कोतवाली में एसडीएम मनी अरोड़ा की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें आठ लोगों ने शिकायतें दर्ज कराईं। मौके पर मात्र तीन शिकायतों का निस्तारण हुआ। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आदेश दिए गए। थाना समाधान दिवस में एसडीएम मनी अरोड़ा, डिप्टी एसपी राजेश कुमार, कोतवाली प्रभारी राजीव चौधरी, इंस्पेक्टर नरेश कुमार, उपनिरीक्षक विपिन कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### तहसीलदार ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**बिलारी, अमृत विचार :** शनिवार को थाना समाधान दिवस में तहसीलदार और कोतवाली प्रभारी ने जन समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। इस मौके पर दर्ज की गईं 10 शिकायतों में से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस में तहसीलदार कमलेश कुमार और कोतवाली प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने जन समस्याएं सुनीं। इस मौके पर कई विभागों की शिकायतें दर्ज की गईं। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान लेखपाल अब्दुल रहमान खान, लेखपाल महताब आलम, लेखपाल नाजिया सुल्तान आदि सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### घर से लापता बच्चे का तीन दिन बाद मिला शव

**कांठ, अमृत विचार :** थाना कांठ के मोहल्ला ईदगाह नई बस्ती निवासी नसीमुद्दीन उर्फ भूरे का पांच वर्षीय पुत्र अवुसर अंसारी 25 जुलाई की दोपहर को घर से खाने की चीज लेने के लिए कहकर निकला था।

शाम तक जब वह घर वापस नहीं लौटा तो उसके माता-पिता व घरवालों को चिंता हुई और उन्होंने थाना कांठ पुलिस को बालक के लापता होने की सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया था। शनिवार को उसका शव ग्राम महमूदपुर माफी नई बस्ती के रास्ते पर खेत में दबा मिला। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर अधिकारियों को जानकारी दी। बालक की हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी अपेक्षा निंबाड़िया, एसपी देहात संदीप कुमार मीणा, फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। एसपी देहात ने थाना प्रभारी निरीक्षक को अपहरण का मुकदमा, हत्या की धाराओं में तरमीम कराकर हत्याकांड के खुलासा करने के निर्देश दिए।

## सार-संक्षेप

### ग्रामीणों को योजनाओं की दी जानकारी

**डिलारी, अमृत विचार :** शनिवार को क्षेत्र की ग्राम पंचायत धारक नगला में सूचना और तकनीकी मंत्रालय की संस्था सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड द्वारा सीएससी दिवस पर कार्यक्रम हुए। जिसमें जिले के समस्त कॉमन सर्विस सेंटरों के संचालकों समेत जिला मुख्यालय से जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति रही। केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे नेशनल पेंशन स्कीम, ई-स्टाम्प, आईटीआर, आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड, प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना, किसान मानधन योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड के विषय में ग्रामीणों को जानकारी दी। अच्छा कार्य करने वाले सीएससी वीएलई को प्रमाण पत्र वितरण किए तथा पौधरोपण भी किया। वीएलई विक्रम सिंह व वेद प्रकाश ने भी पौधरोपण किया। सीएससी संचालकों द्वारा फसल बीमा के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया। सीएससी जिला प्रबंधक अयाज उल एजाज व जिला समन्वयक देवशीष ने बताया कि सभी पात्र योजनाओं का लाभ लें। इस मौके पर कुंवर साहब, अनुज कुमार, दिनेश सिंह, विकाश चंद्रा, खालिद हुसैन, अमन, आकाश, रिंकू सिंह राघव, अशोक सागर, प्रमोद कुमार आदि रहे।

### युवती को अगवा करने में आरोपी गिरफ्तार

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक ग्राम से कुछ दिन पहले एक युवक युवती को अगवा करके ले गया था। पुलिस ने युवक को युवती सहित बरामद करते हुए आरोपी युवक को जेल भेज दिया है। 10 जुलाई 2024 को ग्राम निवासी महिला ने थाना कुंदरकी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी पुत्री को मोनू पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम मसेबी रसूलपुर थाना मैनाठेर अगवा करके ले गया था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से ही पुलिस युवक और युवती को तलाश रही थी। जिसमें पुलिस ने युवक और युवती दोनों को बरामद कर युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि युवती को उसके परिजनों को सौंप दिया।

### कूमल लगाकर बर्तन और नकदी चोरी

**कुंदरकी, अमृत विचार :** ग्राम चतिपुर में चोर शुक्रवार देर रात कूमल लगाकर किसान के घर से 40 किलो पीतल व तांबे के बर्तन और 20 हजार की नकदी ले गए। सुबह ग्रामीणों ने परिजनों को जानकारी दी तो परिवार को घटना के बारे में पता चला। तब परिवार वालों ने सूचना डायल 112 पर पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल की। ग्राम निवासी अय्यूब ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बताया कि उसके घर में एक साल में दोबारा चोरी हुई है।

### एसएसपी के आदेश पर छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**कुंदरकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम निवासी महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर पति व ससुराल पक्ष के लोगों पर आरोप लगाया था। एसएसपी के आदेश पर मैनाठेर पुलिस ने पति सहित छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला ने बताया कि 30 नवंबर 2023 को अमान पुत्र नासिर के साथ उसका निकाह हुआ था। शादी के कुछ समय बाद ही नशे का आदी उसका पति मारपीट और गाली गलौच करने लगा। एक दिन जब वह अकेली थी तब उसके ससुर नासिर ने उसके साथ गलत काम किया। शिकायत करने पर उसे पति ने पीटा। महिला ने बताया कि वह छह माह की गर्भवती है। 12 जुलाई को उसका भाई अली अहमद बुलाने आया था तब उसके पति अमान, ससुर नासिर, देवर अज्जी, दादी सास नजमा, सास शबीना, और फूफी अमरीन ने उसे और भाई को पीटकर घर से निकाल दिया। मामले में पुलिस ने छह आरोपियों पर मामला दर्ज किया है।

### बाइक व स्कूटी की टक्कर में बच्चे की मौत, पांच घायल

**कांठ, अमृत विचार :** ग्राम अकबरपुर चैदरी निवासी रिफाकत पत्नी गुलशन जहां एवं पांच वर्ष के बच्चे सिहरन को लेकर बाइक से अमरोहा जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक ऊमरी कलां एवं कांठ के बीच करुला नदी के पुल के पास पहुंची तो सामने से स्कूटी से शोभा पत्नी सहदेव निवासी ग्राम बगवाड़ा थाना स्योहारा अपने दो बेटों के साथ स्कूटी से घर जा रही थी। करुला नदी के पुल के पास दोनों वाहनों की टक्कर में सिहरन की मौत हो गई और रिफाकत और गुलशन जहां घायल हो गए और शोभा 25 वर्ष व उसके पुत्र विष्णु तथा वैभव दोनों घायल हो गए। घायलों को सीएचसी कांठ में लाया गया। हालत गंभीर होने पर सभी घायलों को जिला अस्पताल मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया है और उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

### टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने मनाया स्थापना दिवस

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** जनपद के ब्लॉक डिलारी संसाधन केन्द्र पर टीचर्स सेल्फ केयर टीम का स्थापना दिवस मनाया गया। खण्ड शिक्षाधिकारी भूपेश दिनकर ने बीआरसी परिसर में पौधरोपण कर सभी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों से टीम में जुड़ने का आह्वान किया। ब्लाक संयोजक नितिन शर्मा ने बताया कि प्रति सदस्य 22 रुपये के मासिक सहयोग से 55 लाख रुपये से अधिक की मदद की जा सकती है। प्रवक्ता विपेन्द्र सिंह ने कहा कि जुलाई माह में 10 परिवारों की मदद की जा रही है। सह संयोजक कुलदीप कुमार ने रजिस्ट्रेशन और सहयोग करने का तरीका बताया। सह संयोजक रंजीता चौहान ने कहा कि न्याय पंचायत वार सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर विवेक चौहान, वीरेन्द्र यादव, पवन यादव, विश्वजीत मलिक, अशोक कुमार, तरुण गिल , वैभव शर्मा रहे।

### सब्जी के दाम बढ़े तो ई-रिक्शा चालकों ने भी बढ़ाया किराया

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा-डिलारी मार्ग पर कमालपुरी, कालाझंडा, फसियापुरा पदार्थ, किशनपुर गांवडी तक चलने वाले ई-रिक्शा चालकों ने ई-रिक्शा का किराया दोगुना कर दिया। अचानक बढ़े किराये से आम लोगों व छात्र-छात्राओं में बेचैनी बढ़ गई। ठाकुरद्वारा आने वाले यात्रियों व छात्राओं का कहना था कि शनिवार सवेरे ई रिक्शा चालकों ने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी। जब स्कूल की छुट्टी होने पर विद्यालय से घर जाने के लिए वह कमालपुरी चौराहे पर पहुंचे तो ई-रिक्शा चालकों ने ई रिक्शा में बैठने से पहले कहा कि अब कमालपुरी तक का 10 रुपये किराया देना होगा। इस पर यात्री व छात्र छात्राओं और ई रिक्शा चालकों में बहस होने लगी। लेकिन ई रिक्शा चालकों ने किसी की एक न सुनी। डिलारी मार्ग पर चलने वाले ई रिक्शा चालक युस्तकीम, नजीर, सुरेंद्र, महेंद्र सहित कई ई रिक्शा चालकों का कहना है कि सब्जियों व दालों की महंगाई आसमान छू रही हैं। इसी कारण उन्हें किराया बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ा। ई रिक्शा की बैटरी, टायर खर्चे के रख रखाव भी महंगा हो गया है। जबकि दैनिक यात्रियों और छात्र-छात्राओं का कहना है कि किराया बढ़ाना था तो दो दिन पहले बताना था। अब दोगुना का किराया कैसे दें। छात्र सहदेव कुमार, मुकुल कुमार, रजनीश, वीरेश व छात्रा मधु, प्राची, स्नेहा बताया कि हम लोगों ने ई रिक्शा चालकों से कहा कि कल से 10 रुपये लेना। लेकिन वह नहीं माने। इसके बाद छात्र-छात्राएं व यात्री कमालपुरी चौराहे से बस से रवाना हुए।

# गाजियाबाद में हादसे में ठाकुरद्वारा के वाहन चालक की मौत, हेल्पर घायल

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** कोतवाली ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव कालाझंडा के गाजियाबाद में हुई सड़क हादसे में वाहन चालक की मौत हो गई, जबकि हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गया।

थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव कालाझंडा निवासी 25 वर्षीय मोनिश पुत्र मुबारक कैंटर चलाता हैं, वहीं गांव का इस्माइल पुत्र बाबू उसका हेल्पर है। दोनों शुक्रवार देर रात गाजियाबाद क्षेत्र में कैंटर लेकर जा रहे थे। तभी नींद की झपकी लगने से वाहन की सामने खड़े ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में चालक मोनिश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि इस्माइल गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दी। शुक्रवार रात को ही मृतक व घायल के परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए थे। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

शनिवार शाम शव के घर पहुंचने पर मृतक के माता-पिता व भाई का बुरा हाल हो गया। वहीं घायल हेल्पर का उपचार चल रहा है। उसकी हालत भी नाजुक बताई जा रही है।

### दो बाइकों की टक्कर में चार युवक घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा-स्योहारा मार्ग पर दो बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के गांव शरीफनगर निवासी मोहम्मद ताबिश पुत्र मोहम्मद याकूब व मोहम्मद साजिद पुत्र गौहर अली शनिवार सवेरे बाइक से स्योहारा गए थे। दोपहर तीन बजे वह बाइक से घर वापस आ रहे थे। सुरजननगर के निकट सामने से आ रही बाइक से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। जिससे दोनों बाइकों पर बैठे चारों लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। शरीफनगर निवासी दोनों लोगों को गंभीर चोटें लगी हैं। वहीं अन्य दो बाइक सवार मामूली रूप से घायल हुए। दोनों एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचे। लेकिन फिर वहां से वह दोनों बिना उपचार कराए ही चले गए।

### बाइक सवार युवकों ने शिक्षक पर किया हमला

**कांठ, अमृत विचार :** मुंह पर नकाब लगाए बाइक सवार आरोपियों ने विद्यालय से घर जा रहे शिक्षक पर हमला कर दिया।

मोहल्ला पटेहगंज निवासी रजत बिश्नोई पुत्र संजीव कुमार महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में शिक्षक हैं। 26 जुलाई को वह विद्यालय से छुट्टी के बाद डेढ़ बजे घर जा रहे थे। तभी चार नकाबपोशों ने दो बाइकें उनकी स्कूटी के आगे लगा दी। इसके बाद आरोपियों ने शिक्षक से गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। इसी बीच वहां कुछ व्यक्तियों के बीच बचाव करने पर सभी आरोपी वहां से भाग गए। शिक्षक रजत बिश्नोई के साथ महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मदन सिंह थाने पहुंचे और उन्होंने थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। शिक्षक रजत बिश्नोई ने सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।



नगर से गुजरता कांवड़ियों का जत्था। ● अमृत विचार

# हाईवे पर लग रहे भोले के जयकारे

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** सावन के दूसरे सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए हरिद्वार से कांवड़ में गंगाजल भरकर मंजिल की ओर बढ़ रहे कांवड़ियों की शनिवार को संख्या अधिक दिखाई दी। पूरा दिन हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारों से क्षेत्र का वातावरण शिवमय हो गया।

सावन में शिव भक्त हरिद्वार से गंगाजल लाकर सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। दूर दराज के कांवड़िये कांवड़ लेकर नगर से होकर गुजर रहे हैं। शनिवार को पूरा दिन कांवड़ियों की वापसी होती रही। वहीं कुछ कांवड़िये गंगाजल लेने के लिए हरिद्वार भी जा रहे थे। कांवड़ियों की जलपान की व्यवस्था के लिए जगह-जगह कांवड़ सेवा शिविर भी लगाए जा रहे हैं। जिससे कांवड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और कांवड़िये यात्रा पूरी कर सकें।



ठाकुरद्वारा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीज। ● अमृत विचार

# बारिश के बाद बुखार और उल्टी-दस्त के मरीज बढ़े

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** बारिश के बाद लोगों को गर्मी से तो राहत मिली, लेकिन क्षेत्र में संक्रामक रोगों ने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। सरकारी और निजी अस्पतालों में बुखार, उल्टी और दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

चिकित्सक मरीजों को खानपान में सावधानी बरतने व सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और निजी अस्पतालों में ज्यादातर मरीज बुखार और उल्टी-दस्त के पहुंच रहे हैं। शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उल्टी और दस्त के कई मरीजों को भर्ती किया गया। सीएचसी में कुल 295 रोगियों ने पंजीकरण कराए। सीएचसी प्रभारी डॉ. राजपाल सिंह ने बताया कि बारिश में बाहर का खाना न खाएं। तबीयत बिगड़ने पर चिकित्सक की सलाह लें और मच्छरदानी का उपयोग करें।

### छात्र से मारपीट में महिला सहित चार पर रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** लाइब्रेरी जा रहे छात्र से रास्ते में घात लगाए बैठे चार लोगों ने गाली गलौज और मारपीट की। मोहल्ले के लोगों को आता देख आरोपी फरार हो गए। मामले में पुलिस ने चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव कालाझंडा निवासी इमलेश देवी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसका बेटा हेमेन्द्र कुमार 26 जुलाई सुबह नौ बजे लाइब्रेरी जा रहा था। गांव के निकट ही गांव के विशेष उर्फ बलिया, चंद्रहास, बिट्टू, व विशेष उर्फ बलिया की पत्नी अनीता ने उसके बेटे को रास्ते में रोककर गालियां दीं, जब हेमेन्द्र ने गाली देने का विरोध किया तो चारों ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया। हेमेन्द्र के शोर मचाने पर ग्रामीणों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित छात्र की मां की तहरीर पर पुलिस ने महिला सहित चार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।



बैठक में मौजूद भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# फसलों की सिंचाई के लिए नहरों में पानी छोड़ा जाए

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** नहरों में पानी छोड़ने को लेकर भाकियू टिकैत ने बैठक की। बैठक में नहरों में तत्काल पानी छोड़ने की मांग की गई।

भाकियू टिकैत की बैठक शुक्रवार शाम कुलदीप सैनी के निवास पर हुई। किसानों ने कहा कि बारिश कम होने के बाद भी नहरों में पानी नहीं छोड़े जाने से किसान धान की रोपाई नहीं कर पाए हैं। सिंचाई विभाग के एसडीओ ने पांच दिन पहले पानी छोड़ने के लिए आश्वासन दिया था, अब तक नहर में पानी नहीं आया है। संगठन के सदस्यों ने निर्णय लिया कि अगर नहर में पानी नहीं छोड़ा गया तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में चौधरी ऋषिपाल सिंह, चौधरी दर्शन सिंह, हरदीप सिंह, सियाराम सिंह बिश्नोई, अरविंद बिश्नोई जॉनी, प्रिंस चौधरी, महेश ठाकुर रहे।

### लाखों की चोरी में अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** चोर घर से जेवर व नकदी समेत सामान ले गए थे। जिस पर पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग थी। कोतवाली पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम फैजुल्लागंज निवासी प्यारे सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि चोरों ने उसके घर की अलमारी का ताला तोड़कर आठ तोले सोना व 10 तोले चांदी के जेवर व 25 हजार रुपये की नकदी के साथ ही फोन चोरी कर लिए थे। जिस पर पीड़ित प्यारे सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई थी। जिसपर कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने उसकी पुत्री से दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

25 जुलाई को रात नौ बजे ग्रामीण की पुत्री से दानवीर उर्फ दानी उर्फ हीरालाल पुत्र राम प्रसाद निवासी ग्राम झकड़ा थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद ने दुष्कर्म किया था। मामले में पीड़िता के पिता ने तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शनिवार को 12 बजे मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में अपराध निरीक्षक राजेश यादव, उप निरीक्षक साहब सिंह, विशाल गुप्ता, निशी चौधरी, कांस्टेबल संजीव कुमार मौजूद रहे।

# पार्क का सुंदरीकरण होगा, शादी घर बनेगा

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के सभागार में बोर्ड की बैठक हुई। जिसमें 25 लाख रुपये लाभ का बजट पारित किया गया। ईओ रजनी सिंह, पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने बजट प्रस्तुत किया। जिसमें 25 करोड़ 57 लाख 51 हजार 64 रुपये की अनुमानित आय और 25 करोड़ 32 लाख 60 हजार रुपये का अनुमानित खर्च शामिल रहा। सभासद देवेश शर्मा, राकेश यादव ने पालिका भूमि की पैमाईश कराने की मांग उठाई। इस पर सहमति बनी कि पालिका संपत्ति की पैमाईश निजी एजेंसी से कराई जाए और नापतोल के बाद तारबंदी कराकर पालिका संपत्ति का बोर्ड लगाया जाए।

शनिवार को बैठक में नगर पालिकाध्यक्ष रघुराज यादव ने कहा कि पालिका परिसर में बहुउद्देशीय हाल बनेगा। वीर अब्दुल हमीद पार्क का सुंदरीकरण के साथ ही शादी घर का निर्माण होगा। इसके रखरखाव का शुल्क पांच हजार रुपये प्रति कार्यक्रम होगा। एक सभासद को एक माह में पांच कार्यक्रमों की संस्तुति करने पर इस शुल्क में 25 प्रतिशत की छूट आयोजक को मिलेगी। प्रत्येक सभासद वार्ड में 25 हजार रुपये के कार्य का प्रावधान किया गया। जिससे वे नाली, खड़ंजे की मरम्मत करा सकेंगे। खाबरी अव्वल गांव में स्थित पालिका के कूड़ाघर की दीवार ऊंची बनेगी। निहाल सिंह ने कहा कि नगर में कई खाली भूखंड कूड़ा घर बन गए हैं, इस पर रोक लगाई जाए। राकेश यादव ने रविवार को पूरे दिन पेय जलापूर्ति करने की मांग रखी, जिस पर सभी ने सहमति दी। सुमित यादव ने पुराने टेलीफोन के खंभे हटाने की मांग उठाई। नवविकसित कॉलोनियों में विद्युतीकरण के लिए पालिका से 200 नए खंभे खरीदने पर सहमति बनी, प्रत्येक सभासद की संस्तुति पर प्रत्येक वार्ड में पांच खंभे लगेंगे। बैठक में ईओ ने जानकारी दी गई कि हाईवे पर विज्ञापन के फ्लैक्स बोर्ड लगाने पर विज्ञापन शुल्क वसूला जाएगा। बैठक में आशीष शंकर पांडे ने पालिकाध्यक्ष के अस्पताल भूमि के संबंध में प्रयासों की सराहना की। बैठक में ब्रज रतन प्रजापति, टिंकू चौधरी, प्रवेश प्रजापति, अभिषेक पांडे, रसीद पन्ना, हप्पू राजा, जरीफ अंसारी, आमिल सिद्दीकी आदि शामिल रहे।



पालिका सभागार में बोर्ड की बैठक में मौजूद चेयरमैन, ईओ व सभासद। ● अमृत विचार

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, यूनिट-18
कन्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज
उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
मकान सं0-जैड 1/17, आशियाना फेज-2, (कृष्णा आर्थोपेडिक सेन्टर के सामने वाली गली में), कॉठ रोड, मुरादाबाद-244001
E-mail id: pm18mbd@gmail.com

पत्रांक- 2240/एम-18/670 दिनांक- 19/07/2024

अल्पकालीन निविदा-सूचना

अध्यक्ष, उ०प्र० जल निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा भवन निर्माण कार्यो (Building works) में दक्ष निविदादाता/ठेकेदारों से जनपद मुरादाबाद में संचालित विभिन्न राजकीय इण्टर कॉलेज, माध्यमिक विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल की सुविधा के निर्माण कार्य हेतु दिनांक 19.07.2024 से 03.08.2024 के मध्य अपरान्ह 03:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है जोकि दिनांक 03.08.2024 को अपरान्ह 03:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। उक्त निर्माण कार्यों के निविदा प्रपत्र दिनांक 19.07.2024 से 02.08.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में (कार्यालय समय में) इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं, जिसका विवरण निम्नानुसार है।

| क्र० सं० | विद्यालय का नाम | कार्य की लागत (रू० लाख में) | धरोहर राशि (Earnest Money) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय उच्चतर मा० विद्यालय नगलिया मशकूला | 3.51 | 7100.00 | 1000+ (G.S.T.18%) | 45 दिन | दो माह | ई एवं उच्चतर श्रेणी |
| 2 | राजकीय उच्चतर मा० विद्यालय पैगम्बरपुर | 3.51 | 7100.00 | 1000+ (G.S.T.18%) | 45 दिन | दो माह | ई एवं उच्चतर श्रेणी |
| 3 | राजकीय उच्चतर मा० विद्यालय टांडा अफजलपुर | 3.51 | 7100.00 | 1000+ (G.S.T.18%) | 45 दिन | दो माह | ई एवं उच्चतर श्रेणी |

1. निविदा क्रय करने का दिनांक 19.07.2024 से 02.08.2024 तक।
2. निविदा जमा करने का दिनांक 03.08.2024 अपरान्ह 03:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का दिनांक 03.08.2024 अपरान्ह 03:30 बजे।

परियोजना प्रबन्धक

## एक नजर

### पीएफ कमिश्नर को कोर्ट के समक्ष पेश होने का आदेश

**रामपुर, अमृत विचार :** रजा टैक्सटाइल्स मजदूर संघ के पूर्व सचिव प्रेम तिवारी ने बताया कि मजदूरों से जुड़े एक मामले की सुनवाई 25 जुलाई को प्रयागराज हाईकोर्ट में हुई। इसमें मजदूर संघ की ओर से किशनलाल द्वारा अधिवक्ता रोशनी शुक्ल के माध्यम से दिए गए प्रार्थना पत्र अदालत ने सुनवाई की। कोर्ट ने जनरल रजिस्ट्रार व पीएफ कमिश्नर बरेली को 29 जुलाई को कोर्ट के समक्ष पेश होने का आदेश दिया है। सीज पीएफ रजिस्टर को खोला जाए। उसकी फोटोकॉपी कराकर ओएल इलाहाबाद को दी जाए। इसके बाद ओएल अपनी रिपोर्ट एक माह के अंदर हाईकोर्ट में पेश करेगा।

### घर में घुसकर मां-बेटी को पीटा, दी तहरीर

**मसवासी, अमृत विचार :** चौकी क्षेत्र के गांव हसनपुर-उत्तरी निवासी मिस्कीन जहां ने पुलिस को तहरीर दी है। इसमें कई लोगों पर जबरन घर में घुसकर उसे व उसकी बेटी के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए जांचकर कार्रवाई की मांग की है। महिला का आरोप है कि दबंग आए दिन किसी न किसी बात को लेकर मारपीट पर उतारु रहते हैं।

# दो सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत

## खजुरिया थाना क्षेत्र में हुए हादसे, तीनों परिवारों में मचा कोहराम

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** खजुरिया थाना क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने तीनों के शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिए हैं।

शुक्रवार की रात लगभग 12 बजे खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव सुजातगंज खैरा निवासी बलकार सिंह का 35 वर्षीय पुत्र गुरप्रीत सिंह अपने दोस्त गांव महतोष निवासी 32 वर्षीय राजवीर सिंह पुत्र बिहारी लाल के साथ क्रेटा कार में सवार होकर गांव अहरो जा रहा था। रास्ते में अहरो-बेगमाबाद मार्ग स्थित एक पेट्रोल पंप के निकट सड़क किनारे धान से भरी खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली में उनकी कार पीछे से घुस गई। इसमें कार के परखच्चे उड़ गए। जबकि उसमें सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद तेज धमाका और चीख-पुकार सुनकर मौके पर भीड़ लग गई। हादसे की सूचना पर पहुंची डायल-112 पुलिस ने दोनों घायलों को नजदीकी अस्पताल भेज दिया। मगर रास्ते में ही दोनों की मौत हो गई।

दूसरी ओर बरेली जनपद के शीशगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पगडंडी निवासी अजय कुमार अहरो-बिलासपुर मार्ग स्थित पेट्रोल पंप से डीजल लेने के लिए जा रहा था। पंप के निकट अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। इसमें अजय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में उसने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया है। सड़क हादसों में जान गंवाने वाले तीनों मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा है।


जिला अस्पताल में बैठे अजय के गमजदा परिजन। ● अमृत विचार

### गुरप्रीत व अजय के कंधों पर ही थी परिवार की जिम्मेदारी

गुरप्रीत के परिजनों ने बताया कि वह चार बहनों का इकलौता भाई था। परिवार की पूरी जिम्मेदारी उसी के कंधे पर थी। उधर अजय कुमार भी अपने परिवार का इकलौता चिराग था। उसी के कंधे पर परिवार की जिम्मेदारी थी। दोनों परिवारों के आखिरी चिराग बुझ जाने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### किसान थे हादसे में जान गंवाने वाले तीनों लोग

सड़क हादसों में जान गंवाने वाले तीनों मृतक किसान थे। गांव सुजातगंज खैरा निवासी गुरप्रीत सिंह के परिजनों ने बताया कि वह खेती करता था। रात में अचानक उसे कोई काम याद आ गया और परिजनों से जल्द वापस आने को कहकर वह घर से निकल गया। मगर जब देर रात तक वह वापस नहीं आया तो परिजनों ने फोन किया मगर उससे बात नहीं हो सकी। पुलिस ने हादसे की सूचना दी तो परिवार में चीख-पुकार मच गई। उधर, मेहतोष गांव निवासी राजवीर सिंह भी खेती करता था। परिजनों ने बताया कि दोनों में गहरी मित्रता थी। दोनों ही कोई काम बताकर घर से निकले थे। गुरप्रीत के दो बच्चे हैं। जबकि राजवीर सिंह का एक पुत्र है। दूसरे सड़क हादसे में जान गंवाने वाला अजय कुमार भी किसान था। उसके खेत में धान की रोपाई चल रही थी। इसके लिए वह शनिवार की सुबह इंजन के लिए डीजल लेने आया था। उसकी वापसी के इंतजार में बैठे परिजनों ने जब हादसे की खबर सुनी तो उनके पैरो तले से जमीन खिसक गई। रोते-बिलखते परिजन थाने पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

## युवक ने ससुराल में फंदे पर लटक कर दी जान

**पटवाई, अमृत विचार :** मुरादाबाद के एक युवक ने पटवाई थाना क्षेत्र के सुजातगंज गांव स्थित ससुराल में घर के दरवाजे के सामने अपने लोअर से शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे घर के गेट के सामने फंदे पर लटक कर जान दे दी।

पटवाई थाना क्षेत्र के गांव सुजातगंज निवासी रमेश ने अपनी बेटी सुनैना की शादी मुरादाबाद के थाना मूंढापांडे के जगर गांव निवासी राकेश से 10 साल पहले की थी। ग्रामीणों का कहना है कि राकेश और सुनैना के बीच हमेशा लड़ाई रहती थी। युवक मानसिक रूप से कमजोर था। राकेश और सुनैना के बीच कुछ दिन पहले झगड़ा हो गया था। इसके बाद सुनैना मायके आ गई थी। शुक्रवार की शाम राकेश अपनी ससुराल आया था। शुक्रवार की रात में राकेश ने अपने लोअर को निकालकर सुनैना के घर के गेट के सामने दरवाजे के कुंडे में फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना मिलते ही राकेश के परिवार वाले शनिवार की सुबह गांव पहुंचे और राकेश के शव को मुरादाबाद ले गए। ग्रामीणों ने बताया कि घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है। थाना प्रभारी अमरनाथ वर्मा ने घटना की जानकारी से इन्कार किया है।

## सार संक्षेप

### पालिका प्रशासन ने 21 दुकानदारों को दिए नोटिस

**रामपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद ने पनवड़िया के 21 दुकानदारों को नोटिस दिए हैं। 25 जुलाई को नगर पालिका प्रशासन की ओर से जारी किए गए नोटिस में कहा है कि पनवड़िया चौराहे के पास बंजर भूमि पर दुकानों का निर्माण कर लिया गया है। ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि दुकानदार 14 दिन में दुकानों को स्वयं हटा लें और इसकी सूचना नगर पालिका कार्यालय में दें। अन्यथा नोटिस की समयावधि समाप्त होने के बाद पालिका द्वारा अवैध दुकानों को हटा दिया जाएगा।

### प्रधानाचार्य पर जानलेवा हमला करने में चार पर रिपोर्ट

**बिलासपुर, अमृत विचार :** राजकीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य पर जानलेवा हमला करने में चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अशोक नगर स्थित राजकीय इंटर कालेज में देवेंद्र पाल प्रधानाचार्य हैं। बुधवार को वह विद्यालय से घर जा रहे थे। रास्ते में रेलवे क्रासिंग के निकट युवकों ने उन पर धारदार हथियार से हमला करके घायल कर दिया था। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई थी। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि उनके कालेज के ही शिक्षक देवेंद्र सिंह और उसके तीन अज्ञात साथियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। कार्रवाई की जा रही है।

### आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस दे रहीं दबिश

**स्वार, अमृत विचार :** पुलिस की एक तरफा कार्रवाई से क्षुब्ध महिला ने जहर खा लिया था। इससे उसकी हालत बिगड़ गई थी। पुलिस ने महिला को हायर सेंटर में भर्ती कराया था। अब उसकी हालत में सुधार है। पुलिस ने इस मामले के आरोपियों की धरपकड़ के लिए दबिश दी। मगर पुलिस के डर से आरोपी दरवाजों में ताले डालकर फरार हो गए। सुरक्षा की दृष्टि से गांव में पुलिस तैनात है। कोतवाली के गांव फाजलपुर निवासी ओमप्रकाश के घर 21 जुलाई को बेटी के नामकरण में डीजे बज रहा था। डीजे पर डांस करने को लेकर बंटी व बाबू के परिजनों के बीच जमकर धारदार हथियार व लाठी डंडे चले थे। इस मामले में पुलिस पर एक पक्षीय कार्रवाई का आरोप लगाते हुए बाबू की पत्नी ने एसपी कार्यालय के सामने शुक्रवार को जहर खा लिया था। इंस्पेक्टर संदीप त्यागी ने बताया कि पुलिस आरोपियों की धरपकड़ के लिए दबिश दे रही है।

### बाइक खंभे से टकराई, दो घायल

**ढकिया, अमृत विचार :** शाहबाद-आसफपुर मार्ग पर मधुकर गांव के समीप जाहरवीर बाबा की समाधि के निकट मोड़ पर तेज रफ्तार बाइक खंभे से टकरा गई। इसमें बाइक सवार खंदेली गांव निवासी अमर सिंह और मुरादाबाद निवासी विशेष शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को शाहबाद के अस्पताल भिजवाया।

### बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए सौंपा ज्ञापन

**स्वार, अमृत विचार :** नगर पंचायत नरपतनगर दूंदावाला में हो रही बिजली कटौती को लेकर चेयरमैन खालिद अली ने अधिशासी अभियंता अजीत कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि नगर पंचायत नरपतनगर दूंदावाला में बिजली की अंधाधुंध कटौती से लोग परेशान हैं। अधिशासी अभियंता ने आश्वासन दिया कि ट्यूबवेल वाले कनेक्शन के लिए अलग फीडर बन रहा है। इससे ट्यूबवेल कनेक्शन जोड़ दिए जाएंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में मसरूर अहमद, रहमत अली, मोहम्मद आसिफ, सरताज अहमद, फजले अहमद, मोहम्मद हसन, दिलशाद अहमद, गुड्डू, शादाब अली, मेहराजुद्दीन, राधे श्याम, सुभान अली आदि शामिल रहे।

### नगर पालिका ने अतिक्रमण हटवाया

**टांडा, अमृत विचार :** शनिवार को उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह और अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार ने नगर पालिका एवं राजस्व विभाग की टीम के साथ पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण हटवाया। इस दौरन 19 खोखे स्वामियों ने एसडीएम से कहा कि सीएचसी के सामने रखे सभी खोखों को बिना भेदभाव हटाया जाए या सभी खोखों को रखा रहने दिया जाए। इस एसडीएम ने सीएचसी के सामने रखे 34 खोखों को तत्काल हटवा दिया। इस दौरान पुलिस ने मौके से अनस निवासी मोहल्ला काजीपुरा, मोहम्मद रहमान निवासी ग्राम मोहनपुर, राजू निवासी मोहल्ला टंडोला, धर्मवीर पाल निवासी चौरई दलपतपुर थाना मीरगंज जनपद बरेली का शांति भंग में चालान कर दिया।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल सील किया

**दढ़ियाल, अमृत विचार :** शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने काशीपुर मार्ग पर संचालित न्यू दिल्ली अस्पताल पर छापा मारा। इस दौरान अस्पताल का स्टाफ मौके से खिसक गया। मौके पर मिली महिला स्टाफ अस्पताल से संबंधित कागजात नहीं दिखा सकी। इस पर टीम ने अस्पताल को सील कर दिया।

# घर में कूमल लगाकर आठ लाख की चोरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** चोर शुक्रवार की रात घर की पिछली दीवार काटकर करीब 11 तोले सोने के जेवर और पांच हजार रुपये सहित लगभग आठ लाख रुपये का सामान समेट कर ले गए। दिन निकलने पर घर का नजारा देख महिला के होश उड़ गए। उसने थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव ककरौआ निवासी मकबूल का छोटा भाई इस्लाम नबी केरला में मजदूरी करता है। उसकी पत्नी रिजवाना बच्चों के साथ गांव में रहती है। गर्मी अधिक होने के कारण रिजवाना बच्चों के साथ आंगन में सो रही थी। आधी रात के बाद चोरों ने उसके मकान की पिछली दीवार काट ली। इसके बाद घर में घुसकर अलमारी में रखे 11 तोले सोने के जेवर और करीब पांच हजार रुपये चुराकर फरार हो गए। सुबह रिजवाना कमरे में गई तो वहां का नजारा देख उसके होश उड़ गए। मकबूल ने पुलिस को तहरीर दी है। इसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है।


मकान की पिछली दीवार में लगा कूमल।


चोरी के बाद कमरे में बिखरा पड़ा सामान।

### खाली संदूक को जंगल में फेंक गए चोर

चोर महिला के संदूक को भी अपने साथ ले गए। कपड़े निकालने के बाद उन्होंने संदूक को वहीं फेंक दिया। जंगल जाते समय लोगों ने संदूक देख पीड़ित परिवार को जानकारी दी। इस पर परिजन मौके पर पहुंचे। संदूक में रखा कीमती सामान गायब था।

## गृह मंत्रालय और प्रशासन की टीम ने देखे दस्तावेज

**रामपुर, अमृत विचार :** जौहर यूनिवर्सिटी में दो दिन से रुकी गृह मंत्रालय और प्रशासन की टीम ने शत्रु संपत्ति के दस्तावेज खंगाले। हाईकोर्ट के आदेश पर गृह मंत्रालय के भारतीय शत्रु संपत्ति अभिरक्षक विभाग और प्रशासन की टीम ने शत्रु संपत्ति पर कब्जा लेकर तारकशी भी करा दी है। पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खां ने दस्तावेजों में घपला करके शत्रु संपत्ति हड़प ली थी।

गृह मंत्रालय के भारतीय शत्रु संपत्ति अभिरक्षक विभाग और प्रशासन की टीम ने 13.8 हेक्टेयर भूमि को कब्जे में कर लिया है। चारों ओर पिलर लगवाकर तारकशी भी करा दी गई है।

जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि सींगनखेड़ा में जौहर यूनिवर्सिटी का निर्माण हुआ था। इसमें लगभग 13.8 हेक्टेयर शत्रु संपत्ति थी। जिलाधिकारी ने कहा कि शत्रु संपत्ति को इन्होंने गलत तरीके से ग्राम समाज की भूमि में एक्सचेंज कराया था।

# त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के लिए मतदान छह अगस्त को

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● पांच अगस्त को मुख्यालयों से होगी मतदान दलों की रवानगी

**अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के अन्तर्गत मतदान पूर्व निर्धारित केंद्रों पर कराया जाएगा। स्ट्रांग रूम निर्माण, मतगणना तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा का कार्य सम्बन्धित क्षेत्र के पंचायत मुख्यालय पर होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि इसके अतिरिक्त उप निर्वाचन के अन्तर्गत मतदान की कार्रवाई छह अगस्त को प्रातः सात बजे से होगी। मतदान दलों को सम्बन्धित विकास खंड मुख्यालय पर पांच अगस्त को सुबह 10 बजे प्रशिक्षण दिया जाएगा। मतगणना सम्बन्धित विकास खंड मुख्यालय पर आठ अगस्त को सुबह आठ बजे प्रारम्भ होगी। मतगणना दल को प्रशिक्षण सम्बन्धित विकास खंड मुख्यालय पर आठ अगस्त को पूर्वाहन सात बजे दिया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने खंड विकास अधिकारी स्वार, मिलक एवं चमरौआ को पदवार मतपत्रों की चिन्हवार मांग पत्र, विकास खंड मुख्यालय से रूट चार्ट देने के निर्देश दिए। पांच अगस्त को दोपहर तक मतदान स्थलों का निर्माण कराने को कहा। विकास खंड मुख्यालय पर पांच अगस्त सुबह 10 बजे मतदान दलों को प्रशिक्षण दिलाते हुए उनकी रवानगी एवं वापसी के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने को कहा है। स्ट्रांग रूम निर्माण के साथ ही विकास खंड मुख्यालय पर आठ अगस्त को होने वाली मतगणना के लिए कार्मिकों को प्रशिक्षण दिलाते हुए व्यवस्थाएं कराने के निर्देश दिए हैं।


ब्लॉक संसाधन केंद्र में हुई बैठक में मौजूद प्रधानाध्यापक। ● अमृत विचार

# प्रिंट निकाल कर निपुण तालिका को करें अपडेट : राजेंद्र बोरा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मुख्य अतिथि चमरौआ के खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र सिंह बोरा ने प्रधानाध्यापकों को बताया कि प्रिंट निकलवा कर निपुण तालिका को अपडेट करें। अक्टूबर में निपुण आकलन होगा।

शनिवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र शंकरपुर में प्रधानाध्यापकों की बैठक हुई। इसमें खंड शिक्षाधिकारी राजेंद्र सिंह बोरा ने कहा कि सभी निपुण लक्ष्य प्राप्ति के लिए कार्य योजना के अनुसार शिक्षण कार्य करना, दीक्षा एप का प्रभावी प्रयोग एवं प्रशिक्षण पूर्ण करना, निपुण लक्ष्य एप से शत प्रतिशत आकलन करना है। एमडीएम में 50 प्रतिशत से कम उपस्थिति सम्बन्धी स्पष्टीकरण देना होगा। प्रेरणा पोर्टल से संदर्शिका डाउनलोड करना और उसका प्रयोग करना चाहिए। पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन करें। एसआरजी प्रदीप भटनागर, ब्लॉक के नव नियुक्त मेंटर बृजराज किशोर मौजूद रहे।

# ग्रीस में भारत के राजदूत से मिले पूर्व मंत्री नवेद मियां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** ग्रीस में भारतीय राजदूत रुद्रेंद्र टंडन से पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर बातचीत की। इसमें रामपुर फूड फेस्टिवल का आयोजन भी शामिल है।

ग्रीस की राजधानी एथेंस स्थित भारतीय दूतावास में राजदूत रुद्रेंद्र टंडन ने नवेद मियां का स्वागत किया। पूर्व मंत्री के पीआरओ काशिफ खां ने बताया कि सितंबर 2020 में रुद्रेंद्र टंडन को अफगानिस्तान में भारत के राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया था। वह 2018 में आसियान सचिवालय में भारत के राजदूत थे। 1994 में भारतीय विदेश सेवा में शामिल हुए थे। अफगानिस्तान के जलालाबाद में भारत के महावाणिज्यदूत के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। भारत में रहते हुए उन्होंने अवर सचिव (पाकिस्तान), प्रधानमंत्री कार्यालय में निदेशक (पाकिस्तान), जेएस (पीएआई) और संयुक्त सचिव (यूएनपी) के रूप में कार्य किया है।


एथेंस में भारतीय राजदूत रुद्रेंद्र टंडन के साथ पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां।

## छात्रा को भगाने में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**भोट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी भांजी उसके साथ रहती है। वह कक्षा 12 की छात्रा है। 25 जुलाई को वह दवा लेने बिलासपुर गई थी। इसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद जानकारी मिली कि थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी गौरव उसे भगाकर ले गया है। इसमें उसके परिजन मुकेश, लौकीराम व राजकुमारी ने भी सहयोग किया है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी है।

# संस्थागत प्रसव शून्य होने पर 38 आशाओं को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में शहरी क्षेत्र में आभा आईडी और संस्थागत प्रसव शून्य होने पर 38 आशाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। आशाओं से सप्ताह भर में नोटिस का जवाब मांगा है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उन्हें बर्खास्त किया जाएगा। नोटिस जारी होने से आशाओं में खलबली मची है।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नोडल अधिकारी एनयूएचएम डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में आभा आईडी नगरीय क्षेत्र की उपलब्धि बहुत कम पाई गई। अप्रैल से जुलाई तक कोई भी संस्थागत प्रसव नहीं कराया गया।

बैठकों में कई बार कहा गया था कि अपने क्षेत्र में पांच वर्ष से अधिक आयु के लोगों की आभा आईडी बनाएं। संस्थागत प्रसव की रिपोर्ट भी नहीं दी जा रही है। इसलिए 38 आशाओं को कारण बताओ नोटिस दिए गए हैं। सप्ताह में शत-प्रतिशत आभा आईडी बनाकर संबंधित एएनएम को सूचना उपलब्ध कराने को कहा गया है। सूचना नहीं देने पर आशा को पद से बर्खास्त कर दिया जाएगा। डिप्टी एसीएमओ ने बताया कि इससे पूर्व जून में आशाओं को नोटिस दिए गए थे। लेकिन सुधार न होने पर दोबारा नोटिस दिए गए हैं।

### इन्हें दिए नोटिस

आयशा परवीन, सबीहा, पूनम, गोल्डी, सरिता, खुशनुमा, रुबीना बेगम, मुमताज, नसरीन बी, अंजुम आरा, सरस्वती, मुर्सरत, सोनीपाल, नूर सबा, राखी, शबनम, सीमा बी, सुषमा, महजबी, शायदा परवीन, संजीदा बी, फौजिया खान, शमा, आसमा परवीन, रोशन आरा, शकीना बी, गायत्री, महनाज सरताज, राधा, नीलम, रीना खान और हुमा बी।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद मिलक (रामपुर)

पत्रांक संख्या- 1180/न0पा0मि0/2024 दिनांक - 27/07/2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मिलक को राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माणं कार्य कराने हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

01 कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है–

| क0 सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | विड सिक्योरिटी (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य GST सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 01 | वार्ड 01 नसीराबाद मिलक में डम्पिंग ग्राउन्ड में एम0आर0एफ0 सेन्टर के सामने मिटटी भरान का कार्य। | 1,95,389.00 | 4000.00 | 236.00 | 02 माह |
| 02 | वार्ड 01 नसीराबाद मिलक की वृहद गौसंरक्षण केन्द्र में मिटटी भरान कार्य। | 2,98,831.00 | 6000.00 | 354.00 | 02 माह |

02 निविदा सूचना में अंकित बिड डक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः– **27.07.2024 को** प्रातः **11:00 बजे से।**

03 निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समयः– **02.08.2024 को** दोपहर **12:00 बजे तक।**

04 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– **03.08.2024 को** अपरान्ह **02:00 वजे।**

05 निविदा आमन्त्रणकर्ता को आई0टी0बी0 के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा।

06 **बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता व जमा करने की विधि–** निविदा प्रपत्र नगर पालिका परिषद मिलक कार्यालय से **दिनांक 27.07.2024** को प्रातः **11:00** बजे से **02.07.2024** को अपरान्ह **12:00** बजे तक कॉलम 05 (गैर वापसी योग्य) में दर्शाये गये निर्धारित शुल्क जमा कर क्रय किये जा सकते है।

07 **बिड सिक्यूरिटी (ई0एम0डी0)–** कालम–4 के अनुसार निर्दिष्ट राशि बिड सिक्योरटी के रूप में नकद/डिमाण्ड ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0/नेफ्ट के रूप में जमा की जायेगी जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मिलक के नाम वंधक होना चाहिए। बिड सिक्योरटी के रूप में राशि जमा न होने की दशा में टेण्डर की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ेगी।

08 **मूल दस्तावेज प्रस्तुत करना–** निविदादाता को निविदा जमा करने के उपरान्त आने वाली बिड आई0डी0 के साथ निम्नलिखित दस्तावेज कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
(क) निविदादाता द्वारा साफ साफ भरा हुआ व हस्ताक्षर किया हुआ शपथ पत्र । प्रारूप संलग्न है।
(ख) यूपी सरकार के आदेश सं0–01/2018/3070/78-2-2018/42IT/2017(22)/03.01.2018 के अनुसार मूल दस्तावेजों को पंजीकृत डाक द्वारा अथवा स्वयं कार्यालय में निविदा खोलने की तिथि से 01 दिन पूर्व जमा करना होगा। निविदा में प्रयुक्त डाक्यूमेन्ट को मूल प्रपत्रों से मिलान किया जायेगा भिन्नता पाये जाने पर इसे निविदा दाता द्वारा गलत विवरण प्रस्तुत करना माना जायेगा। ऐसे निविदा दाता को 01 वर्ष तक निविदा में भाग न लेने के लिए उत्तरदायी माना जायेगा। सभी डाक्यूमेन्ट कार्यालय नगर पालिका परिषद मिलक जनपद रामपुर में जमा करना होगा।

09 अन्य शर्ते किसी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।

10 नगर पालिका परिषद मिलक में धन उपलब्ध होने पर ठेकेदारों द्वारा किये गये निर्माण कार्य का भुगतान किया जायेगा।

**(राजेन्द्र प्रसाद)**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद मिलक (रामपुर)

**(दीक्षा गंगवार)**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद मिलक (रामपुर)


पहल | शहर विधायक की अपील के बाद जिला अस्पताल पहुंची गुर्दा रोग विशेषेज्ञ डॉ. वंदना सिंघल

# अब जिला अस्पताल में हो सकेगा गुर्दे का इलाज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर विधायक आकाश सक्सेना के अनुरोध पर जिला अस्पताल में चिकित्सकों की कमी दूर हो जाएगी। इसके लिए निजी चिकित्सक सहयोग देने के लिए तैयार हैं। इसकी शुरूआत गुर्दा रोग विशेषज्ञ डॉ. वंदना सिंघल ने की है। वह प्रत्येक शनिवार को जिला अस्पताल में मरीजों का निःशुल्क उपचार करेंगी।

जिला अस्पताल में चिकित्सकों की कमी है। यहां गुर्दा रोग विशेषज्ञ, ईएनटी और हृदय रोग विशेषज्ञ भी नहीं हैं। जिला अस्पताल के निरीक्षण में कई बार शहर विधायक के समक्ष यह समस्या आई। मुख्य चिकित्साधीक्षक और मरीजों ने अपनी समस्याएं रखीं। इसके बाद शहर विधायक ने चिकित्सकों की कमी दूर करने के लिए प्रयास शुरू कर दिए। निजी चिकित्सकों से आह्वान किया कि वह सप्ताह में कम से कम एक दिन जिला अस्पताल में मरीजों का निःशुल्क इलाज कर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में सहयोग करें। इसी के तहत शनिवार को शहर विधायक ने जिला अस्पताल की डायलिसिस यूनिट में डॉ. वंदना सिंघल के क्लीनिक का शुभारंभ किया। डॉ. वंदना सिंघल ने पहले दिन 22 मरीज देखे।


जिला अस्पताल में डॉक्टरों के साथ विधायक आकाश सक्सेना। ● अमृत विचार

> जिला अस्पताल में चिकित्सकों की कमी दूर करने के लिए शहर विधायक से अनुरोध किया था। उन्होंने निजी चिकित्सकों से अपील की। इसी का परिणाम है कि डॉ. वंदना सिंघल जिला अस्पताल में अपनी सेवाएं देंगी। अन्य चिकित्सकों को भी इस कार्य में आगे आना चाहिए। –डॉ. एचके मित्रा, मुख्य चिकित्साधीक्षक

### डायलिसिस यूनिट में प्रतिदिन आते हैं 50-60 मरीज

जिला अस्पताल स्थित डायलिसिस यूनिट में प्रतिदिन 50-60 मरीज आते हैं। अब तक कोई चिकित्सक न होने की वजह से मरीजों को सही सलाह नहीं मिल पाती थी। लेकिन, अब यहां किडनी से संबंधित बीमारियों का उपचार भी हो सकेगा।

> जिला अस्पताल में एक दिन मरीजों की सेवा करने के लिए शहर विधायक ने अपील की थी। इसके बाद प्रत्येक शनिवार को जिला अस्पताल में मरीजों का नि:शुल्क देखेंगे। समाज के इस पुनीत कार्य में योगदान देना हमारी भी जिम्मेदारी है। –डॉ. वंदना सिंघल, गुर्दा रोग विशेषज्ञ

## एक नजर

### तंबाकू विक्रेताओं से 3200 रुपये का जुर्माना वसूला

**रामपुर, अमृत विचार :** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसपी सिंह के निर्देश पर जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान द्वारा सिविल लाइन क्षेत्र में कोटापा अधिनियम के अनुपालन में जुर्माना अभियान चलाया गया। इसमें धारा चार एवं छह के उल्लंघन पर छह तंबाकू विक्रेताओं से 3200 रुपये जुर्माना वसूला गया। दुकानों पर तंबाकू उत्पादों के प्रचार-प्रसार की सामग्री हटाई गई। दुकानदारों को भविष्य में किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पादों के प्रचार प्रसार न करने की चेतावनी दी। 18 वर्ष से कम आयु के लोगों को तंबाकू उत्पाद न बेचने के बारे में जागरूक भी किया।

### बैरिकेडिंग से टकराकर बाइक सवार घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** भाखड़ा डैम के पुराने पुल की मियाद पूरी होने पर सिंचाई विभाग ने बैरिकेडिंग लगाकर 25 जुलाई को भारी वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दिया था। मगर बैरिकेडिंग पर रिफ्लेक्टर नहीं लगाए गए थे। इसकी वजह से गुरुवार की रात बैरिकेडिंग से टकराकर एक कैंटर चालक घायल हो गया था। जबकि शुक्रवार की रात मोहल्ला विशारतनगर निवासी 70 वर्षीय शकील खां बाइक से अपने घर जा रहे थे। इस दौरान वह बैरिकेडिंग से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# 36 घंटे बाद भी नहीं मिली बच्ची

## जिलाधिकारी ने सिंघाड़े तोड़ने वालों को बुलाने के दिए निर्देश

संवाददाता, मिलक





लोगों से जानकारी लेते जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह। ● अमृत विचार

- एनडीआरएफ की टीम ने स्टीमर से की बच्ची की तलाश
- शुक्रवार को बारिश के पानी के साथ नाले में बह गई थी ओमसुधा

**अमृत विचार :** बारिश के पानी में बही दो साल की बच्ची का 36 घंटे बाद भी पता नहीं चल सका है। शनिवार को भी ग्रामीणों ने तालाब में काफी खोजबीन की। लेकिन बच्ची नहीं मिली। इसके बाद एनडीआरएफ की टीम ने स्टीमर से बच्ची को खोजने की बहुत कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। जिलाधिकारी ने बच्ची को तालाब में खोजने के लिए सिंघाड़े तोड़ने वालों को बुलाने के निर्देश दिए हैं।

मिलक थाना क्षेत्र के गांव करीमगंज में शुक्रवार की दोपहर करीब दो बजे के बाद हुई झमाझम बारिश के दौरान गांव निवासी देवेंद्र की दो साल की पुत्री ओमसुधा बरसात के पानी के साथ नाले में बह गई थी। शुक्रवार की रात 10 बजे तक जेसीबी व ग्रामीणों द्वारा बच्ची की बहुत खोजबीन की गई लेकिन उसका पता नहीं चल सका। शनिवार को तहसीलदार सीमा गंगवार के नेतृत्व में सुबह नौ बजे ग्रामीणों ने पुनः सर्च ऑपरेशन शुरू किया। लेकिन दोपहर दो बजे तक कोई सफलता नहीं मिली। एनडीआरएफ की टीम ने स्टीमर की मदद से देर शाम तक ओमसुधा को बहुत ढूंढा लेकिन वह भी तालाब से खाली हाथ ही निकले। शनिवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ओमसुधा के गांव पहुंचे। बच्ची के माता-पिता से घटना की जानकारी ली। इसके बाद तालाब से सिंघाड़े निकालने वाले लोगों को बुलाने के निर्देश दिए। कहा कि सिंघाड़े तोड़ने वाले लोग संकीर्ण तालाब से सिघाड़े तोड़ने में माहिर होते हैं। वह जल्द ही बच्ची को खोज निकालेंगे। लेकिन शनिवार को तहसील प्रशासन सिंघाड़े तोड़ने वालों को नहीं बुला सका। ओमसुधा के न मिलने से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# पुरस्कार देकर मेधावी छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि जिन बच्चों ने मेहनत करके अपने स्कूल, गुरुजनों, अभिभावकों और रामपुर का नाम रोशन किया है उन्हें बधाई है। ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

रेडिको खेतान की ओर से शनिवार को कोसी मंदिर रोड स्थित रामलीला मैदान के पैलेस में कार्यक्रम हुआ। इसका शुभारंभ राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, विधायक आकाश सक्सेना और जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने दीप जलाकर किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रेडिको खेतान की सीएसआर हेड अनीता चौहान ने कहा कि रेडिको ने कक्षा 10 एवं 12 के 150 मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया है। यूनिट हेड अमर सिंह ने कहा कि जब भी बच्चों के कार्यक्रम में भाग लेने का मौका मिला तो लगता था कि बचपन लौट कर आ गया है।

इस अवसर पर सीडीओ डॉ. नंद किशोर कलाल, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वित्त अलोक अग्रवाल, सहायक उपाध्यक्ष विकास कुमार, सहायक उपाध्यक्ष वित्त अजय मोहता, सहायक महाप्रबंधक इंदरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



अतिथियों के साथ पुरस्कृत हुए मेधावी। ● अमृत विचार



बच्चों द्वारा बनाए गए चित्र एवं मॉडल। ● अमृत विचार

# पीले कपड़े पहनकर स्कूल पहुंचे किंडरगार्टन वर्ग के विद्यार्थी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पटवाई स्थित तारक एजुकेशनल अकादमी में शनिवार को विद्यालय के किंडरगार्टन वर्ग के विद्यार्थियों ने येलो डे मनाया। इसके तहत विद्यार्थी पीले कपड़े पहनकर आए।

इस दौरान बच्चे लंच में भी पीले रंग की बनी चीजें लाए थे। विद्यार्थियों ने लर्न विद फन के माध्यम से बहुत कुछ सीखा। प्रधानाचार्य परमजीत कौर ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों को पढ़ाई के साथ प्रेक्टिकल नॉलेज भी मिलती है। विद्यालय हेड्स में पूजा अरोरा तथा कुलदीप कौर, चरणजीत, दीपिका, श्वेता, सुमैया, अमित बनर्जी, ज्योति, अदनान, पवन आदि मौजूद रहे।

## पंचायत में गूंजा जर्जर बैरमनगर मार्ग का मुद्दा

**भोट, अमृत विचार :** क्षेत्र के बैरमनगर गांव में किसान पंचायत को संबोधित करते हुए भाकियू युवा के जिला महासचिव मोहम्मद हसीब वारसी ने कहा कि देश के आजाद होने के बाद से आज तक बैरमनगर गांव का रास्ता पूर्ण रूप से सही नहीं हो पाया है।

कच्चे रास्ते में जरा सी बारिश में कीचड़ हो जाती है। गर्मी में धूल के गुबारों के बीच से निकलना दूभर हो जाता है। जर्जर मार्ग पर आए दिन बाइक सवार गिरकर चोटिल होते रहते हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों को भी परेशानी होती है। गांव तक स्कूल बस नहीं पहुंच पाती। इस मार्ग को दुरुस्त कराया जाए। पंचायत में शान मोहम्मद, शाने आलम, जाकिर सैफी, सलीम शेख, फखरुद्दीन, नौशाद, जमीर खान, नजीर खान, कलवा, नजीर, नन्हे प्रसाद, इरशाद, शमीम, मनोज आदि मौजूद रहे।

# 13.96 लाख बच्चों को खिलाई जाएगी पेट के कीड़े मारने की दवा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जनपद में 10 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत 13 लाख बच्चों को कीड़े मारने की दवा (एल्बेंडाजोल) खिलाई जाएगी। अभियान को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तैयारियों में जुट गए हैं। इस बार विभाग को 13,96,852 बच्चों को गोली खिलाने का लक्ष्य मिला है।

नोडल अधिकारी डॉ. सतेंद्र कुमार ने बताया कि अभियान के लिए 1705 आशाएं, 350 एएनएम और पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ब्लॉक स्तर के तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और नगरीय क्षेत्र के सात केंद्रों को चिन्हित किया गया है। एल्बेंडाजोल गोली फरवरी और अगस्त में बच्चों को खिलाई जाती है।

### छोटे बच्चों को पीसकर खिलाई जाएगी गोली

नोडल अधिकारी ने बताया कि 10 अगस्त को जो बच्चे गोली खाने छूट जाएंगे, उन्हें मापअप राउंड में 14 अगस्त को गोली खिलाई जाएगी। एक से दो साल के बच्चों को गोली पीसकर खिलाई जाएगी। अभियान शहरी क्षेत्र समेत छह ब्लॉकों में चलेगा। बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान को सफल बनाने के लिए बाल विकास परियोजना, पंचायती राज विभाग, अल्पसंख्यक, शिक्षा विभाग का सहयोग रहेगा। इसके अलावा ईट भट्ठों पर काम करने वाले श्रमिकों के बच्चों पर अधिक फोकस रहेगा।

- राष्ट्रीय कृमि दिवस को लेकर तैयारियों में जुटे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी

बच्चों के पेट में कीड़े होने के चलते खून की कमी हो जाती है। बच्चों को इस बीमारी से बचाने के लिए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के अंतर्गत एल्बेंडाजोल गोलियां खिलाई जाएंगी। इसमें सरकारी, अर्द्धसरकारी और निजी स्कूलों को शामिल किया गया है। नोडल अधिकारी ने आशाओं, एएनएम और संबंधित एमओआईसी के चिकित्सक को जितने बच्चों को एल्बेंडाजोल गोलियां खिलाई जाएं उनकी मॉनिटरिंग कराने के निर्देश दिए हैं।

> राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत जनपद में 13,96,852 बच्चों को चिन्हित किया गया है। इसके लिए 1705 आशाएं, 350 एएनएम को लगाया जाएगा। जो बच्चे छूट जाएंगे उन्हें मॉपअप राउंड में एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। -डॉ.एसपी सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी

# बिजली नहीं मिलने से धान की रोपाई रुकी

संवाददाता, शाहबाद



संगठन के कार्यकर्ताओं से वार्ता करते कस्बा इंचार्ज। ● अमृत विचार

- सोमवार तक ट्रांसफार्मर नहीं हटने पर मंगलवार को दी अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी
- समस्याओं को लेकर वीर भगत सिंह युवा मोर्चा ने दिया धरना

**अमृत विचार :** वीर भगत सिंह युवा मोर्चा ने विद्युत निगम पर लापरवाही का आरोप लगाया है। संगठन के अध्यक्ष रजत कुमार ने कहा कि इस समय धान की रोपाई हो रही है। ऐसे में ऊंचा गांव, मधुकर, मित्तरपुर, मधुकर एवं करैथी फीडर से जुड़े गांवों में तीन दिन छोड़कर बिजली दी जा रही है। इसके कारण किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के युवा जिलाध्यक्ष रंजीत चौधरी व जिला सचिव नवेद खां भी धरने को समर्थन देने पहुंचे।

शनिवार को वीर भगत सिंह युवा मोर्चा के अध्यक्ष रजत कुमार सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों किसान शाहबाद बिजलीघर पहुंचे और समस्याओं को लेकर धरने पर बैठ गए। आरोप लगाया कि अधिकारी व संविदा कर्मचारी फाल्ट सही करने के नाम पर किसानों से अवैध वसूली कर रहे हैं। सराय इमाम गांव में निगम ने 25 केवीए का ट्रांसफार्मर किसान के मकान के सामने लगा दिया है। इसको हटाने को कई बार शिकायत भी की, लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं हटाया गया। सूचना पर कस्बा इंचार्ज आदेश कुमार धरना स्थल पर पहुंचे और जल्द ही समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया।

संगठन के अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि सोमवार तक ट्रांसफार्मर नहीं हटाया गया तो मंगलवार को अनिश्चितकालीन धरना देंगे। इस दौरान संगठन के सचिव सतेन्द्र यादव, बब्लू चौधरी, आकाश यादव, हर्षित यदुवंशी, मोकम यादव, आशुतोष यादव, पंकज कुमार, असद मिर्जा, सैयद शाकिब अली आदि मौजूद रहे।

## उपचुनाव में निर्विरोध चुने गए तीनों प्रत्याशी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** पंचायत उपचुनाव के तहत नाम वापसी की समय सीमा पूरी होने के बाद तीन पदों के लिए पर्चे भरने वाले तीनों उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया है।

प्रत्याशियों में सितौरा क्षेत्र पंचायत सीट वार्ड 119 से जगराज सिंह, धावनी हसनपुर बीडीसी सीट वार्ड 59 से मनोज कुमार तथा टैमरा ग्राम पंचायत सदस्य पद वार्ड सात से धर्मेन्द्र सिंह शामिल हैं। सहायक निर्वाचन अधिकारी एडीओ आईएसबी अरविंद कुमार ने बताया कि उपचुनाव के तहत तीन पदों के लिए निर्वाचन होना था। इनमें प्रत्येक पद के लिए एक-एक पर्चा ही भरा गया। तीनों निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। इस मौके पर कमल यादव, राकेश कुमार, सुरेंद्र सिंह गोल्डी, मुरारी लाल, अतर सिंह, शशि कपूर, तौफीक आदि मौजूद रहे।

# शिक्षामित्र और स्कूल इंचार्ज का एक दिन का वेतन काटा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने विकास खंड चमरौआ के प्राथमिक विद्यालय मोमिनपुर एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय मोमिनपुर का निरीक्षण किया।

प्राथमिक विद्यालय मोमिनपुर में शिक्षामित्र करतार सिंह एवं मोनिका बिना सूचना अनुपस्थित मिले। उनका एक दिन का मानदेय काटा गया। इसके अलावा उच्च प्राथमिक विद्यालय में आरिफ अली (अनुचर) भी अनुपस्थित पाए गए। उनका भी एक दिन का वेतन काटा गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने निपुण के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा हिन्दी की पुस्तक पढ़वाई। गणित के सवाल हल कराए। छात्र पढ़ने तथा सवाल करने में सक्षम नहीं मिले। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शैक्षिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। समस्त स्टाफ को चेतावनी नोटिस जारी किया। इसके अलावा विकास खंड शाहबाद के प्राथमिक विद्यालय पलपुरा एवं संविलियन विद्यालय सहविया कलां, मझरा सहविया कलां का निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय पलपुरा में इंचार्ज अध्यापक भानू प्रताप सिंह अनुपस्थित मिले। उनका एक दिन का वेतन काटा गया। उन्होंने यहां भी छात्र-छात्राओं से हिन्दी की पुस्तक पढ़वाई और गणित के सवाल कराए। पुस्तक न पढ़ने और सवाल न करने पर उन्होंने शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए नोटिस जारी किया। विद्यालयों में नामांकन के सापेक्ष 50 प्रतिशत से कम उपस्थिति मिलने पर नोटिस जारी करते हुए विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए।



लेखाधिकारी का स्वागत करते शिक्षक। ● अमृत विचार

# शिक्षकों ने किया नवागत लेखाधिकारी का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह के नेतृत्व में नवागत लेखा अधिकारी विकास खंडेलवाल को बुके देकर स्वागत किया।

डॉ. राजवीर सिंह ने लेखा अधिकारी से शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। लेखा अधिकारी ने उन्हें समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में दिगपाल गंगवार, सरदीप गौतम, होरीलाल राजपूत, चिंतामणि गंगवार, मुस्तफा अली, कमर इशाकजव्वाद, रामदेव गंगवार, निष्ठा जौहरी, अंजुम स्नेही सक्सेना मौजूद रहे।

इसके अलावा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से सीसीएल, मैटरनिटी लीव, मेडिकल लीव, पाठ्य पुस्तकों का चयन व वेतनमान के संदर्भ में भी वार्ता की।

## आधार कार्ड में संशोधन कराने आए लोगों ने किया हंगामा, पुलिस ने खदेड़ा

**मिलक, अमृत विचार :** आधार कार्ड में संशोधन कराने को लेकर हाहाकार मची है। पोस्ट ऑफिस पर बढ़ती भीड़ देख कर्मियों के हाथ-पांव फूल गए। आधार कार्ड बनवाने को लोग मारपीट पर उतारू हुए तो पुलिस को भीड़ को खदेड़ना पड़ गया।

आधार कार्ड में संशोधन कराने के लिए लोग सुबह तीन बजे से ही पोस्ट ऑफिस के बाहर लाइन लगा लेते हैं। शनिवार को भी लोग सुबह तीन बजे से ही लाइन में लगने शुरू हो गए। सुबह नौ बजे तक सैकड़ों की संख्या में लोग डाकघर पहुंच गए। कार्य क्षमता के अनुसार एक दिन में मात्र 35-40 आधार कार्ड नए बनाने व संशोधन का कार्य किया जाता है। इससे लोगों की नाराजगी बढ़ गई और वह पोस्ट ऑफिस के बाहर हंगामा करने लगे। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को खदेड़ कर किसी तरह मामले को शांत कराया।

**दिक्कत** — टांडावासियों को शेड्यूल के मुताबिक नहीं मिल रही बिजली

# उमस भरी गर्मी में बिजली कटौती से परेशानी

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** उमस भरी गर्मी में बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। एक माह से अधिक समय से नगरवासियों को बिजली की समस्या से जूझना पड़ रहा है। मामूली फॉल्ट को दुरुस्त करने के लिए कई घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित कर दी जाती है। बार-बार होने वाली कटौती से गर्मी में लोग तंग आ गए हैं। अधिकारियों को भी कई बार जानकारी दी जा चुकी है।

टांडा में शेड्यूल के मुताबिक विद्युतापूर्ति नहीं मिलने से लोग काफी परेशान हैं। बिजली के बिना पानी का संकट भी हो जाता है। गर्मी में बार-बार बिजली गुल होने से लोगों की दिनचर्या बदल गई है। लोगों का कहना है कि ट्रिपिंग, लोकल फॉल्ट, एबीसी वायर जलना तथा ट्रांसफार्मर की लीड फुंकना आम बात है। विद्युतापूर्ति बाधित होने से महिलाएं और बच्चे गर्मी में परेशान होते हैं। नगरवासियों ने शेड्यूल के अनुसार बिजली आपूर्ति देने तथा मामूली फॉल्ट को दूर करने में मनमानी पर रोक लगाने की मांग की है।



> उमस भरी गर्मी में नगरवासी बिजली की समस्या से त्रस्त हैं। रोजाना कई बार लंबे समय तक आपूर्ति बाधित रहती है। इसके कारण नाराजगी है। – सलीम कसगर, युवा नगर अध्यक्ष, व्यापार मंडल



> महिलाएं और बच्चे बिजली न आने से परेशान होते हैं। विभागीय अधिकारियों को इस तरफ विशेष ध्यान देने की जरूरत है। – रईस उर्फ भूरा, सभासद वार्ड 11



> विद्युत निगम के अधिकारियों द्वारा शेड्यूल पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उमस भरी गर्मी में बिजली कटौती से परेशान हैं। – मोहम्मद वकील, नेता अपना दल (एस)



> कई बार बिजली बाधित होने से नगरवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों की मनमानी बढ़ती जा रही है। – मोहम्मद अकील उर्फ बिट्टू, सामाजिक कार्यकर्ता

## सार संक्षेप



पौधरोपण के लिए तैयार बच्चे और शिक्षक। ● अमृत विचार

### प्राथमिक विद्यालय में बाल संसद गठित

**रामपुर, अमृत विचार :** मॉडल प्राथमिक विद्यालय मुल्लाखेड़ा में बाल संसद का गठन हुआ। चुनाव से पहले सात बच्चों को चुनाव चिन्ह दिया गया। चुनाव का संचालन ई-वोटिंग एप के माध्यम से वोट देकर किया गया। इसमें बच्चों ने उत्साह से मतदान किया। 106 बच्चों के सापेक्ष 91 बच्चों ने मतदान किया। चुनाव में कक्षा पांच के राज ने 39 वोटों के साथ जीत हासिल की और प्रधानमंत्री का पद संभाला। अमृता को 12 वोट से जीतने पर खोया पाया विभाग, अरविंद को 12 वोट जीतने पर से स्वच्छता विभाग मिला। मिड डे मील विभाग साइना को दिया गया। प्रधानाध्यापिका रेनू सिंह ने बताया कि इस तरह की गतिविधियों से बच्चों में रुचि, उत्साह और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय मुल्लाखेड़ा एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय खूंटाखेड़ा में पौधरोपण भी किया गया।

### जुल्फिकार इंटर कालेज में छात्राओं ने किया पौधरोपण



पौधरोपण करतीं छात्राएं।

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में नई शिक्षा नीति के चार वर्ष पूर्ण होने के मौके पर छठा दिन ईको क्लब लाइव डे के रूप में मनाया गया। इको क्लब मिशन फॉर लाइफ की नोडल प्रभारी शमीम खान के नेतृत्व में छात्राओं ने पौधरोपण किया। सभी ने अपने लगाए हुए पौधों को अपनी मां को समर्पित किया। प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशल ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया। इस दौरान कल्पना सिंह, रेनू देवी, पूजा, बबीता गुप्ता, सल्तनत खान, तबस्सुम, नाजिया, खतीजा, अफीफा, राकेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, नितिन कुमार, राशिद खान, बाबू, राधा, सुनीता, राधा रानी आदि मौजूद रहे।



बच्चों को संबोधित करतीं शिक्षिका। ● अमृत विचार

### बच्चों ने माताओं के साथ मिलकर लगाए पौधे

**रामपुर, अमृत विचार :** शिक्षण सप्ताह के छठें दिन प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में इको क्लब फॉर मिशन लाइफ डे के तहत बच्चों ने माताओं के साथ मिलकर प्लांट फॉर मदर के अंतर्गत पौधे लगाए। पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए क्लब फॉर्मेशन लाइफ का गठन किया गया। प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने पर्यावरणीय मुद्दों जैसे जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और संसाधनों की कमी के बारे में बताया। कचरा प्रबंधन के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को प्राचीन भारतीय साहित्य में वर्णित प्रकृति और मानवता के बीच के संबंधों के बारे में भी जागरूक किया। विक्रम कुमार, नेहा गुप्ता, हुमा, निदा खान, नीरज, गुड्डी कविता, विनीता, रिजवाना आदि मौजूद रहीं।

### लखनऊ में गूंजी शिक्षकों की समस्याएं



लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक।

**रामपुर, अमृत विचार :** टीचर्स सेल्फ केयर टीम उत्तर प्रदेश के चतुर्थ स्थापना दिवस का आयोजन शनिवार को अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेक्शन सेंटर लखनऊ में हुआ। मुख्य अतिथि शिक्षक एमएलसी सुरेंद्र चौधरी ने टीचर्स सेल्फ केयर टीम के मुख्य अतिथि सहित संस्थापक मंडल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद शिक्षकों ने अपनी समस्याओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में जिला टीम के जिला संयोजक अनुपम पटेल, जिला प्रवक्ता जगदीश पटेल, नितिन राजपूत, हरिओम शर्मा, केशव कुमार, उमाकांत, नसीम अहमद, वरुण आर्य, विवेक यादव, नेत्रपाल, संदीप कुमार, पंकज पंडेलिया, हरद्वारी लाल, नीरज कुमार आदि शामिल रहे।



मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के चित्र पर माल्यार्पण करते भाजपा अल्पसंखयक मोर्चा के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी फैसल मुमताज। ● अमृत विचार

### नौवीं पुण्यतिथि पर मिसाइल मैन को दी श्रद्धांजलि

**रामपुर, अमृत विचार :** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी फैसल मुमताज ने कहा कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम राष्ट्रपति और मिसाइल मैन के रूप में हमेशा जनता के दिल में जीवित रहेंगे। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की नौवीं पुण्यतिथि के अवसर पर मोहल्ला खुर्मे वाली जियारत पर कालम को सलाम शीर्षक से गोष्ठी की। गोष्ठी का आगाज पूर्व राष्ट्रपति की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करके किया।

### समाधान दिवस में दो शिकायतों का हुआ निस्तारण

**बिलासपुर, अमृत विचार :** शनिवार को कोतवाली और थाना खजुरिया में उपजिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय की अध्यक्षता थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कोतवाली में एक फरियादी ने शिकायती पत्र दिया। मगर इसका निस्तारण नहीं हो सका। वहीं खजुरिया में चार शिकायती पत्र आए। इनमें से अधिकारियों ने दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। इस मौके पर सीओ रवि खोखर, प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह, प्रभारी निरीक्षक अपराध शाखा नरेंद्र कुमार सिंह, थानाध्यक्ष खजुरिया राजीव कुमार तथा राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

### प्रमोद कुमार तीसरी बार बने बसपा के जिलाध्यक्ष

**रामपुर, अमृत विचार :** पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के निर्देश पर जोन इंचार्ज मुरादाबाद, सहारनपुर मंडल गिरीश चन्द्र ने जनपद की कमेटी का गठन किया। इसमें प्रमोद कुमार सागर को जिलाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष हबीब उर रहमान, महासचिव राजेश प्रकाश सैनी, सचिव महेंद्र सिंह सागर, कोषाध्यक्ष अखिलेश गुप्ता, रमेश श्रीवास्तव, गबरू सिंह को जिला कार्यकारिणी का सदस्य और बीबीएफ जिला संयोजक दिलीप सिंह को बनाया गया है। प्रमोद कुमार सागर को तीसरी बार जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### डाक कांवड़ लाने शिवभक्तों का जत्था हरिद्वार रवाना

**स्वार, अमृत विचार :** सावन माह में नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों से शिव भक्त कांवड़ लाने हरिद्वार एवं बृजघाट जा रहे हैं। इससे मार्ग भगवान शिव के उद्घोषों से गुंजायमान हो उठे हैं। शनिवार को धनौरी से डाक कांवड़ लाने के लिए शिवभक्तों का जत्था हरिद्वार के लिए रवाना हो गया। जत्थे में संदीप, मोहित, प्रदीप, सुरजीत, अंकित, राजेन्द्र कुमार, सर्वेश कुमार, उमेश मौर्य, राहुल, अंशु, सचिन, लक्की, अरुण, राजू आदि शामिल रहे।

### किशोरी की बरामदगी को 22 दिन से भटक रही मां

**पटवाई, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव का ही संजू 18 जून को किशोरी को भगा कर ले गया था। किशोरी की मां ने पटवाई थाना प्रभारी अमरनाथ वर्मा को तहरीर दी थी। इसकी जांच दरोगा सुभाष चंद कर रहे थे। किशोरी की मां का आरोप है कि दरोगा आए दिन उसे धमकाते हैं। कई बार थाने भी बुलाया। आरोपी परिवार फरार है। किशोरी की मां का आरोप है कि दरोगा कह रहे हैं कि तेरी बेटी ने शादी कर ली है। धमकाते हुए उन्होंने गुमशुदगी लिख ली। महिला ने पांच जुलाई को एसपी से अपनी बेटी को बरामद करने की मांग की। एसपी ने किशोरी को जल्द बरामद करने का आश्वासन दिया था। मगर 22 दिन बाद भी पुलिस किशोरी को बरामद नहीं कर सकी है।

# हमारी आधुनिकता वास्तविक नहीं



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> वैदिक काल की निरंतरता का विकास हड़प्पा सभ्यता है। इसे स्वतंत्र सभ्यता बताने वाले गलती पर हैं। कोई भी सभ्यता या संस्कृति शून्य से नहीं उगती। हड़प्पा की सभ्यता नगरीय सभ्यता है। नगरीय जीवन खाद्यान्न सहित तमाम मूलभूत आवश्यकताओं के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर निर्भर होते हैं।

आधुनिकता प्रायः आकर्षण होती है। नई होती है और ताजी प्रतीत होती है, लेकिन वास्तविक आधुनिकता विचारणीय है। आधुनिकता नकली भी होती है। दरअसल आधुनिकता स्वयं में कोई निरपेक्ष आदर्श या व्यवहार नहीं है। इसका सीधा अर्थ ही प्राचीनता का अनुवर्ती है। आधुनिकता प्राचीनता के बाद ही आती है। इसलिए हरेक आधुनिकता की एक सुनिश्चित प्राचीनता होती है। इसी तरह प्राचीनता की भी और प्राचीनता होती है। आधुनिकता को और आधुनिक कहने के लिए उत्तर आधुनिकता शब्द का चलन बढ़ा भी है। सच बात तो यही है कि प्राचीनता और आधुनिकता के विभाजन ही कृत्रिम हैं। काल अखंड सत्ता है। काल में न कुछ प्राचीन है और न ही आधुनिक। हम मनुष्य ही काल संगति में प्राचीनता या नवीनता के विवेचन करते हैं। प्राचीनता ही अपने अद्यतन विस्तार में नवीनता और आधुनिकता है। हम आधुनिक मनुष्य अपने पूर्वजों का ही विस्तार हैं। वे भी अपनी विषम परिस्थितियों में अपने पूर्वजों से प्राप्त जीवन मूल्यों को झाड़ पोछकर अपने समय की आधुनिकता गढ़ रहे थे। ऐसा कार्य सतत प्रवाही रहता है।

गतिशील समाज वर्तमान से संतुष्ट नहीं रहते। वे उसे और सुंदर बनाने के स्वप्न देखते हैं। कर्म भी करते हैं। वे राजव्यवस्था से भी संतुष्ट नहीं होते। जनतंत्री देशों में चुनाव होते हैं। राजव्यवस्था के कर्ताधर्ता एक निश्चित अवधि बाद चुनाव में जाते हैं। समाज उन्हें बदल देता है या फिर से उन्हें ही काम करने का जनादेश देता है,लेकिन समाज व्यवस्था के बदलने का कोई चुनाव नहीं होता। सामाजिक असंतोष को दूर करने का समयबद्ध उपाय नहीं है। सत्य की प्रतिष्ठा शाश्वत जीवन मूल्य है। असहमति के आदर से समाज की गतिशीलता बढ़ती है। सभी संस्कृतियों में प्राचीन के साथ संवाद की परंपरा है,लेकिन कथित प्रगतिवादी प्राचीन को कालवाह्य बताते हैं,लेकिन सारा पुराना कालवाह्य कूड़ा करकट नहीं होता। वह पूरा का पूरा बदली परिस्थितियों में उपयोगी भी नहीं होता। पुराने के गर्भ से ही नया निकलता है। नवजात में पुराने के अंश भी होते हैं। सत्य, शिव और सुंदर के लिए कर्म चला करते हैं। इन्हीं तीनों की त्रयी विवेचन का मूल आधार बनती है। आधुनिकता का आग्रह स्वाभाविक है,लेकिन स्वाभाविक आधुनिकता भी प्राचीनता के गर्भ से ही आती है। हमें जीवन मूल्यों का आयात नहीं करना चाहिए। यों आधुनिकता कोई जीवनमूल्य नहीं है और प्राचीनता भी नहीं। दोनों समय और परिस्थिति का ही बोध कराते हैं।

विज्ञान और दर्शन के विकास ने देखने और सोंचने की नई दृष्टि दी है। इससे प्राचीनता को सुंदर नूतन परिधान मिले हैं। ऋग्वेद प्राचीनतम ज्ञान कोष है। हम ऋग्वेद के समाज को प्राचीन कहते हैं। ऐसा उचित भी है। ऋग्वेद में उसके भी पहले के समाज का वर्णन है। ऋग्वेद जैसा मनोरम दर्शन और काव्य अचानक नहीं उगा। निश्चित ही उसके पहले भी दर्शन और विज्ञान के तमाम सूत्र थे। वैदिक पूर्वजों ने अपने पूर्वजों से प्राप्त परंपरा का विकास किया। ऋग्वेद की कविता वैदिक काल की आधुनिकता का दर्शन-दिग्दर्शन है। यही बात उपनिषद् और महाकाव्य काल पर भी लागू होती है। महाभारत में धर्म, सत्य और लोकव्यवहार की मान्यताएं बदल गई हैं। इसीलिए उसी समय गीता दर्शन का उदय हुआ। अर्जुन ने उस समय विद्यमान तमाम प्रश्नों और चुनौतियों को मौलिक प्रश्न बनाया। श्रीकृष्ण ने उनके उत्तर दिए। महाभारत काल के लोग गीता दर्शन के उदय को आधुनिक काल कहते थे। श्रीमद् भागवत उसी समय की आधुनिकता का भाव प्रवण चित्रण हैं। इसमें प्रेमरस, भावरस और भक्ति रस का प्रीतिपूर्ण प्रवाह है,लेकिन महाभारत काल की आधुनिकता में भी वैदिक परंपरा की निरंतरता है। सांस्कृतिक निरंतरता पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। असली बात सांस्कृतिक निरंतरता है।

वैदिक काल की निरंतरता का विकास हड़प्पा सभ्यता है। इसे स्वतंत्र सभ्यता बताने वाले गलती पर हैं। कोई भी सभ्यता या संस्कृति शून्य से नहीं उगती। हड़प्पा की सभ्यता नगरीय सभ्यता है। नगरीय जीवन खाद्यान्न सहित तमाम मूलभूत आवश्यकताओं के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर निर्भर होते हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था या खेती किसानी के विकास का भी इतिहास है। कौटिल्य का 'अर्थशास्त्र' ईसा के लगभग 325 वर्ष पूर्व की सूचना देता है। इस अर्थशास्त्र में भी वैदिक दर्शन की परंपरा है। 'अर्थशास्त्र' के रचनाकाल का समाज भी अपने समय आधुनिक ही था। अब वह स्वाभाविक ही प्राचीनकाल का भाग है। आधुनिक भारत का समाज प्राचीन भारत के पूर्वजों के सचेत या अचेत परिश्रम का परिणाम है। आधुनिकता में प्राचीनता की चेतना होनी चाहिए,लेकिन अंग्रेजी राज के दीर्घकाल में प्राचीनता को अंधविश्वास और पिछड़ापन बताया गया। पूर्वज आर्यों को भी विदेशी पढ़ाया गया। एक अस्वाभाविक आधुनिकता का विकास किया गया। बावजूद इसके कि अनेक यूरोपीय विद्वान भी भारतीय दर्शन और संस्कृति के पक्षधर थे,लेकिन अंग्रेजी सत्ता संस्कृतिहीन समाज बना रही थी। उन्होंने स्वयं को आधुनिक बताया और भारतीय सभ्यता को पिछड़ा। आधुनिकता भारतीय प्राचीनता की ही पुत्री है। प्राचीनता मां है और आधुनिकता पुत्री। माता पूज्य है और पुत्री आदरणीय। दोनों स्वतंत्र सत्ता नहीं हैं। आधुनिकता को यथासंभव मां के सद्गुणों का अवलंबन करना चाहिए और देश काल परिस्थिति के अनुसार स्वयं का पुनर्सृजन व विकास भी करना चाहिए। प्राचीनता पिछड़ापन नहीं है। प्राचीनता का विवेचन जरूरी है। प्राचीनता की गतिशीलता में ही हम आधुनिक होते हैं। गति के साथ अनुकूलन करना और अनुकूलन व अनुसरण में ही प्रगतिशील होते जाना काल का आह्वान है।

वर्तमान समाज व्यवस्था व जीवनशैली संतोषजनक नहीं है। इसका मुख्य कारण प्राचीनता से अलगाव है। आयातित आधुनिकता ने हमारी स्वाभाविक संस्थाएं भी तोड़ी हैं। परिवार, प्रीति और आत्मीयता के बंधन टूट रहे हैं। असंतोष विषाद बन रहा है और विषाद अवसाद। इसलिए लोकमत निर्माण में लगे सभी विद्वानों, पत्रकारों, साहित्यकारों, सामाजिक कार्यकर्ता और मूल्यनिष्ठ राजनेताओं को ध्येयनिष्ठ, स्वाभाविक आधुनिकता के सृजन में जुटना चाहिए। भारतीय प्राचीनता और परंपरा से ही आधुनिकता का विस्तार होता तो हम अपने जीवनमूल्यों और संस्कृति के प्रति आग्रही भाव में आधुनिक होते,लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हमारी आधुनिकता 'वास्तविक' नहीं है। यह उधार की है। विदेशी है। यह विदेशी सत्ता के प्रभाव में विकसित हुई है। भारत की स्वाभाविक आधुनिकता के विकास के लिए विवेकानंद, दयानंद, गांधी, डॉ. हेडगेवार और डॉ. आंबेडकर, पं. दीनदयाल उपाध्याय आदि सामाजिक कार्यकर्ताओं ने तमाम प्रयास किए। लोकमत का परिष्कार और संस्कार भी हुआ। इसके तमाम सकारात्मक लाभ भी हुए। विश्व संपर्क से भारत की समझ भी बढ़ी। भारतीय संपर्क से विश्व का भी ज्ञानवर्द्धन भी हुआ,लेकिन भारत में लोकमत के संस्कार का काम संतोषजनक नहीं है। हम भारत के लोग बहुधा दुनिया के अन्य देशों की जीवनशैली की प्रशंसा करते हैं। विदेशी सभ्यता को अपनी सभ्यता से श्रेष्ठ बताने वाले भी हैं यहां। संप्रति भारतीय आधुनिकता भारतीय नहीं जान पड़ती। यह प्राचीनता का स्वाभाविक विस्तार नहीं है। इस आधुनिकता में विदेशी जीवनमूल्यों का प्रवाह है। यह भारत के स्वयं को आत्महीन बना रही है। इसलिए मूल परंपरा से संवाद जरूरी है।

# सूखे का आसन्न संकट



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

> नतीजतन अंधाधुंध भूजल के भारी दोहन से जलस्तर रसातलोन्मुख है,वहीं खपत बढ़ जाने से बिजली बार-बार कट रही है, भारी खपत का लोड नहीं ले पा रही।

पूर्वांचल के कई जिलों में विगत एक पखवारे से अवर्षण की स्थिति के चलते किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें गहराने लगी हैं। यह क्षेत्र सूखे की ओर अग्रसर है। एक ओर सूखे का बढ़ता संकट तो सही सलाह के अभाव में जहां दशक भर पहले धान की खेती नहीं होती थी, वहां ज्यादातर किसान अब धान की फसल ले रहे हैं। कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र या तो समय से सही सलाह नहीं दे पा रहे या फिर किसानों की हठधर्मिता के कारण लाचार हैं।

नतीजतन अंधाधुंध भूजल के भारी दोहन से जलस्तर रसातलोन्मुख है वहीं खपत बढ़ जाने से बिजली बार-बार कट रही है, भारी खपत का लोड नहीं ले पा रही। यह दोहरी विसंगति है। नल पानी छोड़ दे रहे हैं, पेयजल का संकट आसन्न है। कम गहराई के सबमर्सिबल पंप भी पानी नहीं उठा पा रहे। जल के स्रोत - एक्विफर्स सूख रहे हैं।

इस दौरान उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री ने अपने एक वक्तव्य में किसानों को अति विलंब से धान रोपने के बजाय मक्का, उड़द, ज्वार, बाजरा एवं कोंदो को बोने की सलाह दे रहे हैं। यह सलाह तब आई है जब किसानों को धान को रोपे माह भर गुजर गया है। मतलब का वर्षा जब कृषि सुखाने को ही मंत्री जी ने चरितार्थ किया है।

एक किसान ने टिप्पणी की क्या मंत्री जी लंदन में रहते हैं, जो उन्हें यह पता नहीं कि धान की बुआई और बेहन रोपाई काफी पहले हो गई है। उसे आश्वस्त किया गया कि नहीं भाई मंत्री जी अपने पूर्वांचल जिले जवार के हैं। असंतुष्ट किसान का जवाब था फिर काहे वे अब जाकर धान बोने की मनाही कर रहे हैं। यह उन्हें एक दो माह पहले ही बताना था।

अपने उक्त बयान में मंत्री जी ने कम पानी की फसलों में मक्का भी गिनाया है और उसकी कई वैरायटी जैसे हाइब्रिड, बेबीकार्न, स्वीटकार्न का उल्लेख किया है। जौनपुर मक्के की अच्छी उपज के लिए जाना जाता रहा है। मगर अब छुट्टा गोवंश और नीलगायों के आतंक के चलते इस फसल को उगाना ज्यादातर किसानों ने बंद कर दिया है। पता नहीं मंत्री जी को इस तथ्य का भी संज्ञान है या नहीं। या कृषि विभाग भी मंत्री जी को सही जानकारी नहीं दे पा रहा।

हां जानकारी मिली कि बाजरा और कोंदो के बीज विकास खंड से पंजीकृत किसानों को मुफ्त वितरण के लिए मिल रहा है। भूजल के गिरते स्तर और अनियमित होती वर्षा के मद्देनजर अब किसानों को कम पानी की फसलों पर आश्रित रहने का वक्त आ गया है। मोटे दानों (मिलेटस, महीन बीज होने के बावजूद भी न जाने इन्हें हिन्दी में मोटा आनाज क्यों कहते हैं?) को बोने का स्वास्थ्य कारणों से भी प्रोत्साहन है। इनमें पानी की भी बहुत खपत होती है। और बाजार में दाम भी अच्छा मिल रहा है और खपत भी बढ़ रही है। इसके सरप्लस को बेचकर किसान अपने इस्तेमाल के लिए अन्यान्न खरीद सकते हैं।

सूखे का आसन्न संकट पूर्वांचल ही नहीं कमोबेश पूरे उत्तर प्रदेश को डरा रहा है। यह स्थिति सरकार के लिए भी अब प्राथमिकता की सूची में पहले नंबर पर आ जाना चाहिए। केवल बयानबाजी से इसका कोई ठोस हल निकलने वाला नहीं। कृषि विभाग को इस चुनौती से निपटने की मुकम्मल तैयारी कर लेनी चाहिए। यह अब एक वार्षिक त्रासदी बनती जा रही है। पेयजल संकट भी इसी का एक और भयावह पहलू है। समय रहते ठोस रणनीति तैयार करनी होगी।

# सर्कुलर कानून का स्थान नहीं ले सकता



डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

> उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण बिंदु यह उठाया कि संविधान के अनुच्छेद 14 व 19 के तहत प्राप्त मौलिक अधिकारों को किसी कार्यकारी निर्देशों, सर्कुलर और कार्यालय ज्ञाप से नहीं बदला जा सकता है।

इस समय राजनीतिक दलों और सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों के मध्य केन्द्र सरकार का 9 जुलाई 2024 का निर्णय चर्चा का विषय बना है। यह निर्णय कर्मचारियों का संघ का स्वयंसेवक बनने का मार्ग प्रशस्त करता है। लगभग 58 वर्ष पूर्व 1966 में केंद्र सरकार ने एक कार्यालय ज्ञाप के जरिए सरकारी कर्मचारियों का राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व जमात-ए-इस्लामी की गतिविधियों में भाग लेने को प्रतिबंधित कर दिया था। अब उसी आदेश से राष्ट्रीय स्वयं सेवक (आरएसएस) हटा लिया है। यह निर्णय भाजपा नीत केंद्र सरकार ने अपने आप से समीक्षा करके नहीं लिया है, बल्कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में योजित एक याचिका के चलते लिया है। याचिका केंद्र सरकार की सेवानिवृत अधिकारी पुरुषोत्तम गुप्ता ने गत वर्ष योजित की थी।

उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण बिंदु यह उठाया कि संविधान के अनुच्छेद 14 व 19 के तहत प्राप्त मौलिक अधिकारों को किसी कार्यकारी निर्देशों, सर्कुलर और कार्यालय ज्ञाप से नहीं बदला जा सकता है। उसे केवल संविधान सम्मत कानून बनाकर ही बदला जा सकता है। यहां उच्च न्यायालय ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया बनाम राजीव कॉलेज ऑफ फार्मेसी (2023) 3 एससीसी 502 मामले में दिए गए निर्णय को उद्धरित किया है। इस निर्णय में फार्मेसी काउंसिल के कार्यालय ज्ञाप की संवैधानिकता का परीक्षण किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने फार्मेसी काउंसिल के कार्यालय ज्ञाप को यह कहकर निरस्त कर दिया कि मौलिक अधिकार कार्यकारी निर्देशों से नहीं बदले जा सकते। इस निर्णय की विवेचना में उच्च न्यायालय ने आगे भी कहा है कि कार्यालय ज्ञाप कानून नहीं बन सकते। उच्च न्यायालय ने कहा कि भारत संघ ने याचिका पर जवाब दाखिल करने में 10 माह लगा दिया। न्यायालय ने इस बात को लेकर नाराजगी व्यक्त की कि केंद्र सरकार को आरएसएस जैसे अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के संगठन से कर्मचारियों के जुड़ने पर लगी पाबंदी की गलती का एहसास होने में 50 साल लग गए। यहां यह टिप्पणी इसलिए भी प्रासंगिक है कि स्व. बाजपेयी और मोदी सरकार के 15 साल के शासन में भी इस तरफ ध्यान नहीं गया। दोनों प्रधानमंत्री स्वयंसेवक रहे हैं।

पीठ की यह टिप्पणी कम महत्वपूर्ण नहीं है कि केंद्र सरकार के कई कर्मचारियों की कई तरीकों से देश की सेवा करने की आकांक्षाएं इन पांच दशकों में इस प्रतिबंध के कारण कम हो गईं। यह प्रतिबंध तभी हटाया गया जब इसे न्यायालय के ध्यान में लाया गया। पीठ का सुविचारित मत था कि आरएसएस की अराजनीतिक गतिविधियों को भी सांप्रदायिक, धर्मनिरपेक्ष विरोधी और राष्ट्रीय विरोधी दिखाना एक ऐसा निर्णय है, जिससे न केवल संगठन, बल्कि इससे साथ जुड़ने की इच्छा रखने वाले हर व्यक्ति के लिए उचित नहीं रहा। न्यायालय ने कहा, मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने वाले किसी भी कार्यकारी या विधायी निर्णय पर प्रतिबंधों को उचित ठहराने के लिए ठोस डेटा और साक्ष्य होना चाहिए।

उच्च न्यायालय ने कहा कि केंद्र सरकार 'मैं सब से ऊपर' जैसा व्यवहार नहीं कर सकती। केंद्र सरकार को कर्मचारियों के लिए 'न शामिल होने वाले' संगठन का निर्णय तर्कों, कारणों और न्याय के नियमों से लेना चाहिए न कि सत्ता में बैठे लोगों की राय से। निर्णय के अनुसार "राजनीति के अलावा धार्मिक, सामाजिक, परोपकारी, शैक्षिक जैसी गतिविधियों के लिए आरएसएस जैसे संगठन की स्वैच्छिक सदस्यता को इन निर्देशों के माध्यम से प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता है। अगर ऐसा करने की जरूरत महसूस की गई थी तो उन्हें केवल कानून के माध्यम से ही किया जाना चाहिए था या कंडक्ट रूल में संशोधन के माध्यम से।" यह बात अलग है कि संघ का व्यावहारिक पक्ष कुछ अलग ही है। उसकी अपनी एक अलग किस्म की कार्यसंस्कृति है। यहां का स्वयंसेवक आजीवन स्वयंसेवक बना रहता है या बना रहना चाहता है। स्वयंसेवकों की शिक्षा-दीक्षा इस तरह के परिवेश में दी जाती है कि आगे चलकर शायद ही उन पर कोई अन्य विचारधारा हावी हो सके। संघ से दीक्षित, प्रशिक्षित अधिसंख्य स्वयंसेवक सरकारी सेवा में आने के बाद भी निर्विकार, निःस्वार्थ भाव से निष्ठा के साथ संघ की गतिविधियों से जुड़े रहे हैं। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा 9 जुलाई को जारी कार्यालय ज्ञाप से कर्मचारियों की संघ की गतिविधियों में भाग लेने की झिझक व संकोच काफी हद तक कम हुई है। भय भी समाप्त हुआ है। उनका यह कार्य अब अनुशासन हीनता की परिधि में नहीं आएगा। परिणामस्वरूप अनुशासनिक कार्यवाही की तलवार भी नहीं लटकेगी। उल्लेखनीय है कि 30 नवंबर 1966 को गृह मंत्रालय ने कार्यालय ज्ञाप में कहा था कि किसी सरकारी कर्मचारी का संघ का सदस्य होना या उससे जुड़ना या उसकी गतिविधियों में भाग लेना सेंट्रल सिविल सर्विस (कंडक्ट) रूल्स 1964 के नियम-5(1) के तहत अनुशासनिक कार्यवाही की परिधि में आएगा।

सरकार के इस कदम की आरएसएस ने सराहना की है। उसके प्रवक्ता सुनील आंबेकर ने सरकार के इस निर्णय को सही ठहराया है और भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने वाला निर्णय कहा है। आंबेकर ने कहा कि राजनीतिक हितों के कारण, तत्कालीन सरकारों ने कर्मचारियों को संघ जैसे रचनात्मक संगठन की गतिविधियों में भाग लेने से प्रतिबंधित किया था।

# लोककथा : जीवनी शक्ति



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

परिवेश की भिन्नता के छिलके को उतार दें,तो संसार के सभी देशों की लोक-कहानियों में एक ही रस है। लोककथा की चेतना विश्वचेतना है। यदि ऐसा न होता तो सभी देशों की कहानियों में एक जैसे मोटिफ कैसे मिल जाते? लोककथा की कल्पना उसी मनुष्य की हैं,जो हमारी तरह सोचता है। हमारी तरह चिंतित होता है,जिसमें जिजीविषा है, रिरिंसा है, जीने की इच्छा और सुख की खोज। विश्वास का सच विज्ञान के सच से छोटा नहीं होता। लोक कथा आपको झूठी लगे तो सौ बार लग जाए,पर उसने जीवन की घोर अंधेरी रातों में आश्वासन दिया है। उस अकिंचन के पास था क्या? लोककथा में जीवनी शक्ति न होती तो आदमी उसे अपने पास क्यों रखता? वह निर्बल का बल है।

किताब में लिखा था सच बात तो यह है कि हमारी अध्ययन प्रणाली से ही लोकजीवन गायब है। यह परिकल्पना ही नहीं है कि हम साहित्य को लोकजीवन की पृष्ठभूमि में समझ सकें। "हमने कमरे में बैठकर पढ़ना तो सीखा है, उसे लोकजीवन के संदर्भों से जोड़ना नहीं सीखा। मैं एमए कर रहा था, मेरे प्रोफेसर मुझे किताब में लिखी बात पढ़ा रहे थे कि विद्यापति श्रृंगारी कवि हैं, जयदेव श्रृंगारी कवि हैं। दूसरी ओर मैं वृंदावन में देखता था कि मृदंग बज रही है,करताल और मजीरे गूंज रहे हैं तथा असम, उड़ीसा,बंगाल के सौ-सौ टोल जयदेव की पदावली पर संकीर्तन-नृत्य कर रहे हैं, आनंद में झूम रहे हैं,जीवन को धन्य बना रहे हैं।

वे आलोचक जिन्होंने लिख दिया कि जयदेव श्रृंगारी हैं,अपने मन को जान सके थे,किंतु लोकजीवन को वे कहां देख सके थे? परंतु इसमें हमारे प्रोफेसर का दोष ही क्या था? किताब में यही लिख रहा था और पढ़ाई का मतलब जो किताब में लिखा है। यह सोचा ही नहीं जा सका कि किताब का ज्ञान जीवन में से आता है। जर्मनी के एक लोकवार्ताशास्त्री मिले थे,बतला रहे थे कि वहां बूथ लगे हुए हैं, लोग जाते हैं, जितने रुपये डालते हैं, उतना दूध मशीन में से निकल आता है। वे बतला रहे थे कि जब उन्होंने बच्चे को बतलाया कि यह दूध भैंस देती है तो बच्चे को भरोसा ही नहीं हुआ। भैंस उसने देखी नहीं थी, मशीन ही उसके सोच में थी। किताब साधन है,साध्य नहीं।

# पराजित पक्ष का अपमान उचित नहीं



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

किसी प्रतिद्वंद्विता में एक पक्ष जीतता है तो एक पक्ष हारता है। देश, काल और परिस्थितियों पर हार-जीत का निर्धारण होता है। पराजित व्यक्ति हो या समूह, उसकी खिल्ली न उड़ाने का उदाहरण त्रेतायुग में मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम ने प्रस्तुत किया था। उन्होंने अनुज लक्ष्मण से कहा, 'जाओ, रावण से ज्ञान प्राप्त कर लो।' इसके साथ ही रावण के अंतिम संस्कार की व्यवस्था खुद श्रीराम ने अपनी देखरेख में कराई। इसी तरह द्वापर युग के दौरान महाभारत युद्ध में पराजित होकर शरशैय्या पर लेटे भीष्म पितामह से शिक्षा लेने के लिए श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर को भेजा जबकि स्वयं ही ज्ञान के प्रतिमूर्ति थे। इन दोनों उदाहरणों से जाहिर होता है कि भारतीय संस्कृति एक दूसरे को सम्मान देने के कारण उत्कृष्ट है।

इसके विपरीत सामान्य जीवन में जब इन उदाहरणों के विपरीत कार्य होता है तो इसका असर समाज पर पड़ता है। स्वाभाविक है कि जीते हुए व्यक्ति और समूह में उत्साह और भीड़ होती है। ऐसी स्थिति में पराजित वर्ग का उपहास शुरू होने लगता है,जो किसी दृष्टि से लाभप्रद तो नहीं होता,बल्कि कटुता का बीजारोपण होने लगता है। पराजय पर भी बधाई और खिल्ली न उड़ाने का वर्तमान दौर में सबसे अच्छा उदाहरण खेल के मैदान में दिखता है। प्रथमतः विजयी टीम पराजित टीम को बधाई देती है और दोनों टीम अगली जीत के लिए प्लानिंग करने लगती हैं। दर्शक भी विजयी टीम का स्वागत करते हुए पराजित टीम के शानदार प्रदर्शन की भी प्रशंसा करती है। ऐसा माहौल राजनीति के मैदान में भी हो तो स्वस्थ समाज की संरचना में वृद्धि होगी,जबकि खिल्ली उड़ाने से विषक्तता ही बढ़ेगी। इसके लिए जीते-हारे दोनो पक्षों को चिंतन-मनन करना पड़ेगा।

# महामारी को लेकर शोध प्रकाशनों की एनालिसिस



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> देश में होने वाले साइंटिफिक रिसर्च की क्वालिटी तय करने या इसकी गुणवत्ता को जांचने के लिए इंफार्मेशन साइंटिस्ट्स कई पद्धतियों से क्वांटिटेटिव और क्वालिटेटिव एनालिसिस करते हैं।

कोविड-19 के पहले वायरस और वेरियंट्स के आने के बाद इसके प्रभाव से भारत में संक्रमण के दौरान और एक्टिव फेज खत्म होने के बाद के अनेक वैज्ञानिक अध्ययन प्रमुख रूप से भारत के लीडिंग बायो-मेडिकल जर्नल-इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च में सन 2020 से लेकर अब तक के लेटेस्ट इश्यू फरवरी 2024 में प्रकाशित हुए हैं। ये करीब 100 या इससे अधिक हो सकते हैं और भारतीय जनों में इस संक्रमण से संबद्ध अध्ययनों की विविधता चकित करती है। वायरस करैक्टरायिजेशन, इम्यूनोलॉजिकल स्टडीज, वैक्सीन से संबद्ध स्टडीज और इसके प्रभाव, अनेक व्याधियों से पीड़ित इंसानों में कोविड के दुष्प्रभाव, मोर्टेलिटी और इसकी व्यापकता, डेटा एनालिसिस के तौर-तरीके, डायग्नोसिस और इसकी विधियां, नैतिक, प्रशासनिक और लॉजिस्टिक्स से जुड़े इश्यूज और अनुसंधानकर्मियों, फ्रंट हेल्थ वर्कर्स की सेहत, सैनिटेशन और डिस-इंफेक्शन से जुड़े मसले सब पर जानकारी जुटाकर इसे प्रकाशित किया गया।

विद्वत्तसमीक्षा और स्टिटेस्टिकल एनालिसिस से इसे त्रुटिहीन किया गया ताकि रिजल्ट्स भरोसेमंद हों और फिर कभी कोई महामारी आए तो ज्ञान के इस सृजन से मार्गदर्शन मिले। भारत में कोविड के कारण महामारी से जुड़े हुए सभी किस्म के प्रयासों पर प्रत्यक्ष रूप से अनुमानतः 10 हजार करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। रुपयों के मूल्य के समकक्ष अप्रत्यक्ष हानि तो कहीं अधिक है। जिन पर कोरोना वायरस और इसके वेरियंट्स का हमला हुआ और वे संयोग से जीवित हैं, उनके शरीर में आए परिवर्तनों पर भी अध्ययन जारी है। इसे अभी 'लॉन्ग-कोविड' खा जा रहा है। ऐसी महामारी के दौर की सोशल, इकोनॉमिक कास्ट के अलावा ह्यूमन कास्ट अत्यधिक होती है, लेकिन यह भी मानव जनसंख्या को नियंत्रित करने का एक कुदरती उपाय है। मनुष्य ने अपने बुद्धिबल से ऐसी चुनौतियों को झेलने की क्षमता और साइंटिफिक उपाय तो ढूंढ लिए हैं, लेकिन कुदरत में माइक्रोब्स का रूपांतरण और एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस तो बनी ही रहेगी, वायरस, बैक्टीरिया, फंगस और पैरासाइट्स मानव शरीर के शत्रु बने रहेंगे। इसके लिए सतत निगरानी अर्थात स्वायलेंस, अवसर अनुसार नई दवा की खोज या पुरानी में संशोधन, डायग्नोस्टिक टेक्निक्स, ऑटोमेशन, से भी अधिक जरूरी है। कुदरत के इस खेल को समझने के लिए उन्नत बौद्धिक संसाधन की जो हमारे साइंसदान और अन्य क्षेत्रों के शोधकर्मी जानते हैं। इन्हें सपोर्ट करने से ही धरती पर मनुष्य रूपी जीव का अस्तित्व कायम रह सकता है। इसलिए आर एंड डी के लिए पहले से अधिक धनराशि की व्यवस्था करने के साथ-साथ मानव संसाधन को विकसित करने की भी जरूरत है। इसमें से दूसरे संसाधन को विकसित करने की जिम्मेवारी यूनिवर्सिटीज और वैज्ञानिक संस्थानों की है। भविष्य में हमें ऐसे संशाधनों में कम से कम हर साल 10 प्रतिशत की दर से इजाफा तो करना ही होगा। दिक्कत यह है कि क्वालिटी रिसर्च करने में ऊंची पढ़ाई करने वाले सभी युवजनों की रुचि घटती जा रही है। इसका एक हल है कोलैबोरेशन और संसाधनों को साझा करना और टैलेंट को विकसित करने के लिए ग्राउंड लेवल पर काम करना। यह खेदजनक ट्रेंड है कि हमारे अधिकांश यूनिवर्सिटीज देश के उच्च वैज्ञानिक शोध संस्थानों से अधिक वास्ता रखने की इच्छुक नहीं, पढ़ाई में सुधार नहीं करती और इन-कांसीक्वेंशियल एंड इंफीरियर टाइप की रिसर्च में समय और संसाधन व्यर्थ कर देती हैं।




इस बारे में देश की साइंटिफिक एस्टेब्लिशमेंट के अलावा प्रधानमंत्री के विज्ञान सलाहकार ने पांच दशकों से अनेक बार चिंता जताई है। इसके परिणाम स्वरुप यू.जी.सी के स्तर पर बहुत कोशिश हुई,लेकिन पीएचडी कार्य की गुणवत्ता में कोई खास वृद्धि नहीं हुई जबकि संख्या में बढ़ोतरी बहुत हुई। देश में होने वाले साइंटिफिक रिसर्च की क्वालिटी तय करने या इसकी गुणवत्ता को जांचने के लिए इंफार्मेशन साइंटिस्ट्स कई पद्धतियों से क्वांटिटेटिव और क्वालिटेटिव एनालिसिस करते हैं। साइंटोमैट्रिक्स और बिब्लियोमैट्रिक्स तकनीकों से ऐसी एनालिसिस में बहुत मदद मिलती है। संयोग से भारत में इंफार्मेशन और डाटा एनालिसिस के एक्सपर्ट्स उच्च स्तरीय काम करने में सक्षम हैं और प्रशासन तंत्र के अलावा पॉलिटिकल गवर्नमेंट को भी मानक सूचना प्रदान करने में चूक नहीं करते।

# समष्टि के बिना व्यष्टि का सुख अधूरा



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

जैसे अतिशय रोष, वैसे ही अतिशय दुःख भी जीवन और जगत पर आदमी की पकड़ ढीली कर देता है। उसकी प्रकृत क्षमता का क्षरण कर देता है। पैमाना तो यही है कि युद्ध ही करना पड़े तो बिना रोष और बिना दुःख के किया जाए। यथार्थ में पैमाने के जितने निकट हों उतना ही बेहतर। पैमाने होते ही इसीलिए हैं।

भारतीय परंपरा में नेवले और सांप का उदाहरण दिया जाता है। सांप रोष में ऐंठ-ऐंठकर अपनी शक्ति जाया करता रहता है। नेवला ठंडे दिमाग से वार करने के मौके का इंतजार करता है,स्थितियां बनाता है, उन पर मास्टरी रखता है और अपनी शर्तों पर लड़ता है। सांप को नेवले द्वारा बनाई गई स्थितियों में,उसकी शर्तों पर लड़ना पड़ता है और विष की अतिरिक्त शक्ति होने के बावजूद हारता वही है, व्यर्थ में जान भी वही गंवाता है। किसी निर्दोष का दुःख, संकट, शोषण दूर करने के लिए सार्थक दिशा में कुछ किया जा सकता है तो उसे करना मानवीयता का तकाजा है। माना कि संपूर्ण मानवता एक इकाई है और समष्टि के सुख के बिना व्यष्टि का सुख अधूरा है। किंतु शोषित मानवता की मुक्ति के लिए खाली-पीली रोष और उन्माद में बने रहना, दुःखी होते रहना अपने आप में कोई मूल्य नहीं हो सकता। पर दुःखकातरता एक मूल्य है,किंतु उसके चलते निष्क्रिय बैठकर रोष और उन्माद में उबलते रहना, या बिना किसी रोडमैप के निरर्थक शक्ति जाया करना कोई मूल्य नहीं हो सकता।

दूसरों को उकसाकर उन्हें निरर्थक आवेश, रोष और दुःख की स्थिति में बनाए रखना तो अपराध नुमा है। सुकून में रहने वाला आदमी उद्भ्रांत आदमी से ज्यादा सक्षम होगा। दूसरों का दुख दूर करने में भी। मार्क्स के साथ,मार्क्स के बिना भी।

## एक नजर

### ग्रामीण को दी जान से मारने की धमकी

**धनारी अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी बिचौला निवासी तैयब खां ने पुलिस को तहरीर दी है। कहा है कि दो लोग उसके घर के दरवाजे के सामने टैक्टर ट्राली खड़ी कर देते हैं। इसकी शिकायत करने पर उसके साथ मारपीट पर उतारू हो गए और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई।

### शादी के एक माह बाद रफूचक्कर हुई महिला

**बबराला/धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसका छोटा बेटा मंदबुद्धि है। जिस कारण उसकी शादी नहीं हुई। गांव का ही एक व्यक्ति कुंवारों की शादी कराता है। उसने साठ हजार रुपये देने पर बेटे ही शादी कराने का लालच दिया तो डेढ़ माह पहले उसने रुपये दे दिए। वह व्यक्ति बेटे को लेकर चला गया और नवें दिन एक युवती को साथ लेकर लौटा। महिला नियमित रूप से अपने घर खाना पकाती और उस व्यक्ति के लिए टिफिन लगाकर देने जाती थी। चूंकि, व्यक्ति ने शादी कराई थी इसलिए किसी ने इसपर ऐतराज नहीं किया। शुक्रवार दोपहर महिला व्यक्ति के लिए टिफिन लेकर गई तो फिर घर नहीं लौटी।

### हेपेटाइटिस सी के मरीज दवा का नियमित सेवन करें

**संभल, अमृत विचार :** विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जिला अस्पताल में हुई गोष्ठी में हेपेटाइटिस सी से पीड़ित मरीजों से स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली गई। कहा गया कि जिन मरीजों की जिला अस्पताल से दवा चल रही है वह नियमित रूप से सेवन करते रहें। समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच भी कराई जाए ताकि बीमारी की सही जानकारी मिल पाए। गोष्ठी में बीमारी के लक्षणों की जानकारी देते हुए बचाव के बारे में भी बताया गया। इस दौरान एडी हेल्थ डॉ.रितु कत्याल, सीएमओ डॉ.तरन्नुम रजा, एसीएमओ डॉ.पंकज कुमार विश्नोई, जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ.मनोज चौधरी, सीएमएस डॉ.राजेंद्र सिंह व डॉक्टर मौजूद रहे।

### थाना समाधान दिवस में नौ शिकायतें, 3 निस्तारित

**जुनावई अमृत विचार :** जुनावई थाने में लगे थाना समाधान दिवस में एसडीएम दीपक चौधरी और सीओ डॉ.गणेश कुमार ने शिकायतें सुनीं। जमीन से संबंधित नौ किसानों ने शिकायत दर्ज कराई। जिसमें से तीन शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया शेष शिकायतों के समाधान के लिए गांव घोंसली, पुसावली, जुनावई को टीमों को रवाना किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार बबलू कुमार, थाना प्रभारी अनिल कुमार, एसएस आई अमरपाल सिंह और राजस्व कर्मचारी रहे।

### जल लेने हरिद्वार रवाना हुए कांवड़ियों के जत्थे

**संभल/बबराला, अमृत विचार :** शनिवार की शाम कांवड़ियों के जत्थे जल लाने के लिए हरिद्वार रवाना हुए। संभल के गांव भवानीपुर से 50 कांवड़िये हरिद्वार से गंगाजल लेने के लिए रवाना हुए। बबराला क्षेत्र में हाईवे और कांवड़ पटरी मार्ग पर भोले के जयकारों की गूंज सुनाई दी। बदायूं जिले के दहगवां से नमित गुप्ता के नेतृत्व में डाक कांवड़ियों का जत्था हरिद्वार रवाना हुआ। इस्लामनगर से आशीष कुमार की अगुवाई में साइकिल सवार डाक कांवड़ियों का एक जत्था राजघाट गंगा घाट पहुंचा। जोशो-खरोश से लबरेज शिवभक्त गंगाजल लेने हरिद्वार की ओर बढ़ने लगे हैं। 30 जुलाई को पंचक खत्म होने के बाद कांवड़ियों की संख्या तेजी से बढ़ने की उम्मीद है।

### 15 दंपति में सुलह,पटरी पर लौटी जिंदगी

**बहजोई,अमृत विचार :** पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र पर छोटी-छोटी बातों को लेकर अलग हुए दंपति को मिलाने का काम किया गया। काउंसलर ने उन्हें समझाया कि पति-पत्नी को आपस में सामंजस्य बनाकर साथ रहना चाहिए। 15 पति-पत्नी की समझ में यह बात आ गई। उन्होंने समझौते के आधार पर अपना विवाद समाप्त कर लिया। सीओ बहजोई दीपक कुमार तिवारी ने बताया कि कुल 67 पत्रावली सुनकर 22 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तथा 15 परिवारों को मिलाया गया। इस दौरान काउंसलर अखिलेश अग्रवाल, लव मोहन वार्ष्णेय, संगीता भार्गव, सीमा आर्य, कंचन महेश्वरी, बबीता शर्मा, श्वेता गुप्ता आदि ने सहयोग किया।

### नेवले के हमले में घायल

**संभल, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव राया बुजुर्ग निवासी सालिम शनिवार को घर के आंगन में बैठा हुआ था। अचानक से सालिम के घर नेवला घुस आया। सालिम डंडा लेकर नेवले को घर से भगाने की कोशिश करने लगा। अचानक से नेवले ने सालिम पर हमला कर दिया सालिम का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया है।

# खेत में बोरे से मिला महिला का शव

## आशंका है कि सड़क से करीब 20 कदम दूर खींचते हुए गन्ने के खेत में फेंका गया है

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में गांव केवलपुर तिपेड़ा के मजरा रजापुर घेर के जंगल में गन्ने के खेत में बंद बोरे में अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। हत्या के बाद शव फेंके जाने की आशंका जताई गई है। एएसपी और सीओ ने घटनास्थल का जायजा लिया।

थाना क्षेत्र में यारा वीरा फर्टिलाइजर पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव केवलपुर तिपेड़ा के मजरा रजापुर के घेर के पास गांव से करीब 500 मीटर दूर अजब सिंह के गन्ने के खेत में शनिवार को दोपहर में करीब 30 वर्षीय महिला का शव बोरे में मिला।

इसकी जानकारी तब हुई जब किसान अजब सिंह पशुओं के लिए चारा लाने खेत में पहुंचा। उसे सड़क से करीब 20 कदम दूर कुछ खींचकर खेत में लाने के निशान दिखे। इस पर अजब सिंह ने खेत में जाकर देखा तो बंद बोरे में कुछ था। उसने घबराकर गांव में आकर सूचना दी तो ग्रामीण एकत्र होकर मौके पर पहुंच गए।



महिला का शव मिलने के बाद मौके पर जानकारी करतीं एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा।

- एएसपी व सीओ मौके पर पहुंचे फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

सूचना मिलने पर एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा और सीओ डॉ. गणेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए।

बोरे को खोलकर देखा तो उसमें अज्ञात महिला का शव था। महिला ने टीशर्ट व लोअर पहना हुआ है। पुलिस ने महिला की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई है।

पुलिस ने ग्रामीणों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया मगर सफलता नहीं मिली। शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए हैं।

### अंधेरे का फायदा उठाकर फेंका शव

**संभल/रजपुरा अमृत विचार :** महिला की हत्या कर शव को बोरे में बंद कर केवलपुर तिपेड़ा मार्ग का इस्तेमाल किया गया। रात में इस मार्ग पर आवागमन कम ही रहता है। आशंका जताई जा रही है कि रात में कहीं से लाकर शव यहां फेंका गया होगा।

> रजापुर के घेर के जंगल में एक महिला का शव मिला है। शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।
> –अनुकृति शर्मा, एएसपी दक्षिणी

### महिला को धमकाने के मामले में आरोपी के विरुद्ध शांतिभंग में कार्रवाई

**चन्दौसी, अमृत विचार:** तमंचा लेकर महिला व उसके परिवार को धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर शांतिभंग में कार्रवाई की है। जबकि महिला ने पुलिस अधीक्षक से आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की गुहार लगाई थी। आरोपी का हाथ में तमंचा लेकर धमकाने का वीडियो वायरल हुआ था।

23 जुलाई को मोहल्ला लक्ष्मणगंज पजाया निवासी महिला मुन्नी पत्नी शाकिर ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। महिला का कहना था कि उसका पति दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। महिला अपने छह पुत्री व पुत्र के साथ रहती है। आरोप था कि घर के पास रहने वाले दो दबंग भाई आए दिन धमकाते हैं। 17 जुलाई को आरोपी हाथ में तमंचा लेकर महिला के घर पहुंचा था और धमकाने के साथ-साथ गाली-गलौज की। इसके बाद पुलिस ने घटना का संज्ञान लेते हुए शनिवार को आरोपी को हिरासत में लिया है।

## सार संक्षेप

### 13 लाख बच्चों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल टेबलेट

**बहजोई, अमृत विचार :** जनपद में 10 अगस्त को जिले के 1970 सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त व केंद्रीय स्कूलों 6 वर्ष से 19 वर्ष की आयु वर्ग के सभी छात्र-छात्राओं को शिक्षकों के माध्यम से एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई जाएगी। वहीं व 1772 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 1 से 5 वर्ष तक के सभी पंजीकृत बच्चों के साथ ही 6 से 19 वर्ष तक के विद्यालय में न जाने वाले बालक बालिका,ईट भट्ठा पर कार्य करने वाले श्रमिक व घुमंतू लाभार्थियों को टेबलेट खिलाएंगे। कुल 13 लाख 11810 बच्चों, किशोर व किशोरियों को टेबलेट खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। वैसे तो एल्बेंडाजोल की टेबलेट खाने से कोई भी प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। अगर ऐसा होता है तो अभियान के अंतर्गत क्षेत्रीय आरबीएस की टीम, मोबाइल हेल्थ टीम, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अथवा एंबुलेंस 108 के अंतर्गत संचालित एंबुलेंस का तत्काल कॉल करते ही एंबुलेंस नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर बच्चों को पहुंचाएगी और वहां पर उन्हें समुचित इलाज दिया जाएगा।

### इमाम हुसैन के दसवें पर निकला जरी का कदीमी जुलूस

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** सिरसी में इमाम हुसैन के दसवें पर जरी का कदीमी जुलूस निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। सिरसी के इमाम बारगाहों एवं अजाखानों में इमाम हुसैन के दसवें पर मजलिसों का सिलसिला जारी रहा। उलेमाओं ने कर्बला में शहीद इमाम हुसैन के ऊपर हुए जुल्मों सितम को बयान किया। कहा कि मोहर्रम की दस तारीख को कर्बला के मैदान में नवासा ए रसूल इमाम हुसैन को यजीद और उसकी जालिम फौज ने तीन दिन का भूखा प्यासा शहीद कर दिया था। उसी याद में जमील हसन के मकान पर मजलिसें अजा शुरू हुई। जिसमें मर्सिया असद अब्बास और उनके हमनवां ने पढ़ा। मजलिस को मौलाना जमाल अब्बास ने खिताब किया। मजलिस के बाद जरी का कदीमी जुलूस निकाला गया।

### मानक के विपरीत मिला स्कूल का वाहन तो कार्रवाई

**संभल, अमृत विचार :** विद्यार्थी सुरक्षा को लेकर एआरटीओ कार्यालय में स्कूलों के प्रधानाचार्यों और वाहन इंचार्ज की बैठक हुई। एआरटीओ प्रशासन डॉ.पीके सरोज ने कहा कि मानक के विपरीत कोई वाहन संचालन में पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी। प्रधानाचार्य एवं स्कूल संचालक वाहन की फिटनेस, बीमा, कर आदि प्रपत्र पूर्ण करा लें। निर्देश दिए कि वाहनों के चालकों, परिचालकों के चरित्र प्रमाणित कराकर वाहन का संचालन किया जाए। करीब 15 वाहन समय सीमा पूर्ण कर चुके हैं। ऐसे वाहनों के पंजीयन निरस्त करने की कार्रवाई कराई जाए। फिटनेस समाप्त होने वाले वाहन के पंजीयन निलंबन की कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान एआरटीओ प्रवर्तन जेपी गुप्ता, बाबू शशांक कुमार शर्मा भी रहे।

### बसपा के तीसरी बार जिलाध्यक्ष बने जितेंद्र सिंह

**संभल, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने विश्वास करते हुए लगातार तीसरी बार जितेंद्र सिंह एडवोकेट को संभल का जिलाध्यक्ष घोषित किया है। जिलाध्यक्ष के साथ ही जिले की कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई है। राष्ट्रीय महासचिव मुनकाद अली, सेक्टर प्रभारी गिरीश चंद्र जाटव आदि की संस्तुति पर जिला कमेटी घोषित की गई है। जिसमें लगातार तीसरी बार जितेंद्र सिंह एडवोकेट जिलाध्यक्ष, शब्बू चौधरी जिला उपाध्यक्ष, सोमपाल सिंह प्रजापति जिला महासचिव, कुंवरपाल सिंह जिला सचिव, चेतन बॉबी जिला कोषाध्यक्ष, धर्मपाल सिंह व फिरोज आलम सदस्य, रविशंकर धर्मा जिला संयोजक बीबीएफ बनाए गए हैं। वहीं जिलाध्यक्ष ने असमोली विधानसभा में संजय गौतम को विधानसभा अध्यक्ष, प्रेमपाल सिंह को विधानसभा प्रभारी, दिनेश कुमार को विधानसभा उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।



जितेंद्र सिंह।



संजय गौतम।

### मलबे में दबकर पांच लोग घायल

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव लखौरी जलालपुर निवासी महेंद्र सिंह शनिवार को संभल हसनपुर मार्ग पर गांव रिठाली में स्थित राधा स्वामी सत्संग भवन के पास प्लाट की नींव भरवा रहे थे। अचानक गांव भारतल सिरसी निवासी बाइक मिस्त्री सद्दाम की दुकान की दीवार भर-भराकर गिर गई। इससे पहले मजदूर, राजमिस्त्री व पास में खड़े महेंद्र सिंह के पिता विष्णु अपने आप को बचा पाते। दीवार के मलबे में दबकर गांव रिठाली निवासी राजवीर व धर्मेंद्र और भारतल सिरसी निवासी सरदार सिंह, अमरोहा जिले के गांव शीतला सराय निवासी ऋषिपाल सिंह व विष्णु घायल हो गए।

# बाहरी से शिक्षण कार्य कराने वाले शिक्षा मित्र की सेवा होगी समाप्त

कार्यालय संवाददाता, संभल

**कार्रवाई**

- प्रधानाध्यापक निलंबित, खंड शिक्षा अधिकारी को जांच अधिकारी नामित किया
- परिषदीय स्कूल में शिक्षामित्र के स्थान पर कार्य करता मिला अन्य व्यक्ति, रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश

**अमृत विचार :** रजपुरा क्षेत्र के परिषदीय स्कूल में शिक्षामित्र के स्थान पर अन्य व्यक्ति शिक्षण कार्य करता मिला। बीएसए ने मामले में प्रधानाध्यापक को निलंबित करते हुए शिक्षामित्र की सेवा समाप्त करने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी से प्रस्ताव मांगा है जबकि व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

खंड शिक्षा अधिकारी रजपुरा ने चार जुलाई को प्राथमिक विद्यालय भैयापुर का औचक निरीक्षण किया तो शिक्षामित्र सर्वेश यादव के स्थान पर कोई दूसरा व्यक्ति शिक्षण कार्य करता मिला। उसने सर्वेश यादव के हस्ताक्षर के कॉलम में हस्ताक्षर बनाए।

खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रभारी प्रधानाध्यापक राघवेंद्र सिंह से स्पष्टीकरण मांगा लेकिन स्पष्टीकरण नहीं दिया। आख्या मिलने पर बीएसए अलका शर्मा ने स्पष्टीकरण न देने, विभागीय अधिकारियों को अवगत न कराने को लेकर प्रभारी प्रधानाध्यापक राघवेंद्र सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

अनुशासनिक कार्रवाई में खंड शिक्षा अधिकारी बहजोई विनोद कुमार को जांच अधिकारी नामित किया। बीएसए ने शिक्षामित्र के स्थान पर कार्य करने वाले व्यक्ति के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

# 17 लाख की केसर और चांदी के वर्क की ठगी में सगे भाई गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता,संभल/बबराला

- गाजियाबाद के व्यापारी की शिकायत पर अलीगढ़ पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** जनपद के गुन्नौर निवासी दो सगे भाईयों ने अलीगढ़ की मशहूर स्वीट शाप के नाम पर आर्डर देकर गाजियाबाद के व्यापारी से 17 लाख रुपये की केसर और चांदी के वर्क की ठगी कर ली। अलीगढ़ पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से करीब साढ़े ग्यारह लाख का माल और एक कार बरामद की गई है।

नोएडा में स्थित श्रीजगन्नाथ जी स्टर्लिंग प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को 15 जुलाई को फोन कर अलीगढ़ की फेमस विकास स्वीट्स के नाम पर 1000 पैकेट चांदी के वर्क और 4.850 किलो केसर सहित 17 लाख रुपये कीमत के सामान का आर्डर दिया गया। आर्डर देने वाले ने कहा कि माल की डिलीवरी के समय रकम का भुगतान कर दिया जायेगा। कंपनी ने जब माल डिलीवरी के लिए भेजा तक डिलीवरी देने वाले से कहा गया कि विकास स्वीट्स शोरूम के सामने पानी भरा है इसलिए माल की डिलीवरी अलीगढ़ जनपद के मडराक में समृद्धि टाउनशिप के सामने कर दें। यहां से माल लेकर आर्डर करने वाले गायब हो गये। कंपनी के मालिक अमित संगल लगातार फोन करते रहे लेकिन आरोपियों का नंबर बंद आ रहा था। जिसके बाद अमित संगल ने रिपोर्ट दर्ज कराई। अलीगढ़ पुलिस ने जांच शुरु की तो पता चला कि जनपद संभल के गुन्नौर कस्बा में मुहल्ला साहूकारा के रहने वाले सगे भाईयों शिव शंकर गौतम और शिवम ने ठगी की है। अलीगढ़ पुलिस ने दोनों भाईयों को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया।

### 11 लाख का केसर चांदी वर्क व कार बरामद

**गुन्नौर, अमृत विचार :** गिरफ्तार किये गये शिवशंकर गौतम व शिवम के कब्जे से केसर और चांदी वर्क के साथ ही कार भी बरामद हुई। अलीगढ़ जनपद के पुलिस सर्किल इगलास के सीओ डॉ. कृष्ण गोपाल ने दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी आगरा रोड पर शाहपुर बॉर्डर के पास से होने की पुष्टि की है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से एक कार्टन में चार किलो केसर और तीन कार्टन में भरे 600 पैकेट चांदी के वर्क बरामद हुए। इसकी बाजार में कीमत करीब 11.60 लाख रुपये है। आरोपियों के पास से कार भी बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ मथुरा जनपद के थाना महावन में हत्या का नामजद मुकदमा भी दर्ज है।

### मजदूर के साथ मारपीट

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर निवासी जगत ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि शुक्रवार की रात किराना की दुकान से सामान खरीदते समय दुकानदार से कहासुनी हो गई थी। उस समय तो लोगों ने समझा बुझाकर जगत व दुकानदार को शांत करा दिया था। आरोप है कि शनिवार की सुबह काम पर जाते समय जगत को दुकानदार ने बेटे के साथ मिलकर घेर लिया और रात हुई कहासुनी को लेकर मारपीट कर घायल कर दिया।

### एडी हेल्थ ने देखी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं की हकीकत



सीएचसी का निरीक्षण करतीं एडी हेल्थ डॉ. रितु।

**बहजोई, अमृत विचार :** एडी हेल्थ डॉ. रितु कत्याल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई का औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले महिला अस्पताल देखा तो एक ही स्थान पर अधिक मरीज भर्ती होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मरीजों को अलग-अलग बेड पर रखा जाए। अस्पताल में साफ सफाई को लेकर भी उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। इसके बाद वह दवा वितरण कक्ष पहुंचीं। जहां पर उन्होंने दवाओं का रखरखाव सही से किए जाने को कहा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र पर व्यवस्था का जायजा लिया गया। मरीजों को अच्छा उपचार देने को लेकर भी सीएचसी प्रभारी को निर्देश दिए गए हैं।

### शहर कोतवाल पवन कुमार का तबादला

**संभल,अमृत विचार :** संभल सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार का तबादला गैर जनपद हो गया है। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने पवन कुमार को रिलीव कर इंस्पेक्टर क्राइम अनुज कुमार तोमर को संभल का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया है। इसके अलावा दरोगा दिनेश कुमार को थाना ऐंचोड़ा कंबोह, नीलम सत्संगी को बहजोई, सुभाषचंद्र को हयातनगर व उपेंद्र कुमार सिंह को संभल कोतवाली की मंडी समिति चौकी का प्रभारी बनाया है। पुलिस लाइन से निरीक्षक सत्येंद्र सिंह पंवार को अपराध शाखा में तैनाती दी गई है।

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम ANIS AHAMAD से बदलकर ANEES AHMAD S/o ABDUL RASEED मोहल्ला नवाबपुरा टांडा रामपुर रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम BAJID से बदलकर WAJID SALMANI S/o JAMIL AHAMAD भटावली काजीपुरा मुरादाबाद रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, यूनिट-18
**कन्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज**
उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
मकान सं0-जैड 1/17, आशियाना फेज-2, (कृष्णा आर्थोपेडिक सेन्टर के सामने वाली गली में), कांठ रोड, मुरादाबाद-244001
E-mail id: pm18mbd@gmail.com

पत्रांक- 2239/एम-18/669 दिनांक- 19/07/2024

**अल्पकालीन निविदा-सूचना**

अध्यक्ष, उ०प्र० जल निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा भवन निर्माण कार्यो (Building works) में दक्ष निविदादाता/ठेकेदारों से जनपद बिजनौर में संचालित विभिन्न राजकीय इण्टर कॉलेज, माध्यमिक विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल की सुविधा के निर्माण कार्य हेतु दिनांक 19.07.2024 से 02.08.2024 के मध्य अपरान्ह 03:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है जोकि दिनांक 02.08.2024 को अपरान्ह 03:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। उक्त निर्माण कार्यों के निविदा प्रपत्र दिनांक 19.07.2024 से 01.08.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में (कार्यालय समय में) इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं, जिसका विवरण निम्नानुसार है।

| क्र० सं० | विद्यालय का नाम | कार्य की लागत (रू० लाख में) | धरोहर राशि (Earnest Money) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज सरकड़ा | 3.51 | 7100.00 | 1000+ (G.S.T.18%) | 45 दिन | दो माह | ई एवं उच्चतर श्रेणी |
| 2 | राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज, लोहारपुरा | 3.51 | 7100.00 | 1000+ (G.S.T.18%) | 45 दिन | दो माह | ई एवं उच्चतर श्रेणी |
| 3 | राजकीय हाईस्कूल पृथ्वीपुर | 3.51 | 7100.00 | 1000+ (G.S.T.18%) | 45 दिन | दो माह | ई एवं उच्चतर श्रेणी |
| 4 | राजकीय हाईस्कूल नरावली | 3.51 | 7100.00 | 1000+ (G.S.T.18%) | 45 दिन | दो माह | ई एवं उच्चतर श्रेणी |
| 5 | राजकीय हाईस्कूल मटौरामान | 3.51 | 7100.00 | 1000+ (G.S.T.18%) | 45 दिन | दो माह | ई एवं उच्चतर श्रेणी |
| 6 | राजकीय हाईस्कूल बिसाठ | 3.51 | 7100.00 | 1000+ (G.S.T.18%) | 45 दिन | दो माह | ई एवं उच्चतर श्रेणी |
| 7 | राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, सुआवाला | 3.51 | 7100.00 | 1000+ (G.S.T.18%) | 45 दिन | दो माह | ई एवं उच्चतर श्रेणी |
| 8 | राजकीय मॉडल बालिका इण्टर कॉलेज, फतेहपुर जमाल | 3.51 | 7100.00 | 1000+ (G.S.T.18%) | 45 दिन | दो माह | ई एवं उच्चतर श्रेणी |

1. निविदा क्रय करने का दिनांक 19.07.2024 से 01.08.2024 तक।
2. निविदा जमा करने का दिनांक 02.08.2024 अपरान्ह 03:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का दिनांक 02.08.2024 अपरान्ह 03:30 बजे।

परियोजना प्रबन्धक

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, यूनिट-18
**कन्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज**
उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
मकान सं0-जैड 1/17, आशियाना फेज-2, (कृष्णा आर्थोपेडिक सेन्टर के सामने वाली गली में), कांठ रोड, मुरादाबाद-244001
E-mail id: pm18mbd@gmail.com

पत्रांक- 2241/एम-18/671 दिनांक- 19/07/2024

**अल्पकालीन निविदा-सूचना**

अध्यक्ष, उ०प्र० जल निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा भवन निर्माण कार्यो (Building works) में दक्ष निविदादाता/ठेकेदारों से जनपद रामपुर में संचालित विभिन्न राजकीय इण्टर कॉलेज, माध्यमिक विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल की सुविधा के निर्माण कार्य हेतु दिनांक 19.07.2024 से 03.08.2024 के मध्य अपरान्ह 03:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है जोकि दिनांक 03.08.2024 को अपरान्ह 03:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। उक्त निर्माण कार्यों के निविदा प्रपत्र दिनांक 19.07.2024 से 02.08.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में (कार्यालय समय में) इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं, जिसका विवरण निम्नानुसार है।

| क्र० सं० | विद्यालय का नाम | कार्य की लागत (रू० लाख में) | धरोहर राशि (Earnest Money) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय उ०मा०विद्यालय अहरो, बिलासपुर। | 3.51 | 7100.00 | 1000+ (G.S.T.18%) | 45 दिन | दो माह | ई एवं उच्चतर श्रेणी |
| 2 | राजकीय उ०मा०वि० गजरौला, रामपुर। | 3.51 | 7100.00 | 1000+ (G.S.T.18%) | 45 दिन | दो माह | ई एवं उच्चतर श्रेणी |
| 3 | राजकीय उ०मा०वि धनुपुरा रामपुर। | 3.51 | 7100.00 | 1000+ (G.S.T.18%) | 45 दिन | दो माह | ई एवं उच्चतर श्रेणी |
| 4 | राजकीय उ०मा०वि० शाहपुरदेव, शाहबाद, रामपुर। | 3.51 | 7100.00 | 1000+ (G.S.T.18%) | 45 दिन | दो माह | ई एवं उच्चतर श्रेणी |
| 5 | राजकीय इण्टर कालेज, रेबड़ीकला, शाहबाद, रामपुर। | 3.51 | 7100.00 | 1000+ (G.S.T.18%) | 45 दिन | दो माह | ई एवं उच्चतर श्रेणी |
| 6 | राजकीय इण्टर कोलेज, मानकपुर बंजरिया, रामपुर। | 3.51 | 7100.00 | 1000+ (G.S.T.18%) | 45 दिन | दो माह | ई एवं उच्चतर श्रेणी |
| 7 | राजकीय उ०मा० विद्यालय चमरौआ, रामपुर। | 3.51 | 7100.00 | 1000+ (G.S.T.18%) | 45 दिन | दो माह | ई एवं उच्चतर श्रेणी |
| 8 | राजकीय इण्टर कालेज, काशीपुर, रामपुर। | 3.51 | 7100.00 | 1000+ (G.S.T.18%) | 45 दिन | दो माह | ई एवं उच्चतर श्रेणी |
| 9 | राजकीय हाईस्कूल नौगवां, रामपुर। | 3.51 | 7100.00 | 1000+ (G.S.T.18%) | 45 दिन | दो माह | ई एवं उच्चतर श्रेणी |

1. निविदा क्रय करने का दिनांक 19.07.2024 से 02.08.2024 तक।
2. निविदा जमा करने का दिनांक 03.08.2024 अपरान्ह 03:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का दिनांक 03.08.2024 अपरान्ह 03:30 बजे।

परियोजना प्रबन्धक

# एआरटीओ कार्यालय पर छापा, कई दलाल पकड़े

## अफरा-तफरी मची, डीएम- एसपी ने गहनता से की पड़ताल, आधा दर्जन लोगों के नाम सामने आए

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** डीएम और एसपी ने शनिवार को संभल में एआरटीओ कार्यालय पर छापेमारी की। जिससे दलालों में अफरा-तफरी मच गई और भागने लगे। मौके से कुछ दलालों को पकड़ा तो आधा दर्जन लोगों के नाम भी सामने आए। डीएम ने डिटेल के आधार पर जांच पड़ताल करके कार्रवाई करने की बात कही।

शासन के निर्देश हैं कि सरकारी कार्यालयों में किसी भी कार्य के लिए दलाली न होने पाए। एआरटीओ कार्यालय में भी लाइसेंस प्रक्रिया फेसलेस कर दी गई है जबकि बाकी कार्य ऑनलाइन होने की व्यवस्था है। शिकायतें मिल रही थी कि कुछ दलाल लोगों को लाकर अपने माध्यम से काम कराते हैं। शनिवार को दोपहर जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया, पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत अचानक एआरटीओ कार्यालय पहुंचे और छापेमारी की। अधिकारियों को देखकर दलाल भागने लगे तो पुलिस कर्मियों ने दौड़कर कुछ को पकड़ लिया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय परिसर में घूम रहे लोगों से भी पूछताछ की। इतना ही नहीं, कार्यालय के अंदर कंप्यूटर सिस्टम पर जाकर भी जांच पड़ताल की गई। करीब आधे घंटे तक जांच पड़ताल चली। डीएम ने कहा कि छह सात लोगों के नाम सामने आए हैं। कुछ के नाम गोपनीय रूप से बताए गए हैं। डिटेल के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



एआरटीओ कार्यालय परिसर में मौजूद लोगों से पूछताछ करते डीएम व एसपी।

- जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कही

इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, एसडीएम विनय कुमार मिश्र, सीओ अनुज कुमार चौधरी, एआरटीओ प्रशासन डॉ.पीके सरोज, एआरटीओ प्रवर्तन जेपी गुप्ता आदि रहे।

### बोले, सीसीटीवी कैमरे एक्टिव रहने चाहिए

**संभल, अमृत विचार :** डीएम ने एआरटीओ कार्यालय पर एसडीएम विनय कुमार मिश्र को निर्देश दिए कि यहां सीसीटीवी कैमरे एक्टिव रहने चाहिए। कार्यालय में प्रवेश करने और निकलने वाले हर व्यक्ति की निगरानी होनी चाहिए। छापेमारी के दौरान एडीएम कार्यालय के बाहर लगे गेट को भी बंद कर पुलिस तैनात कर दी गई थी, ताकि एआरटीओ कार्यालय परिसर से कोई बाहर न निकल सके।

### रजिस्ट्री कार्यालय पर भी हुई छापेमारी

**संभल, अमृत विचार :** डीएम और एसपी ने एआरटीओ कार्यालय के बाद रजिस्ट्री कार्यालय पर छापा मारा। कार्यालय में एक कर्मचारी से गहनता से पूछताछ की गई। इतना ही नहीं, कार्यालय परिसर में मौजूद लोगों से भी जानकारी ली गई कि वह किस कार्य के लिए यहां आए हैं। पुलिस ने लोगों के नाम पते के बारे में जानकारी लेने का काम शुरू किया।

### तहसील के कार्यालयों व न्यायालयों में भी हो छापेमारी

**संभल, अमृत विचार :** संभल बार एसोसिएशन की बैठक ई लाइब्रेरी कक्ष में अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। सचिव डॉ .अमित कुमार उठवाल ने कहा कि बार एसोसिएशन ने पूर्व में डीएम से एआरटीओ कार्यालय व रजिस्ट्री कार्यालय में चल रहे भ्रष्टाचार की शिकायत की थी। जिसका संज्ञान लेते हुए डीएम और एसपी ने छापेमारी करते हुए कुछ दलालों को पकड़ा। अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने प्रशासन से मांग की कि तहसील के कार्यालयों और न्यायालयों का भी औचक निरीक्षण कर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की कार्रवाई की जाए। ऐसी छापेमारी प्रत्येक महीने कराई जाए। बैठक में देवेंद्र पाल, शरद चंद्र भारद्वाज, प्रकाशवीर सिंह, नीतू सिंह सैनी आदि रहे।

## एक नजर

### शौच जा रही किशोरी करंट से झुलसी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव भैतरी रेलवे फाटक निकट निवासी शौच को जा रही किशोरी करंट की चपेट में आने से झुलस गई। परिजनों ने किशोरी को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। भैतरी रेलवे फाटक के निकट निवासी छोटे शर्मा की 13 वर्षीय पुत्री राधिका अपनी सहेली समीना व कजरी के साथ शनिवार की शाम चार बजे शौच करने खेत पर जा रही थी। वहीं खेत के चारों ओर बंधे कटीले तारों में करंट दौड़ रहा था। जैसे ही किशोरी ने तार को छुआ, तो करंट लग गया। यह देख दोनों सहेलियों ने राधिका के परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने तार में डंडा माकर किशोरी को हटाया।

### राजस्व टीम ने चकरोड से अवैध कब्जा हटवाया

**कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव शहबाजपुर निवासी मुकेश पुत्र जगपाल ने शनिवार को थाना समाधान दिवस कुढ़फतेहगढ़ में खेतों पर बने चक रोड (नाली) पर पड़ोसी खेत स्वामी द्वारा अवैध कब्जे की शिकायत की थी। शिकायत पर तत्काल थाना अध्यक्ष संदीप बालियान ने संबंधित राजस्व टीम के लिए निस्तारण के लिए मौके पर भेजा। टीम में शामिल लेखपाल रजनीश कुमार एवं रोहित कुमार ने चकरोड की पैमाइश कर पक्के ठिये लगवा कर दोनों पक्षों की उपस्थिति में चकरोड को कब्जा मुक्त कराया।

### गोकशी के आरोपी के 29 लाख के दो मकान सील

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** पुलिस ने हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के सिरसी में गोकशी के आरोपी के दो घरों को कुर्क करते हुए सील कर दिया। यह संपत्ति करीब 29 लाख रुपये की बताई गई। शनिवार को शाम नायब तहसीलदार अनुज कुमार, हजरत नगर गढ़ी थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा, सिरसी पुलिस चौकी इंचार्ज डॉ. रुकमपाल सिंह मुहल्ला चौधरियान में अशरफ के घर पहुंचे। पुलिस ने वहां अशरफ के दो मकानों को सील किया। बताया गया कि अशरफ गोकशी करने में दो बार जेल जा चुका है। अशरफ के दोनों मकानों की कीमत लगभग 29 लाख रुपये है।

# हैंडीक्राफ्ट कारोबारियों ने सीखा डिजाइन और पैकेजिंग का हुनर

- कॉमन फैसिलिटी सेंटर में हुआ कार्यशाला का आयोजन

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** कॉमन फैसिलिटी सेंटर में जिला उद्योग केंद्र के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में एक जनपद एक उत्पाद के तहत हैंडीक्राफ्ट कारोबारियों व कारीगरों ने डिज़ाइन व उन्नत पैकेजिंग का हुनर सीखा।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया व विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके बाद दोनों अधिकारियों ने कारीगरों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन करने के साथ ही कॉमन फैसिलिटी सेंटर का निरीक्षण किया। इटली से आयी मशीनों पर सींग का बटन बनते हुए देखा। जिलाधिकारी ने निर्यातकों को विशिष्ट गुणवत्ता पूर्ण उत्पाद बनाने की सलाह दी। डीएम ने सेंटर पर बिजली की समस्या को जल्द निस्तारित करने का आश्वासन दिया। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के चेयरमैन कमल कौशल वार्ष्णेय व हैंडीक्राफ्ट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष ताहिर सलामी ने अतिथियों का स्वागत किया।

भारतीय पैकेजिंग संस्थान के माध्यम से निर्यातकों को उच्च तकनीक व पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार की पैकिंग की जानकारी दी गयी। संचालन उपायुक्त उद्योग शैलेन्द्र कुमार ने किया। कार्यक्रम में सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, एसडीएम विनय कुमार मिश्रा के अलावा वक़ार अहमद ,पूर्वी वार्ष्णेय ,सुनीत कुमार,सुहैल परवेज,मो. शारिक आदि उपस्थित रहे।

## बाइक सवार भाजपा नेता को गोली मारी, गंभीर

**चंदौसी, अमृत विचार:** व्यापार मंडल की बैठक में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहे भाजपा नेता को तीन लोगों ने गोली मार दी। सूचना मिलने पर कोतवाली और बनियाठेर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सीएचसी ले गई। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। मामला दो थानों के बीच सीमा विवाद को लेकर उलझा था। मोहल्ला लुधियाना निवासी प्रेमपाल पुत्र स्व. किशन लाल भाजपा अनुसूचित मोर्चा के नगर अध्यक्ष हैं। शनिवार को वह बहजोई कलेक्ट्रेट में व्यापार मंडल की बैठक में शामिल होने गए थे। रात करीब 10 बजे बाइक से वापस लौट रहे थे। थाना बनियाठेर के गांव नेहटा के निकट तीन हमलावरों ने पीछे से फायर कर दिया। गोली दाएं कंधे में लगी। जिससे वह वही गिर गए। हमलावर भाग निकले। घायल ने पत्नी मीना देवी को मोबाइल से घटना की सूचना दी।

# शादी के 11 दिन बाद गायब हुई विवाहिता नौ घंटे बाद मायके लौटी

- पीड़ित पति ने दूसरे समुदाय के तीन युवकों पर लगाया था पत्नी को ले जाने का आरोप
- पुलिस के सक्रिय होने पर मायके पहुंच गई विवाहिता, पुलिस ने ली राहत की सांस

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** शादी के 11 दिन बाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ले से शनिवार सुबह विवाहिता गायब हो गई। पति ने महिला के मायके वालों को जानकारी दी। कुछ ही देर में परिजन हिंदूवादी नेताओं के साथ कोतवाली पहुंचे और पुलिस को जानकारी देकर दूसरे समुदाय के तीन युवकों पर महिला को ले जाने का आरोप लगाया। पुलिस के सक्रिय होने पर महिला नौ घंटे के बाद शाम मायके पहुंच गई।

कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने अपनी पुत्री की शादी 11 दिन पहले दूसरे मोहल्ले के युवक से की थी। शादी के बाद सब कुछ ठीक-ठाक रहा। मगर 11 दिन बाद शनिवार की सुबह साढ़े सात बजे महिला पति को बिना बताए घर से चली गई। काफी देर तक इंतजार के बाद जब वह घर नहीं लौटी तो युवक ने उसके मायके वालों को सूचना दी। महिला की मां व पति हिंदूवादी नेता कौशल किशोर वंदेमातरम और विकास सनातनी आदि के साथ कोतवाली पहुंचे और दूसरे समुदाय के तीन युवकों पर पुत्री को ले जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी।

मामला दो समुदाय का होने पर पुलिस भी महिला की तलाश में लग गई। इस बीच महिला ने फोन से अपनी मां से भी बात की और शाम चार बजे मायके पहुंच गई। महिला के मायके पहुंचने पर परिजनों के साथ-साथ पुलिस ने भी राहत महसूस की। फिलहाल परिजनों द्वारा महिला से पूछताछ की जा रही है।

## सार संक्षेप

### विद्यार्थियों ने कागज पर उकेरे प्रतिभा के रंग

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप ऑफ चन्दौसी वेस्ट की ओर से शनिवार को बनियाठेर के गांव अमियापुर पचाक स्थित महेंद्र कुमार स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आजादी का महोत्सव विषय पर अमृत कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के करीब 80 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया और कागज पर सुंदर चित्रकारी से प्रतिभा के रंग उकेर कर प्रतिभा को उजागर किया। प्रतियोगिता में प्राची ने प्रथम, निधि ने द्वितीय व खुशबु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि छात्र विशाल चतुर्थ स्थान स्थान पर रहे। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया। अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान ग्रुप के सदस्य डॉ. मनोज गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को दंत संबंधी रोगों के विषय व उनके उपचार की विस्तृत जानकारी दी। ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य चौधरी विवेक कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए फास्ट फूड से होने वाली बीमारियों से अवगत कराया एवं सभी छात्र-छात्राओं को फास्ट फूड से दूर रहने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर ग्रुप के डॉ. बीएम गौर, प्रवीण अग्रवाल, मनोज गुप्ता समेत विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। अध्यक्षता नरेंद्र कुमार बंसल ने की। संचालन प्रधानाचार्य शोभित चौधरी ने किया।



ग्रुप डांस प्रतियोगिता के विजेता बच्चे व स्टाफ। ● अमृत विचार

### ग्रुप डांस प्रतियोगिता में स्ट्रॉबेरी हाउस के बच्चों ने बाजी मारी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जीके सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ग्रुप डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तीन से पांच के छात्र-छात्राओं ने उत्साह से प्रतिभाग किया। इसमें ब्लूबेरी, ब्लैकबेरी, स्ट्रॉबेरी और रास्पबेरी हाउस के करीब 50 बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन कर मनमोह लिया। सभी ग्रुप को देशभक्ति पर आधारित ही नृत्य प्रस्तुत करने की अनुमति थी। प्रतियोगिता में स्ट्रॉबेरी प्रथम, रास्पबेरी द्वितीय व ब्लैकबेरी हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधक मनोज गुप्ता और उप महा प्रबंधक योजना गुप्ता ने विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया। लोकेश, शैलेन्द्र, कशिश, कोमल, अनामिका व शलभ का सहयोग रहा। प्रधानाचार्य अभिनव भारद्वाज ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### पौधे रोपित कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर के कस्बा नरौली स्थित कुंवर कंचन सिंह महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से पर्यावरण एवं वन मंत्रालय भारत तथा उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार चलाए जा रही मुहिम एक पेड़ धरती मां क तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योत्सना शर्मा, प्राचार्य डॉ. रूपेश कुमार मिश्रा, सह कार्यक्रम अधिकारी धन सिंह के संयुक्त नेतृत्व में स्वयंसेवक-सेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में अमरुद, सागोन, नीम, सहजन, आंवला, शीशम आदि के पौधे रोपित किए। साथ ही पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर केपी सिंह सोमवंशी, इश्तियाक अहमद, अमोल शर्मा, आयुषी शर्मा, दानिश फात्मा, आदर्श कुमार, सलौनी राठौर, शीनू, सलोनी, मीनाक्षी, शिवानी, गोल्डी रानी, शाजिया, फिजा, शुमायला आदि स्टाफ व स्वयंसेवक-सेविकाओं का सहयोग रहा।

### अमरूद व आम बाग के रोपण के लिए बीज उपलब्ध

**चन्दौसी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत नवीन उद्यान रोपण कार्यक्रम 2024-25 में अमरूद बाग रोपण के लिए 20 हेक्टेयर व आम रोपण के लिए 5 हेक्टेयर का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसमें नवीन उद्यान रोपण कार्यक्रम अमरूद प्रथम वर्ष में 11502 रुपये प्रति हेक्टेयर, द्वितीय वर्ष व तृतीय वर्ष में 3834-3834 रुपए प्रति हेक्टेयर अनुदान पर किसान बीज प्राप्त कर सकते हैं। इसी प्रकार आम रोपण में प्रथम वर्ष में 7650 रुपये प्रति हेक्टेयर, द्वितीय वर्ष व तृतीय वर्ष में 2550-2550 रुपये प्रति हेक्टेयर अनुदान पर बीज देय होगा। ये जानकारी देते हुए जिला उद्यान अधिकारी सुघर सिंह ने बताया कि किसानों का चयन प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर किया जाएगा। पंजीकरण कराने के लिए किसान अपनी खतौनी, बैंक पासबुक एवं आधार कार्ड की छायाप्रति, दो फोटो एवं मोबाइल नंबर के साथ मझावली स्थित कार्यालय में सुबह 10 बजे से शाम पांच तक आकर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं।



वाद विवाद प्रतियोगिता के सम्मानित विजेताओं के साथ प्रधानाचार्य व शिक्षक।

### वाद-विवाद में चन्दौसी इंटर कॉलेज की टीम रही विजेता

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इंटर स्कूल अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में चन्दौसी इंटर कॉलेज की टीम ने प्रथम रही। शनिवार को विद्यालय में अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। छात्र-छात्राओं ने वाद-विवाद में पूछे गए प्रश्नों का बड़ी बेबाकी से उत्तर दिया। जिसमें चन्दौसी पब्लिक स्कूल की टीम विजेता, जीके सिल्वर स्टोन की टीम उपविजेता रही। मुख्य अतिथि बसंत शंकर, दिवाकर गुप्ता व आलोक गोयल ने विजेता व उपविजेता छात्र-छात्राओं को स्मृति चिंह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। निर्णायक मंडल में सोनी अग्रवाल व मुस्कान शामिल रहीं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कपिल दीप, शोभित राघव, राजेंद्र सिंह, निमित शर्मा, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

### सीएससी दिवस पर योजनाओं की दी गई जानकारी

**बहजोई,अमृत विचार :** सूचना और तकनीकी मंत्रालय की संस्था सीएससी ई- गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड द्वारा सीएससी यूपी दिवस पर जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के समस्त कॉमन सर्विस सेंटरों समेत मुख्यालय से जिला स्तरीय अधिकारियों ने योजनाओं की जानकारी दी। लाभार्थी योजनाओं नेशनल पेंशन स्कीम, ई-स्टाम्प, आईटीआर, आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, किसान मानधन योजना आदि के विषय में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। अच्छा कार्य करने वाले सीएससी वीएलई को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वीएलई विनीत कुमार चौहान द्वारा पौधारोपण किया गया।

### एमआर एसोसिएशन के अंकित अध्यक्ष,सचिव बने गौरव

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एमआर एसोसिएशन की वार्षिक मीटिंग शनिवार की शाम साढ़े पांच बजे फव्वारा चौक स्थित एक रेस्टोरेंट में हुई। जिसमे एसोसिएशन के विभिन्न पदों पर चुनाव किया गया। सर्वसम्मति से अंकित वार्ष्णेय को अध्यक्ष और गौरव रस्तौगी को सचिव पद के लिए चुना गया। जबकि अरविंद कुमार कोषाध्यक्ष चुने गए। इलेक्शन स्टेट काउंसिल के सहसचिव अजय चौधरी की देखरेख में चुनाव हुआ।

### दो बाइकों की टक्कर में दंपति घायल

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर निवासी किशनलाल शनिवार की दोपहर साढ़े 12 बजे अपनी पत्नी सावित्री के साथ बाइक पर सवार होकर गवां से दवा लेकर आ रहा था। किशनलाल बाइक लेकर जैसे ही गांव के पास पहुंचा। पीछे से दूसरी बाइक ने किशनलाल की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे किशनलाल व सावित्री घायल हो गए। परिजन घायलों को लेकर जिला अस्पताल आ गए और उपचार के लिए भर्ती कराया।

# केंद्र के बजट से प्रदेश के विकास को मिलेगी नई गति : सतपाल सैनी

- भाजपा जिला कार्यालय पर किया गया बजट गोष्ठी का आयोजन
- भाजपा पदाधिकारियों को बताई गईं बजट की जनकल्याणकारी बातें

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल सैनी ने कहा कि केंद्र सरकार ने जो बजट परित किया है उससे उत्तर प्रदेश के विकास को भी नई गति मिलेगी। केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश को 2.44 लाख करोड़ रुपये की धनराशि का आवंटन किया है। इस धनराशि से जहां नई सड़कों का निर्माण होगा वहीं औद्योगिक विकास भी होगा।

भाजपा जिला कार्यालय एकता विहार पर केंद्रीय बजट 2024-25 को लेकरआयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्याक्ष सत्यपाल सैनी ने कहा कि बजट में उत्तर प्रदेश को आवंटित 2.44 लाख करोड़ से राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग और ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति होगी। कर्ज गारंटी योजना से उत्तर प्रदेश की 20 लाख इकाइयों को जीवन दान मिलेगा और 22 लाख नए उद्यमी तैयार होंगे। उत्तर प्रदेश को नए 10 नए राष्ट्रीय राजमार्ग मिलेंगे जबकि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 2000 नई सड़कों का निर्माण होगा। इससे पहले संगोष्ठी की प्रस्तावना जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह जी ने रखते हुए कहा कि यह बजट देश के सर्वांगीण विकास वाला बजट है। संगोष्ठी में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, भारत सिंह यादव ,डॉक्टर नरेंद्र सिंह, डॉक्टर अनामिका यादव, राजेश शंकर राजू, मंजू दिलेर, सुधीर मल्होत्रा, प्रभात शर्मा, तेजपाल सैनी, हरिओम शर्मा,संध्या गर्ग, अंकुर जैन, मनोज कठेरियाआदि उपस्थित रहे। संचालन जिला महामंत्री अर्जुन वाल्मीकि ने किया।



पत्रकारों के सवालों के जवाब देते भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल सैनी।

## कांवड़ियों को अपशब्द कहने पर रिपोर्ट दर्ज

**चन्दौसी, अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव जनेटा में युवक द्वारा कांवड़ियों के विरुद्ध अपशब्द कहने पर आरोपी के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

नरौली के मोहल्ला मकुपुरा निवासी मुकेश सैनी उर्फ भूरे पुत्र वेदराम सैनी ने थाने में तहरीर दी है। कि वह जनेटा में भोला की राव चीनी की भट्ठी पर कार्य करता है। वहीं पर इमरान पुत्र इस्लाम निवासी जनेटा भी कार्य करता है। भट्ठी पर कार्य करने वाले सभी युवक एक साथ बैठे तो तब इमरान ने गंगा घाटों से कांवड़ में जल भर कर लाने वाले कांवड़ियों के विरुद्ध अपशब्द कह दिए। इसको लेकर आरोपी दूसरे युवकों से बहस करने लगा। आरोपी द्वारा कहे गए अपशब्दों का वीडिया बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। जिससे हिंदू समाज में रोष व्याप्त हो गया। मुकेश सैनी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी इमरान के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट के समक्ष पेश किया है।

## अवैध वसूली को लेकर आशाओं का हंगामा

**संभल अमृत विचार :** विकास खंड पंवासा क्षेत्र की आशाओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अवैध वसूली को लेकर हंगामा किया। आरोप लगाया कि विजिट के कागज और वाउचर पास करने पर पैसे लिए जाते हैं।

आशा शकुंतला, आशा देवी, चंद्रावती, सीमा, रश्मि, रेनू, भूरी, चंद्रकली, यासमीन, ममता, प्रेमवती, राजवती, मनीषा ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर गंभीर आरोप लगाए। अस्पताल के मुख्य गेट पर हंगामा किया। आरोप लगाया कि एक सफाई कर्मचारी विजिट के कागज जमा पर रुपये वसूलता है जबकि वाउचर जमा करने पर भी अवैध वसूली होती है। रुपये नहीं देने पर हटाने और खाते में रुपये नहीं भेजने की धमकी दी जाती है। आशाओं ने जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग उठाई।

**अनदेखी** ग्रामीणों में रोष, बीमारियों के फैलने का अंदेशा

# प्रवेश मार्ग पर जलभराव से आवागमन में दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी

**अमृत विचार:** ब्लाक बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायत धर्मपुर रत्ता में गांव से बाहर पानी के निकास के लिए नाली बंद होने से गांव का पानी खंडजा पर भरा रहता है। जिससे ग्रामीणों का निकलना दुश्वार हो गया है। साथ ही बारिश के मौसम के चलते ग्रामीणों में बीमारियों के फैलने का अंदेशा बना हुआ है। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

गांव धर्मपुर रत्ता में घरों का गंदा पानी नालियों से होते हुए गांव से बाहर निकल जाता था। काफी दिनों से गांव के बाहर नाली चोक हो गई है। जिससे गांव के प्रवेश मार्ग पर जलभराव हो गया है। जिससे महिलाओं व बच्चों एवं ग्रामीणों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चे आए दिन फिसल कर चोटिल हो रहे हैं। वहीं खडंजे पर गंदा पानी जमा होने से मच्छर आदि पनपने रहे हैं। आसपास के घरों में खुले में बदबू के कारण बैठना मुश्किल हो गया है। ग्रामीण नत्थू सिंह, लीलाधर, महेंद्र सिंह, बिलासी आदि का कहना है कि पानी के निकास के लिए कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं। हर बार आश्वासन तो मिला लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। उन्होंने समस्या का समाधान कराए जाने की मांग की है।



गांव धर्मपुर रत्ता में मुख्य मार्ग पर जलभराव। ● अमृत विचार

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर

### फार्मासिस्ट को डंडे से पीटकर किया घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के शेरगढ़ निवासी भूपेंद्र सिंह गजरौला की निजी कंपनी में फार्मासिस्ट है। वह शुक्रवार शाम की शिफ्ट में ड्यूटी जा रहा था। आरोप है कि कंपनी के निकट पहुंचने पर तीन लोगों ने उसकी बाइक रुकवा ली। मारपीट कर फार्मासिस्ट को घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि कंपनी के कर्मचारी सोमिंदर पोस्वाल व उसके दो साथियों पर मारपीट करने का आरोप है। उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### स्कूलों में सोमवार तक रहेगा अवकाश

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक वीपी सिंह ने बताया कि बीटीसी शिक्षा वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने सोमवार तक अवकाश घोषित करने की मांग की थी। इस पर सोमवार को अवकाश घोषित किया गया है। ज्ञापन देने वालों में डॉ. मुकेश पवार, नीरज कुमार यादव, शाहनवाज खान सैफी, डॉ. विवेक शर्मा आदि शामिल रहे।

### कृषि रक्षा विभाग ने जारी की एडवाइजरी, किसानों की चिंता बढ़ी

# धान की फसल में लगा तना छेदक रोग

संवाददाता, रहरा (अमरोहा)

**अमृत विचार :** धान की फसल में तना छेदक, बकैनी और शीथ ब्लॉइट रोग लगने लगे हैं। तना छेदक रोग में सूंडी पौधे की गोभ को काटती है। इससे पौधे की गोभ सूखने लगती है।

अपर जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि पौधे में खाली सफेद बाली निकलती है। इससे अन्न पत्तियां बननी बंद हो जाती हैं। कृषि रक्षा विभाग ने इससे बचाव के लिए किसानों को एडवाइजरी जारी की है। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। बकैनी रोग से पौधे की बढ़वार अन्य पौधों के मुकाबले अधिक होती है। इस रोग से ग्रस्त पौधे सामान्य पौधों से ऊंचे दिखते हैं। इस रोग का प्रकोप अन्य प्रजातियों के मुताबिक 1509 और 1692 में ज्यादा देखने को मिलता है। यह एक बीज जनित रोग है, जो एक फफूंदी से फैलता है। शीथ ब्लॉइट रोग भी धान की फसल में लग रहा है।

शीथ ब्लॉइट एक फफूंदी जनक रोग है। इसमें धान की फसल में पानी के लेवल पर तने के ऊपर काले रंग के धब्बे पड़ जाते हैं, जो बाद में बड़े हो जाते हैं। इससे तना नीचे से सड़ने लगता है। यह एक भूमि जनित रोग है। इस रोग का प्रकोप होने से पौधों में प्रकाश संश्लेषण की क्रिया बाधित हो जाती है। इससे पौधे अपना भोजन नहीं बना पाते और उनका पूर्ण रूप से विकास नहीं हो पाता।

### अपर जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताए उपाय



अपर जिला कृषि रक्षा अधिकारी सतीश कुमार बताया कि तना छेदक रोग के लिए कारटॉप हाइड्रोक्लोराइड 0.4 प्रतिशत ग्रेन्यूल 18.75 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर भूमि के हिसाब से फसल में छिड़काव करें। बकैनी रोग से बचाव के लिए सर्वप्रथम बीज शोधित करें। बीज शोधन के लिए कार्बनडाजिम 50 प्रतिशत व 2 ग्राम प्रति किलो ग्राम बीज की दर से शोधित कर नर्सरी में डालें। जो किसान बीज शोधित नहीं कर पाए, वे फसल में कॉपर ऑक्साइक्लोराइड 50 प्रतिशत 2.5 ग्राम प्रति लीटर का छिड़काव या थायोफिनेट मिथाइल 70 प्रतिशत एक से 1.5 ग्राम प्रति लीटर की मात्रा में फसल में छिड़काव कर दें। शीथ ब्लॉइट फफूंदी जनक रोग से बचाव के लिए हेक्साकोनाजाल पांच प्रतिशत, एससी दो मिलीग्राम प्रति लीटर की दर से अपनी फसल में छिड़काव करें।

# सांप के काटने के बाद बांधकर गंगा में रखे युवक की मौत

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर में मंगलवार रात धान फसल की रखवाली करते समय सांप ने कक्षा-12 के छात्र को काट लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे झाड़ फूंक वालों को दिखाया तो उन्होंने गंगा नदी में रखने की सलाह दी। अंधविश्वास के चलते परिजनों ने उसे पत्थर से बांधकर गंगा में रख दिया। शुक्रवार देर शाम उसकी मौत हो गई। गंगा घाट पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया। घटना की वीडियो वायरल हो रहा है।



गांव लुहारी खादर में रामपाल का परिवार रहता है। मंगलवार रात उनका पुत्र केशव (18) छुट्टा पशुओं से बचाने के लिए धान फसल की रखवाली करने खेत पर गया था। इस दौरान वह खेत में बने मचान पर सो गया। तभी उसे सांप ने डस लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। किसी तरह छात्र घर पहुंचा और परिजनों को सांप के काटने की जानकारी दी। परिजन छात्र को रात में ही झाड़ फूंक वालों के पास ले गए। लेकिन झाड़ फूंक से युवक की हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद परिजन उसे गंगा किनारे ले गए, जहां युवक के शरीर से पत्थर बांधकर उसे गंगा में रख दिया। शुक्रवार देर रात उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने देखा तो उसके शरीर में कोई हलचल नहीं थी। इसके बाद परिजनों ने युवक के शव को गंगा में जल प्रवाह कर दिया। इसका वीडियो भी सामने आया है। परिजनों ने बताया कि केशव तीन भाई दो बहनों में सबसे बड़ा था।

## सार-संक्षेप



चौधरी इकबाल मेमोरियल इंटर कॉलेज में पौधा लगाते विद्यार्थी।

### चौधरी इकबाल मेमोरियल इंटर कॉलेज में हुआ पौधरोपण

**सैदनगली, अमृत विचार :** कस्बा ढक्का स्थित चौधरी इकबाल मेमोरियल इंटर कॉलेज में शनिवार को पौधरोपण किया गया। स्टाफ व छात्र-छात्राओं ने पौधे लगाए। प्रधानाचार्य मुजम्मिल हुसैन रिजवी ने बताया कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधे लगाना जरूरी है। पेड़ अमूल्य संपदा है। पेड़ों से हमें शुद्ध ऑक्सीजन, लकड़ी आदि प्राप्त होती हैं। जितने अधिक पौधे होंगे, हमारा पर्यावरण उतना ही स्वच्छ, शुद्ध व संतुलित रहेगा। प्रत्येक नागरिक अधिक से अधिक पौधे लगाए। इस दौरान स्कूल कोर्डिनेटर अम्मार हैदर, अब्दुल रऊफ, सिराजुद्दीन, नूर हसन, सोनू सिंह, सतेंद्र कुमार, शाइस्ता, दरख्शा, सीमा, अतूफा रिजवान, रोशन आरा, खुशी, फात्मा, इफरा, जरफिशा, समर जहां, शबीना, अंजुम आदि मौजूद रहीं।



पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते छात्र-छात्राएं।

### महान विभूति थे डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला राजपूत कॉलोनी स्थित रामसरन एवं सुशील आनंद हाईस्कूल में शनिवार को पुण्यतिथि पर पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को श्रद्धांजलि दी गई। शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। विद्यालय के अध्यक्ष पंडित रविशंकर शर्मा ने बताया कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम एक महान व्यक्तित्व वाले विभूति थे। वह बच्चों से अधिक प्रेम करते थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन देश हित में व्यतीत किया था। इस मौके पर प्रबंधक सुशील चंद्र सक्सेना, प्रधानाचार्य निशांत त्यागी, सोमवती कश्यप, सोहनलाल, राजीव शर्मा, अंशु त्यागी, अनुराधा चौधरी, भावना सक्सेना, सीमा वर्मा, कीर्ति, मंजरी दीक्षित, खुशबू, लक्ष्मी रस्तोगी आदि मौजूद रहीं।

### पालिका की टीम ने जब्त की पांच किलो पॉलिथीन

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर में शनिवार को डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिशासी अधिकारी विभा श्रीवास्तव के निर्देश पर प्रभारी गौरव कुमार के नेतृत्व में पालिका की टीम ने पॉलिथीन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम को कुछ जगह विरोध का भी सामना करना पड़ा। टीम ने पांच किलोग्राम पॉलिथीन जब्त की। व्यापारियों से शासन के मानक के अनुरूप पॉलिथीन का प्रयोग करने की अपील की। अभियान प्रभारी गौरव कुमार ने बताया गया कि पॉलीथिन प्रतिबंध अभियान के तहत पांच किलो पॉलिथीन जब्त की गई है। यह अभियान अधिकारियों के निर्देश पर प्रतिदिन चलाया जाएगा।

# बम-बम भोले के जयकारों के साथ दिनभर गुजरते रहे कांवड़िये

## वन-वे किए गए हाईवे पर दौड़े वाहन, कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों के लिए बढ़ाई गई सुरक्षा

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** सावन माह के दूसरे सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए शनिवार को कांवड़िये दिनभर हाईवे पर आते-जाते रहे। इससे हाईवे केसरिया नजर आया। कांवड़ियों ने भगवान शिव के जयकारे लगाए। कावड़ियों की सुरक्षा के लिए वन-वे किए गए हाईवे पर वाहन दौड़ते रहे।

बृजघाट स्थित गंगा से जल भरकर बम-बम भोले के जयकारों के साथ कांवड़िये अपनी मंजिल की ओर रवाना हो रहे हैं। बृजघाट में उत्सव जैसा माहौल है। 29 जुलाई को सावन माह का दूसरा सोमवार है। इस दिन शिवभक्त भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। शनिवार को हरिद्वार से जल भरकर मंजिल की ओर जा रहे कांवड़ियों के कई जत्थे निकले। यहां से बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, हापुड़, बुलंदशहर समेत अन्य जिलों के शिवभक्त कांवड़ लेकर जाते हैं। दूसरे सोमवार को शिवभक्तों की संख्या को ध्यान में रखकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने हाईवे पर भ्रमण करके कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और अधीनस्थों को निर्देश दिए। नेशनल हाईवे को वन-वे कर वाहन गुजारे जा रहे हैं।



नेशनल हाईवे पर नाचते कांवड़िये। ● अमृत विचार

### कांवड़ यात्रा मार्ग पर देखी सुरक्षा व्यवस्था

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने कावड़ यात्रा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था देखी। अमरोहा बार्डर चेक पोस्ट थाना शिवाला तक रूट का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने चेक पोस्ट पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, भारी वाहनों और कावड़ियों के जत्थे का रजिस्टर चेक किया। कहा कि सभी सुरक्षाकर्मी सतर्क रहें। कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस दौरान थाना प्रभारी नौगांवा सादात व अन्य मौजूद रहे।



फीता काटकर शिवभक्तों को रवाना करते भाजपा के जिलाध्यक्ष व महामंत्री।

### 1000 शिवभक्त गंगा जल लेने के लिए बृजघाट रवाना

**सैदनगली, अमृत विचार :** अड़ियल शिव भक्ति कांवड़ सेवा समिति की ओर से 1000 शिव भक्त गंगाजल लेने के लिए बृजघाट रवाना हो गए हैं। शिव भक्तों को भाजपा के जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी व भाजपा के जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने रवाना किया। शिव भक्त भोले के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। पहले शिव भक्तों का जत्था मथना रोड से शुरू होकर बस स्टैंड पहुंचा और यहां से पाकबड़ा तिराहे से होकर कस्बे में घूमता हुआ बृजघाट के लिए रवाना हो गया। कस्बे में जगह-जगह लोगों ने शिव भक्तों का स्वागत किया। जत्थे में भोले बाबा और राधा कृष्ण की झांकियां शामिल रहीं। इस दौरान वीर सिंह सैनी, हसनपुर ब्लाक प्रमुख ममता गुर्जर, मुदित गुर्जर, मोनू सैनी, विक्रम सैनी, अरविंद कुमार, राजू सैनी, विनोद कुमार, विनीत सैनी, विजय सैनी, संजय सैनी, जगसरन सैनी, हेमराज सैनी, अमित गुर्जर आदि शामिल रहे।

### पौधरोपण कर दिलाई देखभाल करने की शपथ

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर में चामुंडा रोड स्थित अनस पब्लिक जूनियर हाईस्कूल में शनिवार को छात्र-छात्राओं ने पौधे लगाए। विद्यालय की प्रधानाचार्य अलिजबा ने बताया कि पौधा लगाने के बाद उनकी देखभाल करने की छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई।

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan
Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period
Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1 lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal
Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001



व्यापारियों की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में कार्ययोजना पर चर्चा

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** जिला संयोजक अर्पण गुप्ता के आवास पर शुक्रवार देर रात उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की कोर कमेटी की बैठक हुई।

इसमें व्यापारियों ने समाज के हित में कार्य योजनाओं पर चर्चा कर रणनीति बनाई। जिला अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने कहा कि नगर अध्यक्ष मनोज गोयल टीम के साथ नगर में सदस्यता का काम आगे बढ़ाएंगे। जिला संयोजक अर्पण गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल हमेशा व्यापारियों की आवाज बुलंद करेगा। इस दौरान प्रदेश मंत्री मुकेश गोयल, कुलदीप गोयल, अंकुर अग्रवाल, अमित अग्रवाल, संदीप गुप्ता, संदीप अग्रवाल, मनोज गोयल, विवेक शर्मा, शिखर अग्रवाल, योगेंद्र शर्मा और इमरान आदि मौजूद रहे।

## तेलीपुरा में किसान के घर से नकदी और जेवर चोरी

**अमरोहा, अमृत विचार :** चोरों ने एक किसान के घर की दीवार में कूमल लगा दिया और सोने चांदी के जेवर एवं नकदी ले गए। पुलिस को इसके बार में सूचना दी गई है।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव तेलीपुरा में किसान मुकर्रम का परिवार रहता है। शुक्रवार देर रात चोरों ने उसके घर की दीवार में कूमल लगा दिया। घर में रखे सोने चांदी के जेवर और हजारों रुपये की नकदी ले गए। घटना के समय परिवार के सदस्य घर के बरामदे में सो रहे थे। जब उनकी नींद खुली खुली तो उन्होंने समान बिखरा देखा। इसके बाद गृह स्वामी ने वारदात के बारे में पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि पुलिस चोरी की घटना को लेकर जांच कर रही है। वारदात को अंजाम देने वाले चोरों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# फसलों में गोवंशीय पशुओं के गोबर से बने खाद का प्रयोग करें किसान

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** विकास भवन में शनिवार को विकास खंड स्तरीय कृषि निवेश मेला व खरीफ गोष्ठी हुई। इसमें कृषि वैज्ञानिकों ने रासायनिक खादों से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया।

विकास भवन में आयोजित गोष्ठी व मेले की अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी ने की। मेले में 500 किसानों ने प्रतिभाग किया। गोष्ठी में किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने रासायनिक खेती व कीटनाशक के प्रयोग से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। किसानों को संतुलित उर्वरक व कीटनाशक का कम से कम प्रयोग करने की सलाह दी। गोवंशीय पशुओं के गोबर से तैयार कीटनाशक व खाद खेतों में डालने की सलाह दी। गोष्ठी में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. एके मिश्रा ने खरीफ सीजन की फसलों में कीट की रोकथाम व संतुलित उर्वरक का प्रयोग करने पर जोर दिया। मेले में कृषि विभाग, गन्ना विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र, एफपीओ ने स्टॉल लगाए। प्रदर्शनी में किसानों को उन्नत खेती के लिए तकनीकि की जानकारी दी।



कृषि मेले में स्टॉल पर कीटनाशक दवा को देखते सीडीओ व अन्य।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
● बी.ए. (जर्नलिज्म) ● एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
● बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) ● एम.ए. (अंग्रेजी)
● एम.ए. (जर्नलिज्म) ● एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● बी.कॉम. (ऑनर्स) ● एम.कॉम.
● बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन) ● एम.बी.ए.
● बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

अनदेखी — जिले के 22 राजकीय पशु चिकित्सालयों में चिकित्सकों की तैनाती नहीं

# पशु चिकित्सालय में भर दिया भूसा

संवाददाता, रहरा (अमरोहा)

**अमृत विचार :** गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव तरौली में 18 वर्ष पहले 2006 में पशुधन मंत्री रहे वीरेंद्र सिंह ने राजकीय पशु चिकित्सालय स्वीकृत कराया था। 2007 में इसका निर्माण पूरा हुआ। लेकिन इस चिकित्सालय में अभी तक पशु चिकित्सा अधिकारी की स्थायी नियुक्ति भी नहीं हो पाई है। अब ग्रामीणों ने इसमें भूसा भर दिया है। एक कमरे में पशु भी बांधे जा रहे हैं। चारों तरफ गंदगी पसरी हुई है।

जनपद में कुल 22 राजकीय पशु चिकित्सालय हैं। इनमें तरौली, चकनवाला, जोया, उझारी, रजबपुर व नौगांवा सादात में स्थायी रूप से किसी पशु चिकित्सक की तैनाती नहीं हो पाई है। तरौली के राजकीय पशु चिकित्सालय में पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ. केपी सिंह की तैनाती है। लेकिन विभाग ने उन्हें सैदनगली में अटैच किया हुआ है। गांव निवासी सपा के पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवराज नागर व भाजपा नेता सोनू नागर ने बताया कि अधिकारियों से इस बारे में कई बार शिकायतें कर चुके हैं, लेकिन वे इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।



राजकीय पशु चिकित्सालय।

- **तरौली गांव में 2007 में बना था राजकीय पशु चिकित्सालय**
- **कमरे में बांधे जा रहे हैं पशु शिकायत पर भी अनदेखी**



चिकित्सालय में भरा भूसा।

"जनपद में पशुधन प्रसार अधिकारियों के 17 और वेटरनरी फार्मासिस्ट के 15 पद रिक्त हैं। निदेशालय को जल्द पत्र लिखकर हर एक पशु चिकित्सालय में चिकित्सकों की तैनाती की मांग की जाएगी।
- डॉ. आभा दत्त
मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी

## कार की टक्कर से बाइक सवार संभल का व्यक्ति हुआ घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** संभल के मोहल्ला सरायतरीन तकिया निवासी कासिम शनिवार को बाइक से धनौरा थाना क्षेत्र के गांव द्योटी अपनी ससुराल आ रहा था। जैसे ही उसकी बाइक संभल मार्ग पर अब्दुल्ला इंटर कॉलेज के निकट पहुंची तो कार ने उसे टक्कर मार दी।

इस बीच बाइक सवार युवक कौशांबी डिपो की रोडवेज बस के अगले पहिये के नीचे जाकर रुका। लेकिन रोडवेज बस के चालक की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा बच गया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल युवक को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया और उसकी बाइक कोतवाली ले आई। चिकित्सक ने घायल युवक की हालत को गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

**सड़क दुर्घटना में महिला घायल : डिडौली** : डिडौली कस्बा निवासी ममता पत्नी हरपाल सिंह प्रकाश वूलन मिल में मजदूरी करती है। शुक्रवार शाम छह बजे मिल से छुट्टी होने के बाद घर वापस आने के लिए हाईवे पर खड़ी थी। तभी बाइक ने उसे टक्कर मार दी। इसमें महिला घायल हो गई।

उपचार के लिए उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जोया भेजा गया। जहां उसका उपचार किया जा रहा है।

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, यूनिट-18
कन्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज
उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
मकान सं0-जैड 1/17, आशियाना फेज-2, (कृष्णा आर्थोपेडिक सेन्टर के सामने वाली गली में), कॉठ रोड, मुरादाबाद-244001
E-mail id: pm18mbd@gmail.com
CONSTRUCTION & DESIGN SERVICES U.P. JAL NIGAM An ISO 9001-2015 Certified Organization
JAS-ANZ oSs Certification

पत्रांक- 2238/एम-18/668 दिनांक- 19/07/2024

अल्पकालीन निविदा-सूचना

अध्यक्ष, उ०प्र० जल निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा भवन निर्माण कार्यो (Building works) में दक्ष निविदादाता/ठेकेदारों से जनपद अमरोहा में संचालित विभिन्न राजकीय इण्टर कॉलेज, माध्यमिक विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल की सुविधा के निर्माण कार्य हेतु दिनांक 19.07.2024 से 02.08.2024 के मध्य अपरान्ह 03:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है जोकि दिनांक 02.08.2024 को अपरान्ह 03:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। उक्त निर्माण कार्यों के निविदा प्रपत्र दिनांक 19.07.2024 से 01.08.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में (कार्यालय समय में) इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं, जिसका विवरण निम्नानुसार है।

| क्र० सं० | विद्यालय का नाम | कार्य की लागत (रू० लाख में) | धरोहर राशि (Earnest Money) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय इण्टर कालेज बांसका कलां | 3.51 | 7100.00 | 1000+ (G.S.T.18%) | 45 दिन | दो माह | ई एवं उच्चतर श्रेणी |

1. निविदा क्रय करने का दिनांक 19.07.2024 से 01.08.2024 तक।
2. निविदा जमा करने का दिनांक 02.08.2024 अपरान्ह 03:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का दिनांक 02.08.2024 अपरान्ह 03:30 बजे।

परियोजना प्रबन्धक

## एक नजर

### ईंट मारकर महिला का सिर फोड़ा, तहरीर दी

**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव कालाखेड़ा में हनीफ की पत्नी सबीला ने गांव के ही एक व्यक्ति से दो पशु बंटाई पर ले रखे हैं। महिला पशुओं को नहलाने के बाद घर से दूर खाली जगह में उन्हें बांधने जा रही थी। तभी एक पशु गांव निवासी रफीक के घर में घुस गया। इस पर रफीक की पत्नी संजीदा ने गाली देनी शुरू कर दी। गाली गलौज के बाद रफीक ने सबीला के सिर में ईंट मार दी। इससे वह घायल हो गई। पीड़िता पति के साथ कोतवाली पहुंची और आरोपी पति-पत्नी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी भेजा। हलका इंचार्ज परविंदर कुमार ने बताया कि मारपीट के मामले में तहरीर मिली है।

### हादसे में हलवाई की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**अमरोहा, अमृत विचार :** चार दिन पहले वाहन की टक्कर से घायल हुए साइकिल सवार हलवाई की मौत हो गई। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। रजबपुर थाना थाना क्षेत्र के गांव जगुवा कलां निवासी विनोद हलवाई थे। परिजनों ने बताया कि 23 जुलाई को वह गांव सब्दलपुर में खाना बनाने के लिए जा रहे थे। तभी गांव दौलतपुर में सत्संग भवन के पास वहन ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी थी। मेरठ में गुरुवार को विनोद की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि मामले में मृतक के भाई तेजपाल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### नगर के लोगों को बिजली समस्या से मिलेगी राहत

**हसनपुर, अमृत विचार :** बिजली व्यवस्था से परेशान नगर के लोगों को जल्द राहत मिलेगी। पांच एमवीए के ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि कर 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर रखा जाएगा। बिजली समस्या को लेकर व्यापारी सुरक्षा फोरम के प्रदेश महामंत्री मुकेश गुप्ता के नेतृत्व में हंगामा कर प्रदर्शन भी किया गया था। विद्युत निगम के अधिकारी बिजली व्यवस्था में सुधार कराने का आश्वासन दे रहे थे। अधिशासी अभियंता राजेश प्रसाद ने इसे गंभीरता से मिया। उप खंड अधिकारी प्रभव एच गौड़ ने बताया कि 29 जुलाई को हसनपुर नगर के उप केंद्र पर 10 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर रखा जाएगा। इससे चलते उप केंद्र के उपभोक्ताओं को 29 जुलाई की सुबह 9 बजे से लेकर रात 9 बजे तक विद्युत आपूर्ति नहीं मिलेगी। बताया क्षमता वृद्धि कार्य को पूर्ण करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जाएगा। इससे लो वोल्टेज की समस्या से भी छुटकारा मिलेगा।

# गंगा के पानी से हजारों बीघा फसलें जलमग्न

## गंगा नगर पुल की एप्रोच टूटने का बढ़ रहा खतरा

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचार :** खादर क्षेत्र में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ गया। नदी के पानी से हजारों बीघा भूमि पर फसलें जलमग्न हो गईं हैं। इससे किसान चिंतित हैं। इसके अलावा गंगा में उफान को देखते हुए अमरोहा और बुलंदशहर को जोड़ने वाले गंगा नगर पुल की एप्रोच पर खतरा मंडराने लगा है। गंगा में पानी का बहाव तेज है।

अमरोहा की ओर बने पुल की एप्रोच की ओर पानी तेजी से बढ़ रहा है। इसे देखते हुए बाढ़ खंड विभाग की रिपोर्ट के बाद पीडब्ल्यूडी की टीम ने प्लास्टिक के कट्टों में मिट्टी भरकर रखने का कार्य तेज कर दिया है। बताया गया कि दो वर्ष पहले गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से अमरोहा और बुलंदशहर को जोड़ने वाले गंगानगर पुल की एप्रोच टूट गई थी। इससे अमरोहा और बुलंदशहर का आवागमन बंद हो गया था। इसके बाद बाढ़ खंड विभाग ने एक किलोमीटर लंबा मिनी तटबंध बनवाया था। उस स्थिति को ध्यान में रखते हुए बाढ़ खंड विभाग अलर्ट हो गया है। हसनपुर तहसील क्षेत्र में खादर के गांव नानई, लिसडा, कसाईपुरा, विरामपुर, बिहारीपुर समेत कई गांवों में हजारों बीघा फसलें जलमग्न हो गई है। तटबंध तक गंगा का पानी पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत है।



जगदेवपुर गांव के जंगल में भरे पानी के बीच बुग्गी पर चारा लाती महिला।

> शुक्रवार सुबह से शनिवार सुबह तक गंगा के जलस्तर में 25 सेंटीमीटर की वृद्धि हुई है, जो 197.95 मीटर बढ़कर अब 198.20 मीटर गेज हो गया है। खतरे का निशान 199.35 मीटर पर है।
>
> –रामलाल सिंह
> सहायक अभियंता, बाढ़ खंड



विरामपुर के खेतों में भरा पानी।

### तिगरी में गंगा का जलस्तर 110 सेमी बढ़ा

**गजरौला, अमृत विचार :** तिगरी में गंगा के जलस्तर में शनिवार को वृद्धि हुई। 110 सेंटीमीटर की वृद्धि के बाद गेज 201 मीटर पहुंच गया। यह खतरे के निशान से एक मीटर दूर है। बैराज से डेढ़ लाख से अधिक पानी क्यूसेक डिस्चार्ज हुआ है। रविवार को भी जलस्तर में वृद्धि हो सतती है। जलस्तर बढ़ने से गंगा के पास वाले खेतों में कई कई फिट पानी भर गया है। किसानों चारा लाने में परेशानी उठानी पड़ रही है। तिगरीधाम में गंगा का जलस्तर बढ़ गया है। एक ही दिन में यहां जलस्तर बढ़ने से तिगरी में गंगा घाटों पर दुकान लगाने वाले दुकानदार, पूजा पाठ कराने वाले पुरोहित चिंतित हैं। उनकी झोपड़ियां पानी में डूब गईं। पुरोहित झोपड़ियों को सुरक्षित स्थान पर ले जा रहे हैं। कांकाठेर के पास स्थित ओसीता जगदेवपुर के मार्ग पर नदी का पानी पहुंच गया है। जिन किसानों के खेत दूसरी ओर हैं, उन्हें बुग्गी में बैठकर पानी के बीच से होकर चारा काटकर लाना पड़ रहा है। गांव शीशोवाली, टीकोवाली, ढाकोवाली, रुस्तमपुर, मंदिर वाली भुड्डी के गंगा तट की ओर स्थित खेत पानी से लबालब हैं।

### फैक्ट्री में पार्टनर बना ठग लिए 3.50 लाख रुपये

**अमरोहा, अमृत विचार :** गजरौला और संभल के लोगों ने फैक्ट्री में पार्टनर बनाकर कारोबारी से 3.5 लाख रुपये हड़प लिए। बाद में न तो मुनाफा दिया और न ही मूल रकम वापस की। रुपये वापस मांगने पर 41000 रुपये देकर आना कानी शुरू कर दी। पुलिस ने मामले में दंपति समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव नरेना खुर्द निवासी राहुल सिंह कारोबारी है। गजरौला के मोहल्ला सुल्तान नगर राजेंद्र सिंह और उसकी पत्नी प्रीति कौर ने संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर निवासी दंपति के भतीजे कुलजीत से उसकी अच्छी जान पहचान थी। आरोप है कि इन लोगों ने आयरन वेस्ट मटेरियल की फैक्ट्री में पार्टनर बनाने के लिए 3.50 लख रुपये की मांग की। राहुल सिंह ने बताया कि खाते में 2.5 लख रुपये ट्रांसफर कर दिए थे। 1.25 लाख रुपये आरोपियों को नकद दिए थे। पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद न तो उसे शर्तों के अनुसार, एक लाख रुपये मुनाफा दिया और न मूल रकम वापस की। बार-बार मांगने पर 41000 रुपये दे दिए थे।

## सार-संक्षेप



मोमबत्ती जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

### कारगिल के शहीदों को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**सैदनगली, अमृत विचार :** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी अमरोहा के पदाधिकारियों ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के सामने मोमबत्ती जलाकर कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान जिलाध्यक्ष ओंमकार सिंह कटारिया ने कहा कि कारगिल के युद्ध में 527 भारतीय सैनिकों ने अपने जीवन का बलिदान दिया था। यह युद्ध भारत के सैन्य इतिहास की महत्वपूर्ण घटना है, जो अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितयों, कठिन भूभाग और सीमित संसाधनों के बीच लड़ा गया था। हमें अपने वीर जवानों पर गर्व है। इस दौरान हरिओम पुष्कर, अफसर अली सैफी, मनोज कटारिया, राजपाल सैनी, बागेश चौधरी, शानू मौर्य, मांगेराम कटारिया आदि मौजूद रहे।



राजकीय पॉलिटेक्निक सुतावली में पौधे दिखाते विद्यार्थी।

### पॉलिटेक्निक सुतावली में लगाए गए पौधे

**बुरावली, अमृत विचार :** बुरावली क्षेत्र के राजकीय पॉलिटेक्निक सुतावली में प्रधानाचार्य लख्मीचंद के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया। प्रवक्ताओं ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षों का महत्व बताया। परिसर में आम, अमरूद, नींबू, शीशम, अनार, यूकेलिप्टिस, सागौन समेत अन्य प्रजातियों के 2000 पौधे लगाए गए। इस दौरान कमल कुमार, अश्विनी कुमार, मोहम्मद शोएब सिद्दीकी, मोहम्मद नासिर, डॉ. जितेंद्र कुमार, दीपिका, अतुल शर्मा व सोनम शर्मा आदि मौजूद रहे।



पौधरोपण करतीं छात्राएं व प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

### एएसएम मॉडर्न अकादमी में लगाए पौधे

**अमरोहा, अमृत विचार :** एएसएम मॉडर्न अकादमी में शनिवार को छात्र-छात्राओं ने पौधे लगाए। इस दौरान प्रधानाचार्या आभा रस्तोगी ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधे लगाने जरूरी हैं। एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट रविंद्र कुमार ने कहा कि पौधे लगाओ, पेड़ बचाओ इस धरती को सुंदर बनाओ।

### कनेटा गांव के छात्र गजेंद्र के हाथ और पैर में छह-छह उंगलियां



**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के एक गांव में 10 वर्षीय छात्र के हाथ-पैरों में 6-6 अंगुली होना चर्चा का विषय बनी हुई हैं। लोग इसे ईश्वर की देन मान रहे हैं। गांव कनेटा निवासी गजेंद्र का 10 वर्षीय बेटा अरुन गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा-5 का छात्र है। उसके हाथ-पैरों में छह छह उंगलियां हैं। परिजनों का कहना है कि यह एक ईश्वर की देन है।



प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

## विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** नगर के एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय एडोलसेंट पियर एजुकेटर कार्यक्रम का शनिवार को समापन किया गया।

इस दौरान प्रथम सत्र में नुक्कड़ नाटक, रिटोरिक, स्कूल हेल्थ एंड वेलबीइंग एग्जिबिशन व हेल्थ एंड मेंटल वेलनेस क्विज का आयोजन किया गया। आर्यभट्ट हाउस, कल्पना हाउस, भास्कर हाउस रोहिणी हाउस के प्रतियोगियों ने प्रतिभा दिखाई। दूसरे सत्र में युवा संसद, सुर संगम, उथोपिया आर्ट एंड पेंटिंग प्रतियोगिता हुआ। प्रधनाचार्य धर्मेंद्र चतुर्वेदी ने कहा कि मंच पर आने से विद्यार्थियों की प्रतिभा निखरती है। कल्पना हाउस ने पहला स्थान, भास्कर हाउस ने दूसरा व रोहिणी हाउस ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रिटोरिक में कल्पना हाउस से अदिति श्रीवास्तव ने पहला, भास्कर हाउस से सृष्टि और अक्षी ने दूसरा तथा कल्पना हाउस से अक्षिता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस दौरान एमडी चौधरी विरेन्द्र सिंह, निदेशक पुनीत कुमार, साक्षी सिंह आदि रहे।

## कलमबंद हड़ताल पर डटे लेखपाल

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** गांव नांगलिया मेव में अवैध कब्जा हटवाने पहुंचे लेखपाल को बंधक बनाकर मारपीट करने के मामले में सात दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर जिलेभर में लेखपाल संघ के सदस्यों की कलमबंद हड़ताल जारी है। लेखपाल संघ ने मंगलवार तक कार्रवाई न होने पर बुधवार से मंडल के जिलों व तहसीलों में हड़ताल कर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

गांव नंगलिया मेव में ग्राम समाज की भूमि से कब्जा हटवाने गए लेखपाल को बंधक बनाकर मारपीट की गई थी। तहसीलदार ने लेखपाल को आरोपियों से बचाया था। इससे नाराज लेखपाल संघ ने कलमबंद हड़ताल शुरू कर दी। आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर पुलिस पर संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए थानाध्यक्ष गजरौला की भूमिका को संदिग्ध बताया। लेखपालों ने मामले की जांच कराने की मांग की है। लेखपाल संघ के खंड मंत्री ने कहा कि मंगलवार तक सभी मांगें पूरी नहीं हुईं तो बुधवार को मुरादाबाद मंडल की समस्त तहसीलों व जिलों में लेखपाल कलमबंद हड़ताल पर रहेंगे।

इस दौरान विकास यादव, सचिन कुमार, अनुज सैनी, विमल शर्मा, दिनेश सिंह यादव, अमित वर्मा, अमित कुमार, मुजम्मिल खान, आदर्श मांगट, योगेश, सुमित सैनी, मोहित कुमार, आदि सहित तमाम लेखपाल मौजूद रहे।



धरने पर बैठे लेखपाल। ● अमृत विचार

● **मंडलभर की तहसीलों में हड़ताल कर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी**

### व्यापारियों ने लगाए पौधे

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर में बाजार स्थित पुरानी तहसील परिसर में शनिवार को व्यापारियों ने पौधरोपण किया। विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने पौधरोपण करने की अपील की।



भगवान वेंक्टेश्वरा की पूजा करते शिक्षक व अन्य।।

## स्थापना दिवस पर की पूजा

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** श्री वेंकटेश्वरा समूह के संस्थापक डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि ढाई दशक पहले भगवान वेंकटेश्वरा के नाम पर स्थापित यह नन्हा पौधा आज अध्ययनरत छात्र-छात्राओं व अभिभावकों की अपेक्षा पर खरा उतरकर देशवासियों के सहयोग से शिक्षा का एक वट वृक्ष बन गया है। उत्कृष्ट शिक्षा नवाचारों, शोध एवं अनुसंधान व सुसंस्कारों के बल पर देश का अग्रणी शिक्षण संस्थान है।

संस्थान परिसर एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे पौधे लगाकर छात्र-छात्राओं व स्टाफ ने रक्तदान कर वेंकटेश्वरा समूह का 26वां स्थापना दिवस मनाया। पौधरोपण किया गया। हवन यज्ञ में आहुति देकर भगवान वेंक्टेश्वरा की पूजा की। इस मौके पर प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, सीईओ अजय श्रीवास्तव, कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आईबी राजू आदि रहे।

### जिले में नौ केंद्रों पर होगी पुलिस भर्ती की परीक्षा

**अमरोहा, अमृत विचार :** यूपी पुलिस में भर्ती के लिए लिखित परीक्षा जिले में नौ केंद्रों पर होगी। परीक्षा 23 से 31 अगस्त के बीच दो पालियों में आयोजित की जाएगी।

जिला विद्यालय निरीक्षक विष्णु प्रताप सिंह व एएसपी राजीव कुमार सिह ने शनिवार को जीजीआईसी अमरोहा में संबंधित केंद्रों के प्रधानाचार्य के साथ बैठक ली। उन्होंने कहा कि परीक्षा नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराई जाएगी। प्रत्येक केंद्र पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा के लिए एकेके इंटर कॉलेज, आईएम इंटर कॉलेज, जेएस हिंदू इंटर कॉलेज, जेएस हिंदू पीजी कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, कुंदन मॉडल इंटर कॉलेज, सिख इंटर कॉलेज नारंगपुर को केंद्र बनाया गया है।



महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के बाहर छात्र। ● अमृत विचार

## अवकाश के दिन भी खोले गए निजी स्कूल और मदरसे

संवददाता बुरावली

**अमृत विचार :** सावन माह के दूसरे सोमवार को कांवड़ यात्रा के मद्देनजर जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने स्कूलों में 27 से 29 जुलाई तक अवकाश रखने के आदेश दिए गए थे। बीएसए डॉ. मोनिका ने भी छुट्टी के आदेश की पुष्टि की थी। लेकिन बुरावली में शनिवार को महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज खुला।

कॉलेज में कक्षा एक से आठ तक के बच्चे पहुंचे। सड़क व स्कूल गेट पर बच्चे बैग लेकर जाते दिखाई दिए। मान्यता प्राप्त मदरसे भी खोले गए। कॉलेज के प्रबंधक डॉ. मान सिंह राणा ने बताया कि बच्चों के टेस्ट चल रहे थे। इसलिए बच्चे स्कूल आए। टेस्ट करने के बाद बच्चों को घर भेज दिया गया। सोमवार को कक्षा एक से 12 तक के बच्चों की छुट्टी कर दी गई है। एबीएसए अनिल कुमार ने बताया कि आज ही चार्ज संभाला है। छुट्टी में स्कूल खुलने की जानकारी नहीं है।

**थाना समाधान दिवस** | नौगांवा सादाता के थाने में जिलाधिकारी और एसपी ने सुनीं लोगों की शिकायतें

# लेखपाल व अधिशासी अभियंता से मांगा जवाब

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** नौगांवा सादाता के थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी और एसपी ने लोगों की शिकायतें सुनीं। डीएम ने शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने थाना समाधान दिवस में शिकायतें सुनीं। जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका को भी देखा। इसमें चकबंदी लेखपाल और विद्युत निगम के अधिशासी अभियंता अनुपस्थित रहे। इस पर डीएम ने स्पष्टीकरण मांगने का तहसीलदार नौगांवा सादात को निर्देश दिया। कहा कि थाना समाधान दिवस में जिन अधिकारियों की ड्यूटी रहती है, वे समय से आकर फरियादियों की शिकायतों को सुने और उनका निस्तारण प्राथमिकता के साथ कराएं। इस दौरान एक व्यक्ति डीएम के पास फर्जी बैनामा कराने की शिकायत का आवेदन पत्र लेकर पहुंचा। इस पर डीएम ने तहसीलदार नौगांवा और थाना प्रभारी को निर्देश दिए। जांच कर उसके रुपये वापस कराने अन्यथा मामला दर्ज कराने के लिए कहा। इस दौरान अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



शिकायतें सुनते जिलाधिकारी और एसपी। ● अमृत विचार

### थाना दिवस में पांच शिकायतें आईं, दो का निस्तारण

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली में लगे थाना समाधान दिवस में सीओ ने शिकायतें सुनीं। पांच शिकायतों में से दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। तीन के निस्तारण के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया।

### सीओ ने सुनीं समस्याएं

**अमरोहा, अमृत विचार :** रजबपुर थाने में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्याओं का निरस्ताण कराने का आश्वासन दिया। सीओ ने प्रभारी निरीक्षक को समस्याओं का समाधान कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखने के निर्देश भी दिए हैं। सीओ ने नेशनल हाईवे पर व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि हाईवे पर बड़े वाहनों के संचालन पर रोका है। वाहनों को मार्ग बदल कर चलाया जा रहा है।

### पेट्रोल पंप पर सोते समय संदिग्ध हालात में चौकीदार की मौत

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** पेट्रोल पंप पर तैनात चौकीदार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। जहरीले कीट के काटने से मौत का अंदेशा जताया जा रहा है।

क्षेत्र के गांव नवाबपुरा स्थित एक पेट्रोल पंप पर गजरौला थाना क्षेत्र के गांव निवासी राय सिंह (65) चौकीदार थे। शुक्रवार रात वह पंप पर ड्यूटी कर रहे थे। शनिवार सुबह जब वह सोकर नहीं उठे तो पंप पर तैनात अन्य कर्मचारियों ने शेरपुर पुलिस चौकी को सूचना दी। पुलिस उन्हें सीएचसी ले आई। चिकित्सक ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। उन्होंने बताया कि मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट व मृतक के परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।





वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी.) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987

# नीट यूजी 2024 की काउंसिलिंग को तैयार होगी राज्य मेरिट सूची

## चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी ने दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




**अमृत विचार :** नीट यूजी 2024 परीक्षा के परिणाम जिलेवार घोषित होने के बाद में प्रदेश में नीट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की स्टेट मेरिट सूची तैयार की जाएगी। राज्य सरकार ने सरकारी व निजी मेडिकल व डेंटल कॉलेजों में एमबीबीएस व बीडीएस में दाखिले लेने के लिए शनिवार को दिशा- निर्देश जारी किए हैं।

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र(एनआईसी) द्वारा ऑन लाइन नीट यूजी काउंसिलिंग करायी जाएगी। केजीएमयू, डॉ.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान व शासन स्तर के प्रतिनिधि, चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय(डीजीएमई) के अधिकारियों के साथ मिलकर(समिति) नीट यूजी काउंसिलिंग के लिए विवरण पुस्तिका(ब्रोशर) तैयार करेंगे। चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने निर्देशों में कहा कि, स्टेट मेरिट सूची एनआईसी के सहयोग से डीजीएमई द्वारा नामित अधिकारी द्वारा तैयार की जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेजों में उपलब्ध सीटों में 85 प्रतिशत सीटें राज्य कोटे से भरी जाएंगी। इसके अलावा पिछले साल नीट यूजी 2023 के स्ट्रे वैकेन्सी राउंड में सीट आवंटन के बाद भी दाखिला न लेने वाले अभ्यर्थियों को इस साल काउंसिलिंग में शामिल नहीं किया जाएगा। शेष नीट यूजी-2024 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर काउंसिलिंग में शामिल होने का अवसर मिलेगा, प्रदेश में लागू आरक्षण नियम लागू होंगे।

### 13 नए मेडिकल कॉलेजों में शुरू होने वाले सत्र पर संशय

मालूम हो कि प्रदेश में इस समय 31 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में कुल 3950 सीटों पर प्रवेश लिए जाएंगे। अगर, नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा 13 नए मेडिकल कॉलेजों को सत्र शुरू करने की मान्यता दे दी जाती है तो प्रदेश में एमबीबीएस की 1300 सरकारी सीटों का इजाफा होगा। यानि प्रदेश में 44 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 5250 सीटें हो जाएंगी। साथ ही प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में 5950 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। वहीं, बीडीएस की 70 सीटें सरकारी डेंटल कॉलेज में होंगी, प्राइवेट डेंटल कॉलेजों में 2200 सीटों पर दाखिले लिए जाएंगे।

# मेडिकल पाठ्यपुस्तक के हवाले से दुष्कर्म आरोपी को जमानत दी

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दुष्कर्म से संबंधित एक मामले में टिप्पणी करते हुए कहा कि एक अनुभवहीन व्यक्ति के लिए बिना किसी व्यवधान के सो रहे व्यक्ति को बेहोश करना असंभव है। कोर्ट ने मेडिकल पाठ्यपुस्तक का हवाला देते हुए कहा कि यह किसी समाचार-पत्र में अक्सर प्रकाशित होने वाली कहानी की तरह लगता है, जिसमें एक महिला के चेहरे पर क्लोरोफॉर्म से भिगोए रुमाल को रखकर उसे बेहोश किया जाता है और उसके साथ दुष्कर्म किया जाता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति कृष्ण पहल की एकलपीठ ने रविंद्र सिंह राठौर के खिलाफ पुलिस स्टेशन दादरी, गौतमबुद्ध नगर में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामले में जमानत याचिका स्वीकार करते हुए पारित किया। कोर्ट ने आगे माना कि संविधान के अनुच्छेद 21 द्वारा गारंटीकृत किसी व्यक्ति के जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार को केवल इस आधार पर नहीं छीना जा सकता कि उस व्यक्ति पर अपराध करने का आरोप है, जब तक अपराध उचित जांच द्वारा सिद्ध ना हो जाए।

# मेनका गांधी ने राम भुआल के चुनाव को दी चुनौती


हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं अमित जायसवाल व प्रशांत सिंह अटल के साथ मेनका गांधी।

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा नेता मेनका गांधी ने सुल्तानपुर से निर्वाचित सपा सांसद राम भुआल निषाद के निर्वाचन को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में चुनौती दी है। इस सम्बन्ध में मेनका गांधी ने शनिवार को चुनाव याचिका दाखिल की।

याचिका दाखिल करने के लिए वह अपने अधिवक्ता प्रशांत सिंह अटल के साथ लखनऊ बेंच के वरिष्ठ निबंधक के समक्ष प्रस्तुत भी हुईं। उनके अधिवक्ता ने बताया कि याचिका में अन्य पहलुओं के साथ-साथ मुख्य रूप से यह आधार लिया गया है कि राम भुआल निषाद ने नामांकन के समय दाखिल शपथ पत्र में अपने आपराधिक इतिहास से सम्बन्धित जानकारियां छिपाई हैं। उनहोंने बताया कि राम भुआल निषाद पर 12 आपराधिक मुकदमे चल रहे हैं जबकि उन्होंने अपने शपथ पत्र में मात्र 8 मुकदमों की ही जानकारी दी है। याचिका में कहा गया है कि गोरखपुर जनपद के पिपराइच थाने के एक, बड़हलगंज थाने के दो व देवरिया के मदनपुर थाने के एक आपराधिक मुकदमों की जानकारी राम भुआल निषाद ने छिपाई है। याचिका में राम भुआल निषाद का निर्वाचन निरस्त कर याची मेनका गांधी को निर्वाचित घोषित किये जाने की मांग की गयी है।

## सार-संक्षेप

### लाओस के डाक टिकट में रामलला की तस्वीर




**अयोध्या, अमृत विचार :** दक्षिण पूर्वी एशिया के लाओस देश ने श्री रामलला का चित्र लगा एक डाक टिकट जारी किया है। विहिप मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने लाओस राष्ट्र द्वारा रामलला पर डाक टिकट जारी किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सुखद एहसास प्रदान करने वाला अवसर है। रामलला हमारे धर्म संस्कृति के मेरुदंड हैं, जो जन जन में समाए हैं। उन्होंने कहा श्रीराम के प्रति जहां विश्व में आस्था समर्पण दिखाई दे रहा है। वहीं दुर्भाग्य है कि भारत में नकारात्मकता और तुष्टिकरण की राजनीति कर रोटियां सेंकी जा रही है। उन्होंने बताया कि लाओस ने महात्मा बुद्ध की भी पोस्टल स्टैंप भी रिलीज की है।

### जितिन प्रसाद के निजी सचिव बने पीसीएस कुणाल प्रताप

**लखनऊ, अमृत विचार :** वित्त विभाग के अधिकारी पीसीएस कुणाल प्रताप सिंह को केंद्र सरकार में अहम जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में प्रतिनियुक्ति पर तैनात किया गया है। वर्तमान में वे राज्य सरकार में उपनिदेशक (ऑडिट) के पद पर कार्यरत थे। उन्हें प्रतिनियुक्ति पर भेजे जाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहमति दे दी। मूलरूप से देवरिया के रहने वाले कुणाल को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितिन प्रसाद के अपर निजी सचिव के पद पर तैनात किया गया है। जितिन प्रसाद पीलीभीत से सांसद हैं। इसके पहले राज्य में लोक निर्माण विभाग के मंत्री थे।

### पुलिस आवास निगम के कार्यों की डीजीपी ने की समीक्षा

**लखनऊ, अमृत विचार :** पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार की ओर से शनिवार को उप्र पुलिस आवास निगम का भ्रमण किया गया एवं पुलिस विभाग के आवंटित निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने समस्त जारी निर्माण कार्यों को निर्धारित मानक एवं उच्च गुणवत्ता से कराने के साथ-साथ पुलिस लाइन कासगंज के आवासीय एवं अनावासीय भवन को निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत पूर्ण कराने के निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान आवास निगम द्वारा पुलिस विभाग के निर्माणाधीन कार्य जो कि कतिपय कारणों से रुके हुए हैं को सम्बन्ध में क्षेत्रिय पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए तत्काल समस्या का निराकरण कराने के भी निर्देश दिये। इस अवसर पर कई अधिकारी मौजूद रहे।

### चयनित 3.49 लाख परिवार बिना शौचालय

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में एक वर्ष से चल रहे त्वरित गरीबी उन्मूलन अभियान में पंचायती राज विभाग ने व्यक्तिगत शौचालय से लाभान्वित करने के लिए 6,22,713 परिवारों का चयन किया है। सर्वे के दौरान इनमें से 3,49,447 परिवारों ने शौचालय न मिलने की जानकारी दी। यह स्थिति तब है जब ओडीएफ योजना के तहत कई बार शौचालय बांटे गए हैं। प्रदेश में 2,32,361 परिवारों का सत्यापन नहीं हो पाया है। इसमें महाराजगंज, महोबा, अंबेडकर नगर, देवरिया, कुशीनगर, एटा, चंदौली, बस्ती, आगरा, बांदा, प्रयागराज व बहराइच की प्रगति 25 फीसदी से कम है। इस पर पंचायत राज विभाग ने नाराजगी जताई है।

### दो आईपीएस अफसरों का तबादला

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार ने दो आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अपर पुलिस उपायुक्त विवेक चंद्र यादव को डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। एसपी स्थापना सुरेन्द्र नाथ तिवारी को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है।

# घरेलू उड़ान में 45वें पायदान पर पहुंचा अयोध्या एयरपोर्ट

- बरेली को छठवां और आगरा को 37वां स्थान मिला

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** अयोध्या का महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट नित नए कीर्तिमान बना रहा है। एयरपोर्ट का संचालन हुए अभी छह माह से थोड़ा अधिक समय ही बीता है, लेकिन उसने देश के 61 घरेलू उड़ान वाले एयरपोर्ट में 45वां स्थान हासिल कर लिया। हाल ही में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) की ओर से ग्राहक संतुष्टि सूचकांक के जारी होने के बाद अयोध्या एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से सुविधाएं बढ़ाने का काम और तेज हो गया है। दावा किया जा रहा है कि छह माह बाद आने वाली रिपोर्ट में अयोध्या एयरपोर्ट टॉप-10 में शामिल होगा।

30 दिसंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या के अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का लोकार्पण किया था। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से देश के कोने-कोने से यात्रियों को अयोध्या पहुंचाने के लिए तमाम एयरलाइन्स कंपनियों ने अपने विमान उतार दिए। जनवरी से जून माह के बीच ग्राहक संतुष्टि सूचकांक के लिए देश के 61 एयरपोर्ट पर एएआई की टीम ने वहां मौजूद सुविधाओं के बारे में यात्रियों का फीडबैक लिया। इसमें अयोध्या एयरपोर्ट भी शामिल रहा। वह संतुष्टि देने वाला माना जा रहा है। इस सूची में पहले स्थान पर राजमुंदरी एयरपोर्ट है, जबकि दूसरे स्थान पर गग्गल (कांगड़ा), तीसरे स्थान पर लेह, चौथे स्थान पर मदुरै और पांचवें स्थान पर विशाखापट्टनम एयरपोर्ट है। वहीं बरेली को छठवां, प्रयागराज व गोरखपुर को आठवां, आगरा का 37वां, कानुपर का 44वां स्थान है।

# सीएचओ संघ ने अखिलेश यादव को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी(सीएचओ) संघ उप्र. के प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को सपा के अखिलेश यादव से मिलकर वेतन बढ़ोत्तरी और छह साल पूरे होने पर नियमितीकरण करने संबन्धी मांग पत्र सौंपा। सपा मुख्यालय में सपा प्रमुख को सौपे ज्ञापन देने के बाद सीएचओ संघ के प्रदेश प्रवक्ता रामेन्द्र यादव ने बताया कि कि साल 2016 में शुरू आयुष्मान आरोग्य योजना अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी(सीएचओ) के पद सृजित किए गए थे। नियमावली में सीएचओ केडर निर्माण कर 4800 ग्रेड-पे निर्धारित कर छःसाल पूर्ण करने पर नियमितीकरण करने का प्रावधान है। साथ ही न्यूनतम वेतन 25,000 और 15,000 रूपए बतौर कार्य प्रोत्साहन राशि के रूप में निर्धारित है। बावजूद, प्रदेश सरकार द्वारा न्यूनतम वेतन में पांच हजार कम दिया गया।

# मानसून सत्र:25 हजार करोड़ तक का हो सकता है अनुपूरक बजट

- सभी एक्सप्रेस-वे को आपस में जोड़ने समेत धर्म-आस्था, परिवहन और ऊर्जाक्षेत्र के विकास पर फोकस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधानमंडल के मानसून सत्र में राज्य सरकार द्वारा पेश किया जाने वाला अनुपूरक बजट का आकार 25 हजार करोड़ रुपये तक हो सकता है। इसमें सभी एक्सप्रेस-वे को आपस में एक दूसरे से जोड़ने, औद्योगिक विभाग, प्रयागराज महाकुंभ समेत धर्म, आस्था, परिवहन और ऊर्जा क्षेत्र के विकास पर खास फोकस होगा।

राज्य सरकार का लंबी दूरी के एक्सप्रेस-वे के साथ ही सभी एक्सप्रेस वे को आपस में जोड़ने पर खास फोकस है। इससे जहां यात्रा तो आरामदायक होगी ही, साथ ही सफर की देरी भी घटेगी। इससे बलिया, चित्रकूट, आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे से पूर्वांचल एक्सप्रेस -वे तक लिंक एक्सप्रेस-वे, गंगा एक्सप्रेस-वे से आगरा एक्सप्रेस-वे वाया फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेस-वे, यमुना एक्सप्रेस वे से गंगा एक्सप्रेस-वे वाया बुलंदशहर लिंक एक्सप्रेस-वे के सभी निर्माणाधीन और प्रस्तावित कार्य तेजी से पूरे करने के प्रावधान होंगे। सूत्रों के अनुसार अनुपूरक बजट के केंद्र में प्रयागराज महाकुंभ की तैयारियां हैं। यहां आने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी मुख्यमंत्री ने शनिवार को नई दिल्ली में मिलकर आने का न्योता दिया है। श्रध्दालुओं की सहुलियत के विकास को धनराशि का आवंटन किया जा रहा है। इसके अलावा नैमिषारण्य, गोला गोकर्णनाथ जैसे अन्य जिलों में धार्मिक व पर्यटन स्थलों के विकास की कई योजनाएं अनुपूरक से बजट के लिए प्रस्तावित की गई हैं।

### 7.36 लाख करोड़ का था मूल बजट

2024-25 का मूल बजट सरकार ने फरवरी माह में पेश किया था। इसका आकार 7.36 लाख करोड़ का था, जिसके जरिए युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीब कल्याण के साथ ही धर्मस्थलों की सड़कों और धार्मिक पर्यटन स्थलों के विकास के मद में भारी भरकम राशि का आवंटन किया गया था।

# नत्थूलाल को चुनौती दे रहीं डीजीपी की मूंछें : धनखड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उप्र. के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार की मूंछों को लेकर कसीदे गढ़े। उन्होंने डीजीपी की मूंछों की तारीफ करते हुए कहा कि वह नत्थूलाल की मूंछों को चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने अमिताभ बच्चन अभिनीत उस फिल्म का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने यह डायलाग बोले थे। उप राष्ट्रपति के इस वक्तव्य पर सभा में बैठे सभी ठहाके मारकर हंसे। उप राष्ट्रपति यह बातें दिल्ली स्थित हंसराज महाविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। बतादें कि इस कार्यक्रम में डीजीपी प्रशांत कुमार को हंसराज गौरव सम्मान से सम्मानित भी किया गया।

उप राष्ट्रपति के इस बयान पर डीजीपी प्रशांत कुमार की मूंछे एक बार फिर चर्चा में है। डीजीपी की मूंछों पर बयान सोशल मीडिया पर टॉप ट्रेंड कर रहा है। पुलिस अधिकारियों के साथ साथ प्रदेश के नागरिक भी एक दूसरे को उप राष्ट्रपति का बयान शेयर कर रहे हैं। उधर, कार्यक्रम के दौरान डीजीपी प्रशांत कुमार को हंसराज महाविद्यालय की ओर से महात्मा हंसराज गौरव सम्मान प्रदान किया गया। बता दें कि उन्होंने हंसराज महाविद्यालय से 1982-85 के दौरान बीएससी की डिग्री ली थी। स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद नवीन जिंदल को भी दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो योगेश सिंह द्वारा सम्मानित किया गया।


दिल्ली में डीजीपी को सम्मानित करते कुलपति प्रो योगेश सिंह।

### 1990 बैच के आईपीएस हैं प्रशांत कुमार

प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार 1990 बैच के आईपीएस अफसर हैं। उनको योगी सरकार के सबसे भरोसेमंद अफसरों में गिना जाता है। इससे पहले प्रशांत कुमार मेरठ के एडीजी भी रह चुके हैं। प्रशांत कुमार मूल रूप से बिहार राज्य के सिवान जिले के निवासी हैं। 26 जनवरी को प्रशांत कुमार को गैलेंट्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उनको चौथी बार मिला है। प्रशांत कुमार की गिनती सख्त अफसरों में होती है।

# अनपरा और ओबरा समेत आधा दर्जन इकाइयां ठप, संकट गहराया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** अनपरा व ओबरा की इकाइयों समेत आधा दर्जन इकाइयां शनिवार को ठप हो गई। इससे प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया। एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात कर स्थिति को काबू में करने के प्रयास जारी रहे।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार अनपरा की पांच सौ मेगावाट की एक इकाई, ओबरा सी की 660-660 मेगावाट की दो इकाइयां, ओबरा की दो सौ मेगावाट की एक इकाई, जवाहरपुर और ललितपुर बिजलीघरों की 660-660 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां ठप हो गईं। इससे प्रदेश में उत्पादन बिजलीघरों में 3340 मेगावाट बिजली उत्पादन घट गया। पहले से बंद चल रही सिंगरौली बिजलीघर की दो सौ मेगावाट की एक इकाई को मिलाकर कुल 3423 मेगावाट उत्पादन घटने से बिजली संकट गहरा गया। सूत्रों ने बताया कि शनिवार को प्रदेश में 29,087 मेगावाट अधिकतम बिजली मांग दर्ज की गई। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात कर स्थिति काबू में की गई। गांवों, नगर पंचायतों-तहसीलों व बुंदेलखंड क्षेत्र में घोषित बिजली कटौती का सिलसिला जारी रहा।

## वर्ग पहेली-144

**बाएं से दाएं**

2. 1. कोस की आधी माप, एक मील 2. दूरी की एक माप, लगभग एक सांस में दौड़कर पूरी की जा सकने वाली दूरी 3. लंबा-चौड़ा मैदान 4. दौड़।

4. 1. मनुष्य या पशु-पक्षी के पैर, टांग 2. अड़ंगा, रोक। (मु.) -मारना : बाधा डालना, बाधा उत्पन्न करना।

5. यान या इंजनों को चलाने वाला व्यक्तियों का समूह।

7. परंतु, किंतु, लेकिन।

8. बद्रिकाश्रम के पास स्थित एक कुंड

**ऊपर से नीचे**

1. 1. राजा बनाने वाला 2. महत्वपूर्ण पद पर किसी को प्रतिष्ठित करने की क्षमता रखने वाला

3. आजीविका हेतु पशु पालने का कार्य, गाय

6. 1. आलिंगन करना 2. गले मिलना 3. लपेटना।



### वर्ग पहेली -143 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 क | | | 2 हि | | 3 नि |
| ल | | 4 स | मा | द | र |
| म | | | य | | श |
| 5 त | द | | त | | न |
| रा | | 6 दे | ग | चा | |
| 7 श | नि | वा | र | | 8 निं |
| | | ल | | 9 अं | ब |

## सुडोकू -57

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 2 | 9 | | | 8 | | |
| | | 8 | | | 5 | 1 | | |
| 6 | | | | 4 | | | | 2 |
| | 4 | | | | 3 | 2 | | 8 |
| | 2 | | 1 | | 4 | | 9 | |
| 1 | | 3 | 7 | | | | 5 | |
| 2 | | | | 8 | | | | 6 |
| | | 1 | 6 | | | 4 | | |
| | | 7 | | | 2 | 3 | 8 | |

### सुडोकू -56 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 5 | 1 | 9 | 8 | 7 | 2 | 6 |
| 7 | 2 | 9 | 5 | 3 | 6 | 8 | 1 | 4 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 | 9 | 3 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 9 | 8 | 7 |
| 2 | 6 | 7 | 9 | 8 | 3 | 1 | 4 | 5 |
| 8 | 9 | 4 | 7 | 5 | 1 | 3 | 6 | 2 |
| 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 9 | 4 | 3 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 8 | 4 | 5 | 2 | 7 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 जुलाई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास- श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि- अष्टमी 19.27 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 11.47 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष** - आज कार्यक्षेत्र में आपको नए अनुभव मिलेंगे। मित्रों के साथ आत्मीयता बढ़ेगी। ललित कलाओं में आप काफी रुचि ले सकते हैं। व्यवसाय में बड़ा फेरबदल कर सकते हैं। मृदु व्यवहार के कारण लोगों के चहेते बने रहेंगे।

**वृष** - आज बुरी संगत वाले लोगों से दूरी बनाकर रखें। गठिया के रोगियों को तेज दर्द की शिकायत हो सकती है। कारोबार में कुछ गिरावट देखने को मिल सकती है। अति आत्मविश्वास के कारण आपको परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

**मिथुन** - आज आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। धार्मिक कार्यों में मन लगाएंगे। व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ मिल सकता है। आलस्य की वजह से काम में रुकावटें आ सकती हैं।

**कर्क** - आज लोग आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे। जीवनसाथी और इष्टमित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। घर में कुछ बदलाव कर सकते हैं। आपके व्यवहार में गंभीरता की प्रशंसा होगी। वैवाहिक जीवन में परस्पर सम्मान की भावना में वृद्धि होगी। वरिष्ठ जनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**सिंह** - आज रुके हुए सरकारी कार्य पूरे हो जाएंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी बातों को विशेष महत्व मिलेगा। मनोरंजन संबंधित कार्यों में आप धन खर्च करेंगे। आपकी जीवनशैली में सुधार आएगा। बड़े अधिकारी आपसे बहुत प्रसन्न रहने वाले हैं।

**कन्या** - आज काम के प्रति एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं इसीलिए नए काम की शुरूआत न करें। प्रेम संबंधों को लेकर तनाव बढ़ेगा। सुख-सुविधाओं में कमी आएगी। कानूनी मामलों में आपको नहीं फंसना चाहिए। दूसरों कि कही-सुनी बातों पर सहसा विश्वास न करें।

**तुला** - आज वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। कारोबारी अनुबंधों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। बच्चों की उपलब्धि से हर्षित रहेंगे। निर्माण कार्यों में तेजी आएगी। आप अपने व्यक्तिगत जीवन को काफी महत्व देंगे। घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**वृश्चिक** - आज सभी कार्यों को समय पर पूरा करने का प्रयास करें। यदि आप किसी काम को टालते हैं तो भविष्य में भी उसके टलने की संभावना बढ़ जाएगी। सहकर्मियों का बेहतरीन सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुओं पर आप भारी पड़ेंगे।

**धनु** - आज समझदारी पूर्वक स्थितियों को संभालने का प्रयास करें। अधूरे कार्यों को समय पर निपटा लें। शेयर मार्केट में पहले किया गया निवेश आपको बड़ा लाभ दे सकता है। आप वही काम करना पसंद करेंगे जो आपका शौक बन गया हो।

**मकर** - आज मन में किसी पुरानी बात को लेकर चिंता हो सकती है। वाणी में हल्के शब्दों का प्रयोग करना उचित नहीं है। लेन-देन में की गई जल्दबाजी से आपको आर्थिक हानि हो सकती है। व्यर्थ दौड़धूप करनी पड़ेगी, लेकिन उसका परिणाम कुछ खास नहीं मिलेगा।

**कुंभ** - आज बुद्धि-विवेक से काम करना लाभकारी होगा। मांगलिक उत्सवों में भाग लेंगे। व्यापार में बहुत अच्छे मौके मिलेंगे। रूपरेखा बनाकर काम करना लाभकारी सिद्ध होगा। नौकरीपेशा लोगों का अचानक स्थानांतरण हो सकता है।

**मीन** - आज पुराने रोगों के कारण परेशानी होगी। अचानक आपकी कुछ महत्वपूर्ण वस्तुएं गुम हो सकती हैं। लोग आपके सही काम का भी विरोध कर सकते हैं। आपको बड़े निवेश करने से आपको बचना चाहिए। पेट में जलन की शिकायत हो सकती है।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U MOVIES | माफिया राज | सुबह : 10.53 |
| B4U MOVIES | विक्की डोनर | रात : 09.00 |
| &pictures | बंगाराजू | सुबह : 11.01 |
| &pictures | खिलाड़ी 786 | रात : 08.00 |
| SONY PIX | जॉन विक : चैप्टर 2 | सुबह : 10.52 |
| SONY PIX | लंदन हैज फालेन | रात : 09.00 |
| ZEE CINEMA | सैम बहादुर | दोपहर : 12.00 |
| ZEE CINEMA | धमाल | शाम : 05.20 |
| colors CINEPLEX | कभी खुशी कभी गम | सुबह : 11.38 |
| colors CINEPLEX | अकेली | रात : 07.58 |

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

वीणा अपने पति से-तुम सच में, बहुत सीधे-साधे और भोले हो, तुम्हें कोई भी आसानी से बेवकूफ बना सकता है।
पति-सच कह रही हो, शुरुआत तो तुम्हारे पापा ने ही की है।

टीचर- अच्छा बच्चों बताओ ड्राइवर और कंडक्टर में क्या फर्क होता है।
छात्र-गुरुजी, कंडक्टर सो गया तो किसी का टिकट नहीं कटेगा, लेकिन अगर ड्राइवर सो गया तो सबका टिकट कट जाएगा।

## एक नजर

### आर्मस्ट्रांग हत्याकांड में दो और लोग गिरफ्तार

**चेन्नई।** बीएसपी की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग की पांच जुलाई को हुई हत्या में एक वकील समेत दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इस मामले में कुल 18 गिरफ्तारियां हुई हैं। विशेष टीमों ने वकील शिवा (35) को गिरफ्तार किया। जांच के बाद प्रदीप (28) को भी गिरफ्तार किया गया। दोनों संदिग्धों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### अप्राकृतिक दुष्कर्म में 55 वर्षीय को 20 साल की जेल

**केंद्रपाड़ा।** ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले की एक अदालत ने एक किशोर के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म करने वाले 55 वर्षीय व्यक्ति को 20 साल की सजा सुनाई है। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो) संबंधित मामलों की एक अदालत ने दोषी व्यक्ति पर 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया और जुर्माना नहीं चुकाने पर उसे अतिरिक्त दो साल जेल में बिताने होंगे। यह घटना साल 2021 की है। पुलिस थाने में दर्ज शिकायत में पीड़ित किशोर की मां ने बताया कि आरोपी किशोर को एक सुनसान जगह पर स्थित एक गौशाला में ले गया और वहां उसके साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म किया।

### हेमंत की जमानत को चुनौती पर 29 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ईडी की उस याचिका पर 29 जुलाई को सुनवाई करेगा, जिसमें कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत देने संबंधी झारखंड हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ हाईकोर्ट के 28 जून के आदेश के खिलाफ संघीय एजेंसी की याचिका पर सुनवाई करेगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन ने 31 जनवरी को ईडी द्वारा गिरफतार किये जाने से पहले ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

### पुलिस और आदिवासी छात्रों में झड़प, 15 घायल

**पाकुड़ (झारखंड)।** पाकुड़ जिले में पुलिस और आदिवासी छात्रों के बीच झड़प में छह पुलिसकर्मियों समेत 15 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह घटना शुक्रवार रात उस समय घटी जब पुलिस अपहरण की जांच के लिए केकेएम कॉलेज पहुंची थी। छात्रों ने पुलिस का विरोध किया, जिसके बाद झड़प हुई। भाजपा झारखंड इकाई ने आरोप लगाया कि शनिवार को जिले के महेशपुर इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ रैली निकालने की तैयारी कर रहे छात्रों की पुलिस ने पिटाई की है।

# बैठक में ममता से हुआ व्यवहार अस्वीकार्य

## कांग्रेस ने नीति आयोग की बैठक को लेकर की टिप्पणी, कहा- बैठक दिखावा मात्र

नई दिल्ली, एजेंसी



- ममता ने भाषण के दौरान बीच में रोके जाने का लगाया आरोप

कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि नीति आयोग की बैठक में प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ जो व्यवहार हुआ है, वो अस्वीकार्य है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि नीति आयोग की बैठकें दिखावा मात्र हैं। यह स्वतंत्र नहीं है। ममता शनिवार को आयोजित बैठक छोड़कर बाहर निकल आईं। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष की एकमात्र प्रतिनिधि होने के बावजूद उन्हें भाषण के दौरान रोका गया।

सरकारी सूत्रों ने उनके आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ममता को बोलने के लिए दिया समय समाप्त हो गया था। कांग्रेस नेता रमेश ने एक्स कहा कि 10 साल पहले स्थापित होने के बाद से नीति आयोग प्रधानमंत्री का अटैच्ड ऑफिस रहा है। यह नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री के लिए ढोल पीटने वाले तंत्र के रूप में काम करता है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि इसका काम करने का तरीक़ा पक्षपात से भरा रहा है। यह पेशेवर और स्वतंत्र तो नहीं है। उन्होंने कहा कि यह अलग तरह के और असहमति से भरे दृष्टिकोणों को दबा देता है, जो एक खुले लोकतंत्र के मूलतत्व हैं तथा इसकी बैठकें महज़ दिखावा मात्र की होती हैं। रमेश ने कहा कि दपश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के प्रति उसका व्यवहार, जो कि नीति आयोग का वास्तविक रूप है, बिल्कुल अस्वीकार्य है।

### ममता बनर्जी का बैठक से निकलना पूर्वनियोजित

**नई दिल्ली।** भाजपा ने नीति आयोग की बैठक से बाहर निकलने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह पूर्व नियोजित था और उनका इरादा सुर्खियां बटोरने था। भाजपा महासचिव (संगठन) बीएल संतोष ने कहा कि हमारे देश में सुर्खियां बटोरना बहुत आसान है। पहले, यह बताया कि मैं (ममता) नीति आयोग की बैठक में भाग लेने वाली एकमात्र विपक्षी मुख्यमंत्री हूं। फिर बाहर आईं और बताया कि मैंने माइक बंद होने से बैठक का बहिष्कार किया। अब पूरे दिन टीवी पर यही दिखाया जाएगा। कोई काम नहीं। कोई चर्चा नहीं। यह हैं आपकी दीदी। हालांकि, सरकार ने उनके दावे को खारिज कर दिया और कहा कि उनका बोलने का समय खत्म हो चुका था। भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने आरोप लगाया कि बैठक से बनर्जी का निकलना पूर्व नियोजित था। उन्होंने एक्स पर कहा कि यह देखना दुखद है कि एक मुख्यमंत्री शासन के गंभीर मुद्दों को नाटकबाजी में बदल रही हैं। पश्चिम बंगाल के लोग उनकी टकराव की राजनीति के परिणामों को झेल रहे हैं।

# लिव-इन के इच्छुक विवाहितों को संरक्षण देना द्विविवाह प्रथा को बढ़ावा देना : कोर्ट

चंडीगढ़, एजेंसी



- हाईकोर्ट ने कहा- घर से भागने वाले माता-पिता के सम्मान-गरिमा से जीने के अधिकार का उल्लंघन करते हैं

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने कहा है कि लिव-इन में रहने के इच्छुक विवाहित लोगों को संरक्षण देना गलत काम करने वालों को प्रोत्साहित करने और द्विविवाह प्रथा को बढ़ावा देने जैसा है। न्यायमूर्ति संदीप मौदगिल की पीठ ने कहा कि घर से भागने वाले न केवल परिवारों की बदनामी करते हैं, बल्कि सम्मान और गरिमा के साथ जीने के अपने माता-पिता के अधिकार का भी उल्लंघन करते हैं। कोर्ट ने कई याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया।

इन याचिकाओं में 40 वर्षीय महिला और 44 वर्षीय पुरुष की याचिका भी है, जिसमें उन्होंने उनके परिवारों से खतरे के कारण उन्हें सुरक्षा देने का उल्लेख किया है। वे दोनों साथ रह रहे हैं, जबकि पुरुष शादीशुदा है और महिला तलाकशुदा है। दोनों के बच्चे भी हैं।

कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को पूरी जानकारी थी कि वे पहले से शादीशुदा हैं और वे लिव-इन में नहीं रह सकते। इसके अलावा, याचिकाकर्ता पुरुष ने पहली पत्नी से तलाक नहीं लिया है। सभी लिव-इन संबंध विवाह की प्रकृति के नहीं हैं। कोर्ट ने कहा कि अगर यह माना जाता है कि याचिकाकर्ताओं के बीच संबंध विवाह की प्रकृति के हैं, तो यह व्यक्ति की पत्नी और बच्चों के साथ अन्याय होगा। विवाह का मतलब ऐसा रिश्ता जिसका सार्वजनिक महत्व है।

कोर्ट ने कहा कि विवाह और परिवार महत्वपूर्ण सामाजिक संस्थाएं हैं, जो बच्चों को सुरक्षा प्रदान करती हैं और उनके पालन-पोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत हर व्यक्ति को सम्मान और गरिमा के साथ जीने का अधिकार है, इसलिए ऐसी याचिकाओं को स्वीकार करके हम गलत काम को प्रोत्साहित करेंगे।

# तीन आतंकियों के स्केच जारी, इनाम घोषित

जम्मू, एजेंसी



- सूचना देने वाले को मिलेंगे पांच-पांच लाख रुपये इनाम, जानकारी रखी जाएगी गुप्त

जम्मू कश्मीर पुलिस ने डोडा हमले में शामिल तीन आतंकियों के शनिवार को स्केच जारी किए। साथ ही सूचना देने पर पांच-पाच लाख रुपये इनाम देने की घोषणा की। डोडा हमले में एक कैप्टन समेत चार सैनिक शहीद हो गए थे।

जम्मू के डोडा में हुए आतंकी हमले के आरोपियों के स्केच जारी करते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ये तीनों जिले के ऊपरी इलाकों, डेसा जंगल में घूम रहे हैं, जहां 16 जुलाई को एक आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान हुई मुठभेड़ में सेना के एक कैप्टन और तीन सैनिक शहीद हो गए थे। पुलिस ने तीनों पर पांच-पांच लाख के नकद इनाम की घोषणा की है। पुलिस ने स्थानीय लोगों से इनके बारे में जानकारी देने का आग्रह किया है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जानकारी देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों और नियंत्रण कक्ष के फोन नंबर सहित एक दर्जन से अधिक फोन नंबर साझा किए हैं, ताकि लोग संपर्क कर सकें।

### भारत की परीक्षा लेने वालों के सिर कुचले जाएंगे

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा है कि देश में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द ही उन लोगों के सिर कुचले जाएंगे जो भारत के धैर्य और क्षमताओं की परीक्षा लेना चाहते हैं। सिन्हा ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर संभव उत्सव 2.0 में यह बात कही। उन्होंने कहा कि जम्मू क्षेत्र में, चाहे वह जम्मू-कश्मीर पुलिस हो, सेना हों या सीएपीएफ हों, एक रणनीति तैयार की गई है और यह समय की बात है; जो लोग यहां समस्याएं उत्पन्न कर रहे हैं उनका भी वही हश्र होगा जो दूसरों का हुआ।

### अनंतनाग में कार खाई में गिरी, पांच बच्चों सहित आठ की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार को सड़क से फिसलकर वाहन खाई में गिरी, जिससे पांच बच्चों समेत एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में एक पुलिसकर्मी, दो महिलाएं और छह से 16 वर्ष के पांच बच्चे हैं। पीड़ित किश्तवाड़ से सिंथन टॉप होते हुए मारवाह की ओर जा रहे थे तभी उनका वाहन डक्सुम में सड़क से फिसलकर खाई में गिर गया। परिवार के आठ सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई।

### कारगिल विजय दिवस



शनिवार को कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भुवनेश्वर में आयोजित तिरंगा यात्रा के दौरान विशाल राष्ट्रीय ध्वज को लेकर जाते लोग। • एजेंसी

# 9 वर्षीया बालिका से दुष्कर्म कर 13 वर्षीय भाई ने की हत्या, सच परिवार ने छुपाया

रीवा, एजेंसी

- तीन माह पहले हुई घटना, पुलिस ने नाबालिग आरोपी समेत चार को किया गिरफ्तार
- मामले को छिपाने में सगी दो बड़ी बहन व मां को भी पुलिस ने बनाया आरोपी

मोबाइल फोन पर अश्लील वीडियो देखने के आदी तेरह साल के भाई ने नौ वर्षीया बालिका से दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी। यह वारदात तीन माह पहले हुई और परिजन इसे छिपाते रहे। पुलिस ने नाबालिग आरोपी समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। नाबालिग समेत दो को बाल सुधार गृह और दो को जेल भेजा गया है।

जवा थाना क्षेत्र में बच्ची के साथ 24 अप्रैल को यह घटना हुई। दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोपी का बच्ची का भाई है। मामले को छिपाने में सगी दो बड़ी बहन और मां को भी आरोपी बनाया गया है। पुलिस को जांच में पता चला कि आरोपी बालक ने मोबाइल फोन पर पॉर्न वीडियो देखकर इस घटना को अंजाम दिया, वहीं दो बड़ी बहन और मां ने घटना को छिपाने की कोशिश की थी। पहले घरवालों ने लड़की की जहरीले कीड़े के काटने से मौत का बहाना बनाया था। पुलिस को कुछ जानकारियां मिलीं, तो शव का पोस्टमार्टम कराया, जिससे दुष्कर्म के बाद हत्या की पुष्टि हुयी। पुलिस ने जांच दौरान बालिका के 13 वर्षीय भाई व दो बड़ी बहनों और मां से पूछताछ की गयी, जिस सच्चाई उजागर हुई।

### दिल्ली के कई हिस्सों में बारिश जलभराव से यातायात बाधित

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कुछ हिस्सों में शनिवार को बारिश हुई और अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत से 1.4 डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। दिल्ली के कुछ इलाकों में जलभराव होने और पेड़ उखड़ने से लोगों को यात्रा के लिए वैकल्पिक मार्ग अपनाने की सलाह दी गई है।

आईएमडी ने बताया कि न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस मौसम के औसत तापमान से एक डिग्री अधिक है। विभाग ने रविवार को दिल्ली में हल्की बारिश की संभावना जताई है। मध्य दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली समेत कई इलाकों में बारिश हुई। शाम 5.30 बजे तक पूसा वेधशाला ने 26.5 मिमी बारिश दर्ज की। यातायात पुलिस के मुताबिक, कुतुब मीनार मेट्रो स्टेशन के पास जलभराव से अणुव्रत मार्ग पर दोनों तरफ यातायात प्रभावित है।

# बाढ़ वाले क्षेत्रों में टेलीमेट्री प्रणाली स्थापित करने पर संसदीय समिति ने दिया जोर

नई दिल्ली, एजेंसी

- समिति की रिपोर्ट 17वीं लोस के दौरान सौंपी गई और 18वीं लोस में सदन में रखी गई

संसद की समिति ने बाढ़ की आशंका से घिरे क्षेत्रों में वास्तविक समय डेटा संग्रह और बाढ़ के पूर्वानुमान के लिए टेलीमेट्री प्रणाली की स्थापना में अत्यधिक विलंब का उल्लेख किया है। बाढ़ नियंत्रण और पूर्वानुमान के लिए योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधी ऑडिट पर समिति की रिपोर्ट 17वीं लोकसभा के दौरान सौंपी गई थी और 18वीं लोकसभा में सदन के पटल पर रखी गई।

जल संसाधन संबंधी स्थायी समिति की की रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया है कि समय पर और प्रभावी बाढ़ प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। वास्तविक समय डेटा संग्रह और बाढ़ पूर्वानुमान के लिए महत्वपूर्ण टेलीमेट्री प्रणाली की स्थापना तीन स्टेशनों को छोड़कर सभी स्टेशनों पर पूरी हो चुकी है। समिति ने कहा है कि चिनाब मंडल के तहत खानबल तथा गंगटोक मंडल के तहत सारा थांग और डैमबोंग में यह प्रणाली स्थापित नहीं हो सकी है। खानबल में देरी के लिए 2018 से लंबित अदालती मामले को जिम्मेदार ठहराया गया है, जबकि वन विभाग से मंजूरी न मिलने के कारण 2017 से सारा थांग और डैमबोंग में इस प्रणाली की स्थापना का काम रुका हुआ है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने समिति को सूचित किया कि खानबल स्टेशन के लिए एक वैकल्पिक स्थान की पहचान कर ली गई है और टेलीमेट्री प्रणाली की स्थापना शीघ्र ही शुरू होने की उम्मीद है।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### पेप्सिको इंडिया की आय 5,954 करोड़

**नई दिल्ली।** पेप्सिको इंडिया होल्डिंग्स की एकीकृत परिचालन आय अप्रैल-दिसंबर 2023 के दौरान 5,954.16 करोड़ और मुनाफा 217.26 करोड़ रुपये था। कारोबारी खूफिया मंच टोफ्लर ने बताया कि कंपनी की कुल आय 6,094.70 करोड़ थी।

### जोरहाट-दिल्ली के बीच उड़ान शुरू होने की उम्मीद

**गुवाहाटी।** लोकसभा सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि नई दिल्ली और पूर्वी असम के शहर जोरहाट के बीच रोजाना उड़ान अक्टूबर में शुरू होगी। उन्होंने कहा कि स्पाइसजेट क्षेत्रीय संपर्क योजना उड़ान के तहत इस मार्ग पर 189 सीटों वाला विमान संचालित करेगी।

### मुरादाबाद मंडी

**दालें:** दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 10 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 30 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

### मेंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक–955 फ्लैग–1075 डीएमओ–815 बोल्ड–1130
**चन्दौसी :** शिवालिक– 950 फ्लैग–1090 बोल्ड– 1130 डीएमओ– 850

### सर्राफा

मुरादाबाद

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 71,600 |
| चांदी आभूषण | 84,300 |

# घरेलू इस्पात उत्पादन 2030 तक 30 करोड़ टन होने की उम्मीद

## कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के प्रयासों के चलते बाधा की आशंका नहीं : इस्पात सचिव

कोलकाता, एजेंसी



- कुल कार्बन उत्सर्जन में इस्पात क्षेत्र की हिस्सेदारी 12%
- कार्बन कम करने पर जनता की राय के लिए मसौदा होगा जारी

भारत में 2030 तक घरेलू इस्पात उत्पादन 30 करोड़ टन को पार कर जाएगा। केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह उम्मीद जताई कि प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच इस्पात की मांग बेहतर बनी हुई है।

इस्पात सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा ने कहा कि मंत्रालय को इस्पात क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के प्रयासों के चलते क्षमता वृद्धि में किसी भी बाधा की आशंका नहीं है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस्पात क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन को कम करने पर जनता की राय लेने के लिए एक मसौदा जारी किया जाएगा। कुल कार्बन उत्सर्जन में इस्पात क्षेत्र की हिस्सेदारी 12 प्रतिशत है।

भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स (बीसीसी) के सदस्यों को संबोधित करते हुए सिन्हा ने कहा कि सरकार के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा दिए जाने और लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद के साथ मौजूदा इस्पात की मांग मजबूत बनी हुई है। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि जीडीपी भी मजबूती से बढ़ रही है, और सरकारी तथा निजी, दोनों क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे पर जोर देने से इस्पात की मांग मजबूत बनी रहेगी। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान तैयार इस्पात का उत्पादन 13.85 करोड़ टन था, जो इससे पिछले साल की तुलना में 12.4 प्रतिशत अधिक है। ऐसे में 30 करोड़ टन स्थापित क्षमता हासिल करने के लिए 12 प्रतिशत की दर से वृद्धि हासिल करनी होगी।

### एसएईएल ने 30.5 करोड़ डॉलर के बॉण्ड किए जारी

**नई दिल्ली।** घरेलू नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी एसएईएल ग्रुप ने अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में 30.5 करोड़ डालर मूल्य के हरित बॉण्ड जारी किए हैं। कंपनी ने कहा कि ये बॉण्ड अमेरिका, यूरोप और कई एशियाई देशों के निवेशकों के लिए जारी किए गए हैं। कंपनी का 30.5 करोड़ डॉलर (2,500 करोड़) का हरित बॉण्ड एसएईएल और पांच पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनियों द्वारा संयुक्त रूप से जारी किया गया। कंपनी ने कहा कि इस राशि का उपयोग कंपनी के नवीकरणीय ऊर्जा कारोबार के विस्तार के लिए किया जाएगा। कंपनी के मुख्य निवेश अधिकारी वरुण गुप्ता ने कहा कि एसएईएल समूह का लक्ष्य अगले दो साल तक सौर और अपशिष्ट-से-ऊर्जा परियोजनाओं को पांच गीगावाट तक पहुंचाना है। एसएईएल ग्रुप एक स्वतंत्र हरित ऊर्जा उत्पादक इकाई है।

# 151 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता की तैयारी : प्रह्लाद जोशी

नई दिल्ली, एजेंसी



- ऊर्जा मंत्री बोले- तीन-चार साल में 76.42 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता चालू होगी

केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि देश में 151 गीगावाट क्षमता की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। अगले तीन-चार साल में 76.42 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता चालू हो जाएगी।

जोशी ने शुक्रवार को दिल्ली में मेरकॉम इंडिया रिन्यूएबल्स समिट 2024' के सत्र में कहा कि सरकार नवीकरणीय ऊर्जा को प्राथमिकता देने के लिए कई पहल कर रही है। करीब 151 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं लागू की जा रही हैं और 76.42 गीगावाट तीन-चार साल में चालू हो जाएंगी। मंत्री ने कहा कि 76.42 गीगावाट क्षमता की परियोजनाओं के लिए निविदा प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी है। जोशी ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 2014 में 76 गीगावाट से 2.5 गुना बढ़कर जून 2024 तक 195 गीगावाट से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा क्षमता 2014 में केवल तीन गीगावाट थी। वह बढ़कर अब 85 गीगावाट से अधिक हो गई है, जबकि पवन ऊर्जा क्षमता 21 गीगावाट से बढ़कर 46 गीगावाट से अधिक हो गई। मेरकॉम कैपिटल ग्रुप के सीईओ राज प्रभु ने कहा, ''हालिया बोली प्रक्रिया एक शानदार पहल रही है। यदि सरकारी एजेंसियां अपने लक्ष्यों को हासिल करना जारी रखती हैं, और इस प्रक्रिया के तहत पीपीए/पीएसए (बिजली खरीद समझौता/बिजली आपूर्ति समझौता) पर हस्ताक्षर के जरिए नीलामी को अनिवार्य बनाती हैं तो हम आने वाले वर्षों में इसमें उल्लेखनीय वृद्धि देखेंगे।

# दिल्ली-एनसीआर में 60 रुपये किलो की दर से टमाटर बेचेगा एनसीसीएफ

नई दिल्ली, एजेंसी



टमाटर की कीमतों पर नियंत्रण के लिए भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) सोमवार से दिल्ली व एनसीआर में 60 रुपये प्रति किलो की दर पर टमाटर बेचेगा। यह कदम ऐसे समय उठाया गया जब उत्पादक केंद्रों में बारिश से आपूर्ति में व्यवधान से टमाटर की कीमतों में उछाल आया है।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार 27 जुलाई को दिल्ली में खुदरा टमाटर की कीमतें 77 रुपये प्रति किलो थीं, लेकिन कुछ क्षेत्रों में कीमतें 80 रुपये प्रति किलो से अधिक हो गई हैं। एनसीसीएफ ने कहा कि यह सुविधा 29 जुलाई को शुरू होगी और आने वाले दिनों में धीरे-धीरे दिल्ली-एनसीआर के अन्य स्थानों तक विस्तारित होगी। सब्सिडी वाले टमाटर कृषि भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी कॉलोनी, हौज खास, संसद मार्ग, आईएनए मार्केट और नोएडा, रोहिणी और गुरुग्राम के कई इलाकों सहित विभिन्न स्थानों पर उपलब्ध होंगे। यह हस्तक्षेप उपभोक्ताओं पर बढ़ती खाद्य कीमतों के प्रभाव को कम करने के लिए सरकार के प्रयासों को रेखांकित करता है।

# चीनी का एमएसपी बढ़ाने पर फैसला जल्द : खाद्य सचिव

## उद्योग निकायों ने एमएसपी 42 रुपये प्रति किलो तक बढ़ाने का किया है आग्रह

मुंबई, एजेंसी



- 2019 से चीनी का एमएसपी 31 रुपये प्रति किलो पर बना हुआ है
- 57 लाख से बढ़कर 58 लाख हेक्टेयर तक हो चुकी है गन्ने की बुवाई
- 2023-24 में चीनी उत्पादन 3.2 करोड़ टन होने का अनुमान है
- गत सत्र के 3.28 करोड़ टन कम, 2.7 करोड़ टन घरेलू मांग के लिए पर्याप्त

केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने शनिवार को कहा कि सरकार चीनी के न्यूनतम बिक्री मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी पर फैसला ले सकती है। ऑल इंडिया शुगर ट्रेड एसोसिएशन (एआईएसटीए) के सम्मेलन में उन्होंने कहा कि हम एमएसपी प्रस्ताव पर चर्चा कर रहे हैं। आने वाले दिनों में उम्मीद करते हैं कि हम कोई फैसला लेंगे।

गन्ना किसानों को दिए जाने वाले उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) में वार्षिक बढ़ोतरी के बावजूद, चीनी का एमएसपी 2019 से 31 रुपये प्रति किलो पर बना हुआ है। नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज (एनएफसीएसएफ) सहित उद्योग निकायों ने सरकार से बढ़ती उत्पादन लागत के बीच मिलों को संचालन बनाए रखने में मदद करने के लिए एमएसपी को 42 रुपये प्रति किलो तक बढ़ाने का आग्रह किया है। चोपड़ा ने कहा कि 2024-25 सत्र (अक्टूबर-सितंबर) के लिए चीनी उत्पादन आशाजनक दिख रहा है, जिसमें पिछले साल की समान अवधि के 57 लाख हेक्टेयर से बढ़कर अब तक 58 लाख हेक्टेयर तक गन्ने की बुवाई हो चुकी है। चीनी सत्र 2023-24 में चीनी उत्पादन 3.2 करोड़ टन होने का अनुमान है, जो पिछले सत्र के 3.28 करोड़ टन से कम है, लेकिन 2.7 करोड़ टन की घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। इससे पहले, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खाद्य सचिव ने कहा कि कृषि मंत्रालय विभिन्न उपज से एथनॉल बनाने के लिए पानी की जरूरतों का मूल्यांकन करने के लिए अनुसंधान कर रहा है। शुरुआती निष्कर्षों से पता चलता है कि मक्का और चावल के मुकाबले गन्ने से एथनॉल बनाने के लिए कम पानी की जरूरत होती है।




# मनु भाकर 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में

## 580 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में तीसरा स्थान हासिल किया, पदक के लिए शीर्ष आठ क्वालीफायर से मुकाबला

पेरिस, एजेंसी

- बेहद कम अंतर से निशानेबाज सरबजोत मेडल राउंड से चूके
- मजबूत शुरुआत के बावजूद चीमा का प्रदर्शन रहा खराब



भारत की शीर्ष निशानेबाज मनु भाकर ने शनिवार को पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। भाकर ने अपनी छह श्रृंखलाओं में सटीक निशानेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 580 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में तीसरा स्थान हासिल किया। उनके 97, 97, 98, 96, 96 और 96 के स्कोर ने उन्हें लगातार शीर्ष पर बनाए रखा।

अब वह रविवार को दोपहर साढ़े तीन बजे पर स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। दूसरी ओर रिदम सांगवान फाइनल में नहीं पहुंचे और उन्हे 15वें स्थान पर संतोष करना पड़ा। 97 के स्कोर के साथ एक ठोस शुरुआत के बावजूद, सांगवान को असंगतता से जूझना पड़ा, जिसमें दूसरी श्रृंखला में कम 92 भी शामिल था। फाइनल की तैयारी के दौरान भाकर पर सभी का ध्यान रहेगा, उनका लक्ष्य पदक जीतना और दुनिया के शीर्ष निशानेबाजों में से एक के रूप में अपनी प्रतिष्ठा बढ़ाना है। हंगरी की वेरोनिका मेजर सहित शीर्ष आठ क्वालीफायर फाइनल में स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

भारतीय निशानेबाज सरबजोत सिंह शनिवार को पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में पदक राउंड के लिए क्वालीफाई करने के बेहद करीब पहुंच गए, लेकिन बेहद कम अंतर के कारण अंततः उन्हें पोडियम पर जगह नहीं मिल पाई। सिंह ने असाधारण कौशल और फोकस का प्रदर्शन करते हुए अपनी एक श्रृंखला में 100 के पूर्ण स्कोर के साथ उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।

इस प्रभावशाली उपलब्धि के बावजूद, उनकी अंतिम श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण गलती महंगी साबित हुई। वह मेडल टेली में नौवें स्थान पर रहे और फाइनल में मात्र एक अंक से चूक गये। अंतिम परिणाम में सिंह जर्मनी के रॉबिन वाल्टर के साथ बराबरी पर रहे। वाल्टर के अतिरिक्त इनर-10 ने उन्हें बढ़त दिला दी, जिससे सिंह पदक की दौड़ से बेहद कम अंतर से बाहर हो गए। सिंह के साथी अर्जुन सिंह चीमा को भी पूरे आयोजन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मजबूत शुरुआत के बावजूद, चीमा का प्रदर्शन खराब हो गया, खासकर चौथी सीरीज में, जिससे रैंकिंग में काफी गिरावट आई। उन्होंने प्रतियोगिता का समापन 18वें स्थान पर किया और अंतिम राउंड से चूक गए। यह परिणाम भारतीय निशानेबाजी दल के लिए एक बड़ा झटका था, जिसकी सिंह और चीमा पर बहुत उम्मीदें टिकी थीं। हालांकि, यह जोड़ी अब मिश्रित टीम स्पर्धा पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

## दूसरे दिन भारत के मुकाबले

**बैडमिंटन :** महिला एकल (ग्रुप चरण) : पीवी सिंधू बनाम एफएन अब्दुल रज्जाक (मालदीव), दोपहर 12 :50 बजे से

**पुरुष एकल (ग्रुप चरण) :** एचएस प्रणय बनाम फैबियान रोथ (जर्मनी), रात आठ बजे

**निशानेबाजी :** महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल क्वालीफिकेशन : इलावेनिल वलारिवन, दोपहर 12 .45 बजे

**पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल क्वालीफिकेशन :** संदीप सिंह और अर्जुन बाबूता, दोपहर 2 .45 बजे

**महिला 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल :** मनु भाकर, दोपहर 3 .30 बजे

**नौकायन :** पुरुष एकल स्कल (रेपेचेज दो) : बलराज पंवार, दोपहर 1 .18 बजे

**टेबल टेनिस :** महिला एकल (दूसरा दौर) : श्रीजा अकुला बनाम क्रिस्टीना कालबर्ग (स्वीडन) – दोपहर 12 .15 बजे से

**महिला एकल (दूसरा दौर) :** मनिका बत्रा बनाम अन्ना हर्से (ग्रेट ब्रिटेन) – दोपहर 12 .15 बजे से

**पुरुष एकल (दूसरा दौर) :** शरथ कमल बनाम डेनी कोजुल (स्लोवेनिया) – दोपहर 3 .00 बजे से

**तैराकी :** पुरुषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक (हीट 2) : श्रीहरि नटराज – दोपहर 3 .16 बजे

**महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल (हीट 1) :** धीनिधि देसिंगु – दोपहर 3 .30 बजे

**तीरंदाजी :** महिला टीम (क्वार्टर फाइनल) : भारत (अंकिता भक्त, भजन कौर और दीपिका कुमारी) बनाम फ्रांस/नीदरलैंड – शाम 5 .45 बजे

**महिला टीम (सेमीफाइनल) :** शाम 7 .17 बजे से

**महिला टीम (पदक चरण के मैच) :** रात 8 .18 बजे से।

## खेल डायरी

### नौकायन : भारत के बलराज पंवार रेपेचेज में पहुंचे

**चेटेरोक्स (फ्रांस)।** पेरिस ओलंपिक में हिस्सा ले रहे भारत के एकमात्र नौकायन (रोइंग) खिलाड़ी बलराज पंवार शनिवार को यहां पुरुष एकल स्कल स्पर्धा की पहली हीट (शुरुआती रेस) में चौथे स्थान पर रहे और अब रेपेचेज में हिस्सा लेंगे। 25 साल के बलराज पंवार ने सात मिनट 7 .11 सेकेंड का समय लिया। बलराज पंवार न्यूजीलैंड के थॉमस मैकिनटोश (छह मिनट 55 .92 सेकेंड), स्टीफानोस एनतोस्कोस (सात मिनट 1 .79 सेकेंड) और अब्देलखालेक एलबाना (सात मिनट 5 .06 सेकेंड) से पीछे रहे। प्रत्येक हीट से शीर्ष तीन प्रतिभागियों ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। रेपेचेज के जरिए बलराज पंवार को सेमीफाइनल या फाइनल में जगह बनाने का दूसरा मौका मिलेगा।

### जॉर्जिया की निशानेबाज सालुकवाजे का 10वां ओलंपिक

**चेटोरॉक्स (फ्रांस)।** जॉर्जिया की निशानेबाज नीनो सालुकवाजे कॅरियर में दस ओलंपिक खेलने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गईं जो पहले सोवियत संघ के लिए खेलती थीं। सालुकवाजे ने 1988 से हर ओलंपिक खेला है। उन्होंने 1988 में 19 वर्ष की उम्र में स्वर्ण पदक जीता था। वह पेरिस ओलंपिक में जॉर्जिया के लिए दस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में उतरीं। वह पिछले आठ ओलंपिक वह जॉर्जिया के लिये खेली हैं।

### स्पेन के रूडी फर्नांडेज का छठा ओलंपिक

**विलनोवडास्क (फ्रांस)।** स्पेन के रूडी फर्नांडेज छह ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले पहले पुरुष बास्केटबॉल खिलाड़ी बन गए हैं। इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने पेरिस ओलंपिक में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ स्पेन की ओर से उतरकर यह उपलब्धि हासिल की। सोमवार को जब अमेरिका की महिला टीम जापान के खिलाफ उतरेगी तो डायना टोरासी भी छह ओलंपिक में खेलने वाली पहली महिला बास्केटबॉल खिलाड़ी बन जाएंगी।

### द. कोरिया का गलत परिचय कराने पर मांगी माफी

**पेरिस।** ओलंपिक खेलों के आयोजकों ने कहा कि वे पेरिस में उद्घाटन समारोह के दौरान द. कोरिया के खिलाड़ियों को उत्तर कोरिया के रूप में पेश करने के लिए तहे दिल से माफी मांगते हैं। समारोह के दौरान शुक्रवार शाम जैसे ही दक्षिण कोरिया के दल ने सीन नदी में तैरती एक नाव पर अपने देश का झंडा लहराया, तो उन्हें फ्रेंच और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (उ. कोरिया) घोषित किया गया। द. कोरिया को कोरिया गणराज्य के तौर पर जाना जाता है।

### बारिश का खलल, स्केटबोर्डिंग की स्पर्धाएं स्थगित

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक के शुरू होने के बाद बारिश सबसे बड़ा चर्चा का विषय बन गयी है, जिसके कारण शनिवार को यहां स्केटबोर्डिंग की स्पर्धाएं स्थगित करनी पड़ी। स्केटबोर्डिंग की स्पर्धाएं पेरिस के बाहरी क्षेत्र ला कॉनकॉर्ड अर्बन पार्क में होंगी। इस खेल की विश्व संस्था ने बताया कि मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण शनिवार को होने वाली स्पर्धाओं को स्थगित करना पड़ा। पुरुषों की स्ट्रीट स्केटबोर्डिंग शनिवार को आयोजित की जानी थी लेकिन अब इसे सोमवार तक स्थगित कर दिया गया है। महिलाओं की स्पर्धा रविवार को होगी। पेरिस में लगातार हो रही बारिश के कारण शुक्रवार को उद्घाटन समारोह भी प्रभावित हुआ था।

## बैडमिंटन: चिराग-सात्विक, लक्ष्य सेन की जीत



**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक में पदक के दावेदार सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग सेन की जोड़ी ने पुरुष युगल स्पर्धा में पहले दौर में शनिवार को आसान जीत दर्ज की जबकि पदार्पण कर रहे लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल स्पर्धा में जीत के साथ शुरुआत की। लक्ष्य ने ग्रुप एल में दुनिया के 41वें नंबर के खिलाड़ी केविन कोर्डन को सीधे गेम में हराया। दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य को गुआटेमाला के केविन ने दूसरे गेम में कड़ी टक्कर दी लेकिन भारतीय खिलाड़ी 42 मिनट में 21-8, 22-20 से जीत दर्ज करने में सफल रहा। वहीं पुरुष युगल में सात्विक और चिराग ने 46 मिनट तक चले मुकाबले में फ्रांस के लुकास कोरवी और रोनान लाबार को 21-17, 21-14 से हराया। लक्ष्य ने मुकाबले की शानदार शुरुआत करते हुए लगातार पांच अंक जुटाकर 5-0 की बढ़त बनाई। भारतीय खिलाड़ी ब्रेक तक 11-2 से आगे था। ब्रेक के बाद भी लक्ष्य ने दबदबा बनाए रखा और स्कोर 18-5 तक पहुंचाया। लक्ष्य ने 19-8 के स्कोर पर क्रॉस कोर्ट स्मैश के साथ 12 गेम प्वाइंट हासिल किए और फिर केविन ने कोर्ट से बाहर शॉट मारकर पहला गेम भारतीय खिलाड़ी की झोली में डाल दिया। केविन ने दूसरे गेम में बेहतर शुरुआत करते हुए 4-1 की बढ़त बनाई। केविन लक्ष्य की गलतियों का फायदा उठाते हुए ब्रेक तक 11-6 से आगे हो गए।

## टेबल टेनिस: हरमीत पुरुष एकल के दूसरे दौर में पहुंचे



**पेरिस।** अनुभवी भारतीय खिलाड़ी हरमीत देसाई शनिवार को यहां जॉर्डन के जैद अबो यमन पर 4-0 की शानदार जीत के साथ ओलंपिक पुरुष एकल टेबल टेनिस प्रतियोगिता के दूसरे दौर में पहुंच गए। ओलंपिक खेलों में पदार्पण कर रहे हरमीत ने विश्व रैंकिंग में 538वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी के खिलाफ महज 30 मिनट में 11-7 11-9 11-5 11-5 की जीत के साथ शानदार आगाज किया। विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल 31 साल के हरमीत 2018 और 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीमों का हिस्सा रहे हैं। जॉर्डन के प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उन्हें लय में आने में ज्यादा समय नहीं लगा। शुरुआती गेम को आसानी से जीतने के बाद दूसरे गेम में उन्हें कड़ी टक्कर मिली लेकिन अगले दो गेम को उन्होंने आसानी से अपने नाम कर मुकाबला जीत लिया।

## निशानेबाजी: चीन को पहला स्वर्ण पदक

**पेरिस।** यूटिंग हुआंग और लिहाओ शेंग की चीन की जोड़ी ने शनिवार को यहां निशानेबाजी की मिश्रित टीम एयर राइफल स्पर्धा जीतकर पेरिस ओलंपिक का पहला स्वर्ण पदक जीता। यूटिंग और लिहाओ की जोड़ी ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में जिहयिओन केयुम और हाजुन पार्क की दक्षिण कोरिया की जोड़ी को 16-12 से हराया। जिहयिओन और हाजुन की जोड़ी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस स्पर्धा का कांस्य पदक एलेक्सांद्रा ली और इस्लाम सतपायेव की कजाखस्तान की जोड़ी के नाम रहा, जिन्होंने कांस्य पदक के मुकाबले में ऐना यानसेन और मैक्सिमिलियन उल्ब्रिच की जर्मनी की जोड़ी को 17-5 से शिकस्त दी।



# हॉकी टीम का जीत के साथ आगाज

पेरिस, एजेंसी




- भारतीय टीम का अगला मुकाबला 29 जुलाई को अर्जेंटीना से

आखिरी मिनटों में पेनल्टी स्ट्रोक पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह के गोल के दम पर तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम ने पेरिस में अपने अभियान का आगाज न्यूजीलैंड पर शनिवार को 3-2 से मिली रोमांचक जीत के साथ किया। एक गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए भारतीय टीम ने बढ़त बना ली थी लेकिन आखिरी सीटी बजने से सात मिनट पहले न्यूजीलैंड टीम ने 2-2 से बराबरी कर ली। भारत को 57वें से 58वें मिनट के बीच तीन पेनल्टी कॉर्नर और 59वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे हरमनप्रीत ने गोल में बदलकर युवेस डु मनोयेर स्टेडियम पर आये भारतीय समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ा दी।

न्यूजीलैंड के लिये सैम लेन (आठवां मिनट) ने पहला और साइमन चाइल्ड (53वां) ने दूसरा गोल किया जबकि भारत के लिये मनदीप सिंह (24वां मिनट), विवेक सागर प्रसाद (34वां मिनट) और हरमनप्रीत (59वां मिनट) ने गोल दागे। तोक्यो में 41 साल बाद ओलंपिक पदक जीतने वाली भारतीय टीम को 29 जुलाई को पूल बी के अगले मैच में रियो ओलंपिक चैम्पियन रही अर्जेंटीना से खेलना है।

# अल्काराज, जोकोविच स्वियातेक दूसरे दौर में

पेरिस, एजेंसी

सात सप्ताह पहले फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने वाले कार्लोस अल्काराज और इगा स्वियातेक ने रोलां गैरो में खेले जा रहे ओलंपिक टेनिस स्पर्धा में अपने अभियान का आगाज सीधे सेटों में जीत के साथ किया। बारिश के कारण छत को बंद करके इन मुकाबलों को खेला गया। स्वियातेक और अल्काराज की तरह नोवाक जोकोविच ने भी सीधे सेटों में जीत हासिल की।

फ्रेंच ओपन में तीन बार की गत चैंपियन और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी स्वियातेक ने रोमानिया की इरिना कैमेलिया बेगु को सीधे सेट में हराया। सात हफ्ते पहले रोलां गैरो पर चौथा फ्रेंच ओपन खिताब जीतने वाली पोलैंड की स्वियातेक ने बेगु को 6-2, 7-5 से शिकस्त दी। मौजूदा फ्रेंच ओपन और विंबलडन चैंपियन अल्काराज ने लेबनान के हेडी हबीब को 6-3, 6-1 से हराया। ओलंपिक में शीर्ष वरीयता प्राप्त सर्बिया के जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन को आसानी से 6-0, 6-1 से हराया। जून में फ्रेंच ओपन और दो हफ्ते पहले विंबलडन में उप विजेता रही इटली की जैस्मिन पाओलिनी पेरिस ओलंपिक खेलों में जीत दर्ज करने वाली पहली टेनिस खिलाड़ी बनीं जब उन्होंने रोमानिया की ऐना बोगडेन को 7-5, 6-3 से हराया।

# जरीन मुकाबले के लिए तैयार

**पेरिस।** भारतीय मुक्केबाज निखत जरीन पेरिस ओलंपिक में रविवार को नॉर्थ पेरिस एरिना में अपने पहले मुकाबले के लिए तैयार हैं। दो बार की विश्व चैंपियन जरीन को ट्रायल में मैरी कॉम से हारने के बाद टोक्यो 2020 ओलंपिक से बाहर कर दिया गया था। उन्होंने तब से दो विश्व खिताब, एक राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण और पिछले साल के एशियाई खेलों में एक कांस्य पदक हासिल किया है। जरीन अपने अभियान की शुरुआत जर्मनी की मैक्सी कैरिना क्लोएत्ज़र के खिलाफ़ राउंड ऑफ़ 32 में मुक़ाबले से करेंगी। सफल प्रदर्शन के बाद राउंड ऑफ़ 16 में उनका मुक़ाबला चीन की वू यू से हो सकता है। 50 किग्रा भार वर्ग में मौजूदा विश्व चैंपियन ज़रीन के सामने कड़ी चुनौती है।

# आठवें खिताब के लिए उतरेगी टीम इंडिया

**महिला टी20 एशिया कप**

दाम्बुला, एजेंसी

- भारतीय टीम लगातार जीत के साथ फाइनल में पहुंची है
- हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली टीम का मुकाबला श्रीलंका से



एशिया कप टी20 के फाइनल में पहुंची हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली भारतीय महिला टीम रविवार को मेजबान श्रीलंका के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसका इरादा जीत हासिल कर लगातार आठवीं बार प्रतिष्ठित ट्राफी को घर लाना होगा। चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मैच के साथ टूर्नामेंट का आगाज करने वाली भारतीय टीम लगातार जीत के साथ फाइनल में पहुंची है।

हरमनप्रीत की सेना ने अब तक पाकिस्तान को सात विकेट, संयुक्त अरब अमीरात को 78 रन और नेपाल को 82 रन से धूल चटाई है जबकि सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने बांग्लादेश को 10 विकेट से धो दिया था। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने बल्ले से धाकड़ प्रदर्शन कर भारत को तेज शुरुआत दिलायी है। वहीं दीप्ति शर्मा और रेणुका सिंह ने नियमित अंतराल पर विकेट चटकाकर विपक्षी टीम के जीत के मंसूबों पर पानी फेरा है। दीप्ति ने टूर्नामेंट में अभी तक सर्वाधिक नौ विकेट लिए हैं जबकि रेणुका के खाते में अब तक सात विकेट आये हैं। बल्लेबाजी में कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स को अब तक हाथ खोलने के लिये पर्याप्त मौका नहीं मिला है। मेजबान टीम होने के नाते श्रीलंका के पास दर्शकों का अपार समर्थन होगा। वहीं अकेले दम पर मैच जिताने वाली चमारी अटापट्टे की शानदार फार्म भारत के लिये खतरे का सबब बन सकती है। श्रीलंकाई कप्तान ने मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक 243 रन बनाए हैं।

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेट कीपर), उमा छेत्री (विकेट कीपर), पूजा वस्त्रकार, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, सजाना सजीवन।

**श्रीलंका :** चमारी अटापट्टू (कप्तान), अनुष्का संजीवनी, हर्षिता समरविक्रमा, हासिनी परेरा, अमा कंचना, उदेशिका प्रबोदानी, विशमी गुणरथने, काव्या कविंदी, इनोशी प्रियदर्शनी, सुगंधिका कुमारी, अचिनी कुलसूर्या, कवीशा दिलहारी, नीलाक्षी डी सिल्वा, सचिनी निसानसाला, शशिनी गिम्हानी।

# घोड़े के साथ बर्ताव पर ब्राजील के राइडर को मिली चेतावनी

**वर्सलीज (फ्रांस)।** घुड़सवारी की संचालन संस्था ने शनिवार को ब्राजील के राइडर कार्लोस पैरो को अपने घोड़े सफीरा की गर्दन ज्यादा मोड़कर उसे असुविधा पहुंचाने के लिए चेतावनी जारी की। संगठन पेटा से शुक्रवार पत्र और फोटो मिलने के बाद घुड़सवारी खेल महासंघ (एफईआई) ने यह चेतावनी जारी की। महासंघ के अध्यक्ष इंगमार डी वोस को ये फोटो भेजी गईं जिसमें पैरो अपने घोड़े की गर्दन ज्यादा मोड़ते हुए दिख रहे हैं और ऐसा करना प्रतिबंधित है क्योंकि इससे घोड़े को सांस लेने में परेशानी होती है। एफआई ने एक बयान में कहा, एफईआई अधिकारियों ने पैरो को एक पीला चेतावनी कार्ड जारी किया है क्योंकि इस हरकत से घोड़े को अनावश्यक असुविधा हुई होगी। साथ ही मैदान पर मौजूद जूरी ने एथलीट और ब्राजील के दल प्रमुख को इसके बारे में बताया है।

# भारत ने श्रीलंका को 43 रनों से रौंदा

पल्लेकल, एजेंसी

- भारत ने कप्तान सूर्यकुमार ने आक्रामक 58 रनों की पारी खेली



सूर्यकुमार यादव

कप्तान सूर्यकुमार यादव (58) और ऋषभ पंत (49) की शानदार पारियों के बाद रियान पराग (पांच रन देकर तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारत ने शनिवार को पहले टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को 43 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

214 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की पथुम निसंका और कुसल मेंडिस की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए 84 रन जोड़े।नौवें ओवर में अर्शदीप सिंह ने कुसल मेंडिस को जयसवाल के हाथों कैच आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। मेंडिस ने 27 गेंदों में 45 रन बनाये। जीत की ओर बढ़ रही श्रीलंका को 15वें ओवर में अक्षर पटेल ने पतुम निसंका को बोल्ड कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। निसंका ने 48 गेंदों में सात चौके और चार छक्के लगाते हुये 79 रनों की पारी खेली। इसके बाद अक्षर ने कुसल परेरा (20) और रियान ने कामिंडु मेंडिस (12) को आउट कर श्रीलंका की पारी की कमर तोड़ दी। इसके बाद तो तीन बल्लेबाज शून्यू और दो बल्लेबाज 2-2 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। मतीशा पतिराणा ने छह रन बनाये। श्रीलंका की पारी टीम 19.2 ओवर में 170 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से रियान पराग ने 1.2 ओवर में पांच रन देकर तीन विकेट लिये। अक्षर पटेल और अर्शदीप सिंह को दो-दो विकेट मिले। मोहम्मद सिराज और रवि बिश्नोई ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां श्रीलंका ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका को जीत के लिये 214 रनों का लक्ष्य दिया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## बचाव अभियान



महाराष्ट्र के सांगली जिले में भीषण बारिश के कारण कृष्णा नदी उफान पर है। जिस कारण शहरों में पानी घुस गया। भारतीय सेना एक दल नाव पर सवार होकर प्रभावित क्षेत्र में बचाव और राहत अभियान चलाता हुआ।

## हमले के दौरान ट्रंप के कान पर वास्तव में गोली लगी थी : एफबीआई

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप पर करीब दो सप्ताह पहले हुए हमले को लेकर लगाई जा रही अटकलों पर विराम लगाते हुए संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने शुक्रवार को इस बात की पुष्टि की कि पेनसिल्वेनिया में रैली के दौरान अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति के कान पर वास्तव में गोली लगी थी। एफबीआई ने एक बयान में कहा कि हमलावर की रायफल से चली पूरी गोली या छर्रा पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के कान पर लगा था। दरअसल, एफबीआई के निदेशक क्रिस्टोफर रे ने इस सप्ताह की शुरुआत में हमले को लेकर कुछ अस्पष्ट टिप्पणियां की थीं, जिससे इस बात को लेकर अटकलें लगने लगी थीं कि क्या ट्रंप को वास्तव में गोली लगी थी। जिसको लेकर ट्रंप व सहयोगियों ने नाराजगी जताई थी।

### हैरिस ने कहा- राष्ट्रपति चुनाव जीतने के लिए कड़ी मेहनत करूंगी

# आधिकारिक तौर पर कमला हैरिस उम्मीदवार घोषित

**वाशिंगटन, एजेंसी**



उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने शनिवार को अपने फॉर्म पर हस्ताक्षर कर अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की आधिकारिक रूप से घोषणा की और विश्वास व्यक्त किया कि वह 5 नवंबर को होने वाले चुनाव में जीत हासिल करेंगी।

भारतीय-अफ्रीकी मूल की कमला हैरिस (59) ने कहा वोट हासिल करने के लिए वह कड़ी मेहनत करेंगी। डेमोक्रेटिक पार्टी की संभावित उम्मीदवार ने पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपने चुनावी मुकाबले का जिक्र करते हुए कहा नवंबर में हमारा जन-संचालित अभियान जीतेगा। राष्ट्रपति जो बाइडेन (81) ने रविवार को घोषणा की थी कि वह राष्ट्रपति पद का आगामी चुनाव नहीं लड़ेंगे। इसके साथ ही उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार के तौर पर उपराष्ट्रपति हैरिस के नाम का अनुमोदन किया था। यदि हैरिस पांच नवंबर को राष्ट्रपति बाइडन की उत्तराधिकारी के रूप में निर्वाचित होती हैं, तो वह न केवल पहली अमेरिकी महिला राष्ट्रपति होंगी, बल्कि पहली भारतीय-अमेरिकी, पहली एशियाई, पहली अश्वेत महिला और जमैका मूल की पहली व्यक्ति होंगी, जो इस पद पर पहुंचेंगी। इस बीच, किसी अन्य डेमोक्रेट ने राष्ट्रपति पद की दौड़ के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा नहीं की है। डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी द्वारा बुधवार को अपनाए गए नए नियमों के अनुसार, उम्मीदवार का चयन एक अगस्त को किया जाएगा और उम्मीदवार के पास उपराष्ट्रपति चुनने के लिए सात अगस्त तक का समय होगा। हैरिस उपराष्ट्रपति चुने जाने से पहले कैलिफोर्निया से सीनेटर थीं।

### हैरिस अमेरिकी इतिहास में सबसे खराब राष्ट्रपति होंगी : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका में नवंबर में प्रस्तावित राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेटिक पार्टी की दावेदारी की दौड़ में शामिल कमला हैरिस पर हमला तेज करते हुए कहा कि अगर वह निर्वाचित हुईं तो अमेरिका के इतिहास में सबसे खराब उदारवादी राष्ट्रपति साबित होंगी। निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन (81) के राष्ट्रपति पद की दौड़ से पीछे हटने के बाद अब उपराष्ट्रपति हैरिस (59) डेमोक्रेटिक पार्टी की संभावित प्रत्याशी हैं। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप (78) ने हैरिस को आव्रजन और गर्भपात के मुद्दों पर जरूरत से ज्यादा उदार बताया।

## एक नजर

### पाकिस्तान में 38 संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने पंजाब प्रांत में 38 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है जिनमें से अधिकतर इस्लामिक स्टेट (आईएस) और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े हैं। पंजाब पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने कहा कि उसने पिछले सप्ताह पंजाब में 2,500 से अधिक तलाशी अभियान चलाए और लोधरान, रहीम यार खान तथा बहावलपुर से 38 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया।

### डॉ. नीरज की लेबर पार्टी की कार्यकारी समिति में नियुक्ति

**लंदन।** लंदन बरो ऑफ लैम्बेथ के पूर्व मेयर डॉ. नीरज पाटिल को ब्रिटेन की सत्तारूढ़ लेबर पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति में नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय कार्यकारी समिति, लेबर पार्टी में निर्णय लेने वाली इकाई है। लेबर पार्टी के महासचिव डेविड इवांस ने पिछले सप्ताह एक पत्र के जरिये पाटिल को राष्ट्रीय कार्यकारी समिति (एनईसी) में नियुक्ति किये जाने की पुष्टि की। लेबर पार्टी को नियंत्रित करने वाली एनईसी में 39 सदस्य हैं, जिनमें प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि, सांसद और पार्टी के सदस्य भी शामिल हैं।

### इराक में तुर्की के हवाई हमले में कुर्दिश के 25 ठिकानें नष्ट

**अंकारा।** तुर्की सेना ने उत्तरी इराक में हवाई हमले करके प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के 25 ठिकानों को नष्ट कर दिया है । तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि हवाई हमलों का उद्देश्य तुर्की सुरक्षा बलों के खिलाफ हमलों को विफल करना और देश की सीमा सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### जापान की सोने की खदान सांस्कृतिक विरासत घोषित

**तोक्यो।** जापान स्थित विवादास्पद साडो सोना खदान को यूनेस्को विश्व विरासत समिति ने शनिवार को एक सांस्कृतिक विरासत स्थल के रूप में पंजीकृत करने का फैसला किया। इससे पहले जापान ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान कोरियाई मजदूरों के उत्पीड़न के काले इतिहास को प्रदर्शित करने पर सहमति जताई थी। यह फैसला जापान और दक्षिण कोरिया के बीच बेहतर होते संबंधों का संकेत है। यह खदान 400 वर्षों तक सक्रिय थी और 1989 में बंद होने से पहले बड़े सोना उत्पादक खदानों में से एक था।

# कूटनीति, संवाद से रुकेंगे संघर्ष

## आसियान की बैठक में भारत ने गाजा-यूक्रेन में चल रहे संघर्ष को समाप्त करने पर दिया जोर

**वियनतियाने (लाओस), एजेंसी**

भारत ने युद्धग्रस्त गाजा में तनाव कम करने और संयम बरतने का आह्वान करने के साथ यूक्रेन में संघर्ष को समाप्त करने के लिए बातचीत और कूटनीति के महत्व पर शनिवार को जोर दिया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) की बैठकों के तहत लाओस की राजधानी में 14वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) के विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए गाजा और यूक्रेन संघर्षों पर भारत के रुख पर प्रकाश डाला।

जयशंकर ने ईएएस प्रक्रिया, भारत की एक्ट ईस्ट नीति के एक दशक और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की शांति एवं स्थिरता के लिए खुले समुद्री मार्ग के महत्व को रेखांकित करने के साथ दुनिया के दो सबसे गंभीर संघर्षों इजराइल-फलस्तीन और यूक्रेन-रूस के मुद्दों पर चर्चा की। भारत फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता देना जारी रखे हुए है। लाल सागर में वाणिज्यिक जहाजों पर हमले चिंताजनक हैं। भारत समुद्री नौवहन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में स्वतंत्र रूप से योगदान दे रहा है। भारत ने 15 जुलाई को फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) को उसके मुख्य कार्यक्रमों और सेवाओं में सहयोग के लिए 25 करोड़ अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया। यह भारत द्वारा प्रतिवर्ष दिए जाने वाले कुल 50 लाख अमेरिकी डॉलर की पहली किस्त थी। कई मंचों पर भारत ने गाजा के लिए द्वि-राष्ट्र समाधान का समर्थन और मानवीय आधार पर गाजा में तनाव कम करने एवं संयम बरतने का आह्वान किया है।



आसियान की बैठक के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री से मिलते जयशंकर।

### मोदी ने की थी जेलेंसकी और पुतिन से मुलाकात

जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की। भारत हरसंभव तरीके से योगदान देने के लिए तैयार है। जून में मोदी ने इटली में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान जेलेंस्की से मुलाकात की थी। बाद में प्रधानमंत्री ने रूस की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान मॉस्को में राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की। जयशंकर ने कहा ईएएस हमें ऐसे समय में साथ लाने में महत्वपूर्ण है जब मतभेद तीखे हैं और हित विविध हैं। भारत हमेशा ईएएस प्रक्रिया के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग रहेगा।

### सभी तरह के आतंकवाद का मजबूती से हो मुकाबला : जयशंकर

**लाओस।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से सभी तरह के आतंकवाद का पूरी मजबूती से मुकाबला करने और आतंकी पनाहगाहों तथा आतंकवाद के वित्तपोषण नेटवर्क को नष्ट करने का आह्वान किया। जयशंकर ने यह टिप्पणी लाओस की राजधानी वियनतियाने में 31वें आसियान क्षेत्रीय मंच (एआरएफ) में की। उन्होंने अपने संबोधन के बारे में एक्स पर पोस्ट किया सभी तरह के आतंकवाद से लड़ने को लेकर प्रतिबद्ध रहें, आतंकी पनाहगाहों और संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवाद के वित्तपोषण नेटवर्क को नष्ट करें तथा साइबर अपराध से निपटें। एआरएफ बदलाव ला सकता है। कोविड, संघर्ष और जलवायु आज दुनिया में व्याप्त समस्याओं को उजागर करते हैं।, समाधान केवल सहयोग – आर्थिक, राजनीतिक, तकनीकी और संपर्क के माध्यम से ही निकल सकते हैं।

## लाओस ने जारी किया रामलला पर डाक टिकट

**वियनतिएन।** दक्षिण पूर्वी एशिया के देश लाओस ने भारत के साथ अपने सभ्यतागत जुड़ाव को प्रदर्शित करते हुए विश्व का पहला ऐसा डाक टिकट जारी किया है जिसमें अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में विराजित रामलला की प्रतिमा दर्शाई गई है। लाओ पीडीआर की राजधानी वियनतिएन में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और लाओ पीडीआर के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री सेलुमक्से कोमासिथ ने ये विशेष स्मारक डाक टिकट जारी किये।

डॉ. जयशंकर आसियान-भारत मंत्रिस्तरीय सम्मेलन, पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के विदेश मंत्रियों की बैठक और आसियान क्षेत्रीय मंच की बैठक के लिए वियनतिएन की यात्रा पर हैं। लाओ पीडीआर और भारत के बीच गहरे सभ्यतागत जुड़ाव को दर्शाने वाले दो टिकटों के इस स्टांप सेट में लाओस की प्राचीन राजधानी लुआंग प्रबांग शहर के भगवान बुद्ध और भगवान राम की पवित्र राजधानी अयोध्या के भगवान श्री राम को दर्शाया गया है। बौद्ध धर्म के संबंधों ने सहस्राब्दियों से भारत और लाओ पीडीआर को एक साथ बांध रखा है। रामायण के लाओ संस्करण को रामकियेन या फ्रा लाक फ्रा राम की कहानी कहा जाता है।

# अमेरिकी मिसाइल की तैनाती पर फिलीपींस को चेतावनी

**वियनतियाने, एजेंसी**

- चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने फिलीपींस के विदेश सचिव एनरिक मनालो से की मुलाकात



चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने शुक्रवार को फिलीपींस के विदेश सचिव एनरिक मनालो से मुलाकात की और अमेरिकी मध्यवर्ती मिसाइल प्रणाली की तैनाती पर फिलीपींस को चेतावनी दी। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य वांग ने कहा कि चीन और फिलीपींस समुद्र पार करीबी और अच्छे पड़ोसी हैं और पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग और आम विकास दोनों देशों के बुनियादी हितों में हैं। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में चीन-फिलीपींस संबंधों के सकारात्मक और नकारात्मक सबक ने बार-बार साबित किया है कि अच्छे संबंध बनाना आसान नहीं है, लेकिन उन्हें समाप्त करना आसान है।

वांग ने कहा कि वर्तमान में चीन-फिलीपींस संबंध गंभीर कठिनाइयों और चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, जो इस तथ्य में निहित हैं कि फिलीपींस पक्ष ने बार-बार दोनों पक्षों की सहमति और अपनी प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन किया है। वांग ने कहा कि चीन इस बारे में गंभीर रूप से चिंतित है और इसका कड़ा विरोध करता है। उन्होंने कहा कि अगर फिलीपींस अमेरिकी मध्यवर्ती मिसाइल प्रणाली अपनाता है, तो यह क्षेत्रीय तनाव और टकराव उत्पन्न करेगा, जिससे हथियारों की दौड़ शुरू हो जाएगी।

### चीन-फिलीपींस संबंध अब एक चौराहे पर

चीनी विदेश मंत्री ने कहा कि फिलीपींस को अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करना और अपनी स्थिति को बदलने से बचना महत्वपूर्ण है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो चीन निश्चित रूप से इसका कड़ा जवाब देगा। वांग ने कहा कि चीन-फिलीपींस संबंध अब एक चौराहे पर हैं और बातचीत और परामर्श के अलावा संघर्ष और टकराव से बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि फिलीपींस चीन-फिलीपींस संबंधों के भविष्य के बारे में गंभीरता से विचार करेगा।

## अरबपतियों पर कर लगाने पर सहमत हुए जी20 देशों के वित्त मंत्री

**रियो डि जिनेरियो।** दुनिया के शीर्ष विकसित और विकासशील देशों के वित्त मंत्री अरबपतियों पर प्रभावी ढंग से कर लगाने के प्रस्ताव पर शुक्रवार को सहमत हुए। एक संयुक्त मंत्रिस्तरीय घोषणापत्र में यह जानकारी दी गई है। रियो डि जिनेरियो में जी20 देशों के वित्त मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक के बाद जारी घोषणापत्र में कहा गया है कर संप्रभुता के प्रति पूर्ण सम्मान के साथ, हम सहयोगात्मक रूप से यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि अरबपतियों पर प्रभावी रूप से कर लगाया जाए। ब्राजील ने रियो डि जिनेरियो में 18-19 नवंबर को प्रस्तावित जी20 शिखर सम्मेलन से पहले अरबपतियों पर न्यूनतम दो फीसदी संपत्ति कर लगाने का प्रस्ताव रखा है।

# तोड़फोड़ के बाद फ्रांस में रेल नेटवर्क आंशिक रूप से बहाल

**पेरिस, एजेंसी**



- ओलंपिक खेलों से चंद घंटे पहले प्रमुख रेल मार्गों पर तोड़फोड़ और आगजनी हुई थी

फ्रांस में रेल कंपनी एसएनसीएफ ने शनिवार को कहा कि सीन नदी पर ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह से पहले तीन प्रमुख रेल मार्गों पर तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं से ठप पड़ी हाई स्पीड रेल सेवा को आंशिक रूप से बहाल करने में उसे सफलता प्राप्त हुई।

एसएनसीएफ ने कहा कि उसके मजदूरों ने पेरिस जाने वाले उत्तर, पूर्व और पश्चिम के क्षतिग्रस्त रेल मार्गों को ठीक करने के लिए प्रतिकूल मौसम के बीच पूरी रात काम किया। कंपनी ने कहा कि शनिवार सुबह पूर्वी हाई स्पीड मार्ग पर सामान्य सेवा बहाल कर दी गयी। एसएनसीएफ ने कहा उत्तर ब्रिटेन और दक्षिण-पश्चिम हाई स्पीड मार्ग पर औसतन 10 में से सात ट्रेनें एक से दो घंटे की देरी से दौड़ रही हैं। कंपनी ने कहा कि रविवार को उत्तर मार्ग पर रेल यातायात बाधित रहेगा लेकिन अगले सप्ताहांत तक अटलांटिक मार्ग पर स्थिति में सुधार होने की उम्मीद है। कंपनी के मुताबिक, ग्राहकों से उनकी ट्रेनों के चलने की पुष्टि करने के लिए टेक्स्ट संदेश और ईमेल के माध्यम से संपर्क किया जा रहा है।

## अजीत डोभाल ने सीमा क्षेत्र में शांति व स्थिरता पर की चर्चा

**नेपीता।** एनएसए अजित डोभाल ने म्यांमा के प्रधानमंत्री सीनियर जनरल मिन आंग ह्लाइंग से मुलाकात की और सीमा क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बनाने के उपायों पर चर्चा की। डोभाल म्यांमा में बिम्सटेक के सदस्य देशों के सुरक्षा प्रमुखों की चौथी वार्षिक बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन काउंसिल के अध्यक्ष ह्लाइंग ने डोभाल का अपने कार्यालय में स्वागत किया। बैठक में ह्लाइंग और डोभाल ने भारत और म्यांमा के बीच मैत्री संबंधों व सहयोग, म्यांमा की राजनीतिक प्रगति, स्वतंत्र व निष्पक्ष लोकतांत्रिक आम चुनाव कराने की तैयारियों और सीमा क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता के लिए उपायों पर विचार साझा किए।

# नेतन्याहू ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप से की मुलाकात

**अमेरिका, एजेंसी**

- गाजा में संघर्ष विराम समझौते की दिशा में आगे बढ़ने को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पूर्व राष्ट्पति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की और गाजा में संघर्ष विराम समझौते की दिशा में आगे बढ़ने को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

इजराइली प्रधानमंत्री की अमेरिका की यात्रा अब खत्म होने वाली है और इस यात्रा के दौरान उन्हें इजराइल-हमास युद्ध के समर्थन को लेकर अमेरिका में बढ़ते मतभेदों का भी सामना करना पड़ा। नेतन्याहू ने फ्लोरिडा के मार-ए-लागो में ट्रंप के निजी आवास पर उनसे मुलाकात की। दोनों नेताओं ने चार साल बाद पहली बार मुलाकात की। नेतन्याहू ने इस मुलाकात के बाद कहा कि वह चाहते हैं कि अमेरिका की मध्यस्थता में युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई का समझौता सफल रहे।

### हमारे बीच संबंध अच्छे : ट्रंप

ट्रंप ने नेतन्याहू का स्वागत करने के बाद एक सवाल के जवाब में कहा कि हमारे बीच हमेशा से अच्छे संबंध रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति ने बैठक में संकल्प लिया कि यदि वह राष्ट्रपति चुने गए तो वह पश्चिम एशिया में शांति लाने की कोशिश करेंगे।

## गाजा के स्कूल और अस्पताल पर हवाई हमले, 30 की मौत

**गाजा पट्टी।** इजराइली हवाई हमलों में शनिवार को मध्य गाजा में एक स्कूल और एक अस्पताल को निशाना बनाया गया। हमलों में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई। ये हमले ऐसे समय में हुए, जब फिलिस्तीन के वार्ताकार प्रस्तावित संघर्षविराम पर चर्चा के लिए अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थों से मिलने की तैयारी कर रहे थे। इजराइली हमले में दीर अल-बलाह में एक स्कूल में शरण लिए हुए कम से कम 30 लोग घायल हो गए। घायलों को अल अक्सा अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, इजराइली सेना ने कहा कि उसने हमास की कमान एवं नियंत्रण केंद्र को निशाना बनाया, जिसका इस्तेमाल हथियार रखने और हमलों की योजना बनाने के लिए किया जाता था।

## बॉलीवुड हलचल

# फिल्ममेकर सिनेमा के असली सितारे : कंगना



मुंबई। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत ने फिल्म निर्माताओं को सिनेमा का असली सितारा बताया है। निर्देशक आदित्य धर ने अपनी अगली फिल्म के लिए रणवीर सिंह, संजय दत्त, आर माधवन, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल के साथ अपने मेगा प्रोजेक्ट की घोषणा की है। इस फिल्म में पोस्टर में अभिनेता रणवीर सिंह,अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल के साथ निर्देशक आदित्य धर भी हैं। कंगना रनौत ने अभिनेताओं के साथ पोस्टर में निर्देशक आदित्य को शामिल करने के लिए निर्माताओं की सराहना की। कंगना ने एक्स पर इस प्रोजेक्ट की तारीफ करते हुए लिखा, इस घोषणा के बारे में, जो सबसे सराहनीय है और जिसकी मैं तारीफ करती हूं वह यह है कि सितारों के बीच निर्देशक की तस्वीर भी है। फिल्म निर्माता सिनेमा के असली सितारे हैं, उनके साथ अलग तरह व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए। पूरी टीम को बधाई। बताया जा रहा है कि इस फ़िल्म का निर्माण जियो स्टूडियो की ज्योति देशपांडे और लोकेश धर और आदित्य धर ने अपने बैनर बी62 स्टूडियो के तहत किया है।

# रणवीर की नई फिल्म को लेकर उत्साहित हैं दीपिका पादुकोण



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण अपने पति रणवीर सिंह की नयी फिल्म को लेकर उत्साहित हैं। रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म में अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल की भी अहम भूमिक हैं। दीपिका ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल स्टारर निर्देशक आदित्य धर की अगली एक्शन थ्रिलर फिल्म का पोस्टर साझा किया। उन्होंने पोस्टर के साथ एक ब्लैक हार्ट इमोजी लगाया है। इससे पूर्व रणवीर सिंह ने अपनी आगामी एक्शन थ्रिलर फिल्म की आधिकारिक घोषणा अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक तस्वीर साझा कर दी ।रणवीर सिंह ने पोस्ट साझा करते हुए लिखा, यह मेरे प्रशंसकों के लिए है, जो मेरे साथ बहुत धैर्य रखते हैं और इस तरह के मोड़ के लिए शोर मचा रहे हैं। मैं आप सभी से प्यार करता हूं और मैं आपसे वादा करता हूं कि इस बार, एक ऐसा सिनेमाई अनुभव मिलेगा जो पहले कभी नहीं हुआ। आपके आशीर्वाद के साथ, हम इस शानदार, बड़े मोशन पिक्चर एडवेंचर को उत्साही ऊर्जा और शुद्ध इरादे के साथ शुरू करते हैं। इस बार, यह व्यक्तिगत है।

# फिल्म घुसपैठिया का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। विनीत कुमार सिंह, उर्वशी रौतेला और अक्षय ओबेरॉय की आने वाली फिल्म घुसपैठिया का ट्रेलर रिलीज हो गया है। कहानी डिजिटल दुनिया के खतरों पर प्रकाश डालती है, तथा इसमें स्टॉकिंग और ऑब्सेशन जैसे खतरों पर प्रकाश डाला गया है। फिल्म में उर्वशी रौतेला एक उत्साही गृहिणी की भूमिका में हैं जो सोशल मीडिया के प्रति दीवानी है, कहानी उसके आकर्षण और उसके प्रभावों पर केंद्रित है, जो अप्रत्याशित मोड़ के साथ एक गहरी कहानी का खुलासा करती है।

**खगोल विज्ञान** | चंद्रमा पर वैज्ञानिक अनुसंधानों को बल देती है यह खोज

# चंद्रमा के खनिज में आणविक जल की खोज

**संवाददाता, नैनीताल**



**अमृत विचार:** चंद्रमा पर पानी की तलाश में एक और सफलता वैज्ञानिकों को मिली है। इस बार यह जल खनिज आणविक के रूप में मिला है। यह खोज अभूतपूर्व मानी जा रही है, जो भविष्य में चंद्रमा पर वैज्ञानिक अनुसंधानों को बल देती है। यह खोज चीनी वैज्ञानिकों ने की है। चांद पर चीनी मिशन चांग ई 5 द्वारा एकत्र किए गए चंद्र मिट्टी के नमूनों से यह खोज संभव हो सकी।

इस खोज को लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि चंद्रमा पर उच्च तापमान और निर्वात वातावरण के कारण तरल पानी का अस्तित्व संभव नहीं है। इसलिए यह पहले से अस्पष्ट था कि चंद्रमा पर पानी के अणु कैसे मौजूद हो सकते हैं। जिसके चलते शोध की दिशा चांद की मिट्टी पर केंद्रित की गई। चीनी विज्ञान अकादमी भौतिकी संस्थान के वैज्ञानिकों ने 2020 में चांग 5 चंद्र जांच द्वारा एकत्र किए गए चंद्र मिट्टी के नमूनों का उपयोग किया । जिसमें चंद्रमा के उच्च अक्षांश क्षेत्र से बेसाल्ट चंद्र मिट्टी के नमूनों का अध्ययन किया गया। इस अध्ययन में बीजिंग नेशनल लेबोरेटरी फॉर कंडेंस्ड मैटर फिजिक्स, बीजिंग यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, तियानजिन यूनिवर्सिटी, सीएएस के किंघई साल्ट लेक इंस्टीट्यूट और झेंग्झौ यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ

शामिल हुए। शोध के निष्कर्ष पिछले सप्ताह अकादमिक पत्रिका नेचर एस्ट्रोनॉमी में ऑनलाइन प्रकाशित किए गए । शोध में बताया गया है कि आणविक सूत्र के अनुसार खनिज में छह क्रिस्टलीय पानी के अणु होते हैं, जिसमें पानी के अणु नमूने के द्रव्यमान का 41 प्रतिशत तक होते हैं। पांच साल पहले रूस के एक ज्वालामुखी में इसी तरह का एक खनिज खोजा गया था, जिससे चंद्रमा पर पानी के स्रोत के बारे में नए सुराग दिए थे। यहीं से चंद्रमा पर आणविक जल की तलाश शुरू की गई और सफलता मिल गई।

### वैज्ञानिकों का मानना है कि चांद के लिए अगले पांच साल अहम होंगे

नैनीताल : वैज्ञानिकों का मानना है कि अगले 5 वर्ष चंद्रमा मानव अनुसंधान को लेकर महत्वपूर्ण होने जा रहे हैं। इन 5 वर्षों में चंद्रमा न केवल वैज्ञानिकों का पड़ाव बनेगा, बल्कि मंगल के आगामी कार्यक्रम चांद की धरती के जरिए पूरे होंगे। कुछ दिन पूर्व चांद की धरती पर इंसान के ठिकाने के रूप में एक प्राचीन सुरंग की खोज हुई थी। इसके साथ ही जीवन के लिए आवश्यक तत्व पानी की तालाश में मिले सुराग चांद की महत्ता के साथ ही वैज्ञानिकों के हौसलें भी बढ़ाते हैं।